गौरवशाली परम्परा का 107वां वर्ष

आज

आज मात्र 4.00 रुपया

website :- www.ajhindidaily.com | यहां भी पढ़ें :-निःशुल्क ई पेपर सब्सक्राइब | For e-Paper :- www.ajhindidaily.com

बरेली, मंगलवार 27 अक्टूबर ,2026 | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड तथा उत्तराखण्ड से प्रकाशित | महानगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य 4 रुपया

सपा-कांग्रेस ने विकास में रोड़े अटकाये-मुख्यमंत्री

कहा-छोटे मियां-बड़े मियां को घुसपैठियों से प्यार

कानपुर (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर में एक समारोह के दौरान अपने भाषण में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने अखिलेश यादव और राहुल गांधी का नाम तो नहीं लिया पर इशारों-इशारों दोनों को छोटे मियां और बड़े मियां कहते हुए सियासी हमला बोला। सीएम योगी ने कहा कि इस समय देश में दो मियां है-छोटे मियां और बड़े मियां। दोनों को घुसपैठियों से प्यार है। कानपुर बिठुर में वाल्मीकि जयंती के अवसर पर वाल्मीकि आश्रम में पूजा-अर्चना के बाद नाना राव पेशवा पार्क में 411 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसी समारोह में उन्होंने अपने संबोधन में राहुल और अखिलेश पर निशाना साधा। सीएम योगी ने कहा, भगवान राम पुष्पक विमान से लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद अयोध्या आए। हजारों वर्षों पहले भगवान राम आए थे। हजारों वर्षों तक अयोध्या में आवागमन के लिए केवल सड़क मार्ग था वह भी टूटा-फूटा था। बिजली गायब थी। सब कुछ गायब। गंदगी रहती थी। जो कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के संस्कार हैं गंदगी में रहने की आदत, गंदे कार्यों को करने आदत अंधेरे में डकैती डालने की जो आदत थी वही उन्होंने अयोध्या में भी किया। अयोध्या को बिजली नहीं दी।

अयोध्याको फिरसे त्रेता युगकी ओरले जायेंगे-योगी

अयोध्या (आससे.)। अयोध्या में राम लला के भव्य मंदिर के निर्माण के साथ-साथ अयोध्या को फिर से त्रेता युग की ओर ले कर के जाएंगे। मथुरा, वृंदावन फिर से नए भव्य और दिव्य रूप में, प्रयागराज भव्य और दिव्यमहाकुंभ के रूप में मां विंध्यवासिनी का कॉरिडोर हो, शुकतीर्थ हो, नैमिषारण्य का विकास हो, बिठूर का विकास हो, ये सभी तो आगे बढ़ेंगे ही। हमारी सरकार ने तय किया है बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, सद्गुरु रविदास जी महाराज, भगवान महर्षि वाल्मीकि से जितने भी स्थल प्रदेश में हैं उनकी बाउंड्री वाल करना अगर ऊपर से छाजन नहीं है तो उसमें कैनोपी की व्यवस्था करके छत की व्यवस्था करना, सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था के साथ-साथ सुंदरीकरण करने के लिए ऐसे 4,000 स्थानों पर यह कार्य वर्तमान में प्रारंभ होने वाला है।

ज्ञानेश कुमार को बचाने में जुटी मोदी सरकार-खड़गे

नयी दिल्ली (आससे.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि कथित वोट चोरी के मामलों के बावजूद मोदी सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बचाने के लिए हर हथकंडा अपना रही है। खड़गे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में इस्तेमाल किए गए सॉफ्टवेयर की जानकारी सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगे जाने पर चुनाव आयोग ने 'ट्रेड सीक्रेट्स' का हवाला देकर जानकारी देने से इनकार कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में फॉर्म-6 के तहत आए 16.18 लाख आवेदनों का विवरण भी सार्वजनिक नहीं किया गया। खड़गे के मुताबिक, पीलीभीत में 10,470 मतदाताओं के रिकॉर्ड में अनियमितताएं पाई गई हैं। इसके बाद पूरे उत्तर प्रदेश में फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 की जांच के आदेश देने पड़े। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इंडिया

गठबंधन की तीन प्रमुख मांगें हैं। पहली, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दें और उन्हें संरक्षण देने वाला कानून निरस्त किया जाए। दूसरी, एसआईआर तत्काल रोका जाए तथा कथित तौर पर गैरकानूनी ढंग से हटाए गए मतदाताओं के नाम बहाल किए जाएं। तीसरी, देश में सभी चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाएं। खड़गे ने लोगों से एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली 'वोट बचाओ-देश बचाओ' रैली में शामिल होने की अपील भी की।

यूपी विधान परिषद चुनाव की मतगणना आज

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की स्नातक की पांच और शिक्षक की छह निर्वाचन सीटों के द्विवार्षिक चुनाव-2026 की मतगणना मंगलवार, 27 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से शुरू होगी। मतगणना संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर की उपस्थिति में निर्धारित केंद्रों पर कराई जाएगी। लखनऊ- स्नातक सीट की मतगणना हॉल नंबर 7 और शिक्षक सीट की हॉल नंबर 8 में रमाबाई रैली स्थल, लखनऊ में होगी। वाराणसी- स्नातक सीट की मतगणना हॉल नंबर 1 और शिक्षक सीट की हॉल नंबर 2 में स्टेट वेयरहाउस कॉरपोरेशन, वाराणसी में होगी। आगरा- स्नातक सीट की मतगणना हॉल नंबर 1 और शिक्षक सीट की हॉल नंबर 2 में नवीन कृषि उत्पादन मंडी समिति, टूंडला रोड, आगरा में होगी। मेरठ स्नातक सीट की मतगणना हॉल और शिक्षक सीट की हॉल क्र में गांधी हॉल बिल्डिंग, सरदार वल्लभभाई पटेल यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, मोदीपुरम, मेरठ में होगी। इलाहाबाद-झांसी स्नातक सीट- मतगणना हॉल नंबर 1, कोठारी हॉल, बुंदेलखंड डिग्री कॉलेज, झांसी में होगी। बरेली-मुरादाबाद शिक्षक सीट- मतगणना हॉल नंबर 1, संजय कम्युनिटी हॉल, बरेली में होगी।

ब्रिक्स संसदें जन-केंद्रित विकास-वैश्विक शांति में निभायें अहम भूमिका- ओम बिरला

नयी दिल्ली (आससे.)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कहा कि ब्रिक्स की सफलता केवल चर्चाओं से नहीं, बल्कि उनसे निकलने वाले ठोस परिणामों से तय होगी। उन्होंने सदस्य देशों की संसदों से जन-केंद्रित विकास, वैश्विक शांति और सतत विकास के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। बिरला संसद भवन स्थित

संविधान सदन में 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच, 2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। बिरला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित ब्रिक्स राष्ट्राध्यक्षों के सम्मेलन में संयुक्त वक्तव्य को सर्वसम्मति से मंजूरी दिए जाने को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि अब साझा प्रतिबद्धताओं को ठोस नतीजों में बदलने की जरूरत है। कानून निर्माण, बजट और निगरानी के माध्यम से संसदें इसमें अहम भूमिका निभा सकती हैं।उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय संघर्षों, आर्थिक अस्थिरता, आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों के बीच संवाद, कूटनीति और सहयोग का महत्व बढ़ गया है। संसदें आपसी विश्वास मजबूत करने और समस्याओं के शांतिपूर्ण समाधान में प्रभावी योगदान दे सकती हैं। साथ ही, वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं को ठोस नीतियों और व्यावहारिक सहयोग में बदलना आवश्यक है। इसवर्ष संसदीय मंच का विषय 'जन-केंद्रित विकास के लिए संसदों को सशक्त बनाना' है। दो दिवसीय बैठक में लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास पर चर्चा होगी। बिरला ने कहा कि विकास और पर्यावरण एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने संसदों से युवाओं की आकांक्षाओं को समझने, उन्हें बेहतर अवसर देने और उनकी प्रतिभा को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का भी आह्वान किया।

यूपी : पूर्व आईएएस राम बहादुर पासी समेत कई नेता हुए सपाई

लखनऊ (आससे.)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय

अखिलेश यादव बोले- जॉइनिंग से पूरब-पश्चिम हिल गया

में प्रेसवार्ता के दौरान विभिन्न दलों से आए नेताओं का स्वागत किया। पूर्व आईएएस राम बहादुर पासी, कुशाग्र शाक्य, विनोद शाक्य और बसपा से जुड़े राम बहादुर पाल समेत कई नेताओं ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। अखिलेश यादव ने कहा कि नई जॉइनिंग से पूरब से पश्चिम तक राजनीतिक हलचल हुई है। उन्होंने नए साथियों को पीडीए का पिलर बताते हुए कहा कि आने वाले समय में जीत बड़ी होने जा रही है। दारा सिंह प्रजापति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, जिनके साथ दारा होंगे, अखाड़ा वही जीतेंगे। अखिलेश यादव ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर अवकाश देने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर आउटसोर्सिंग व्यवस्था खत्म की जाएगी और सफाई कर्मचारियों के हित में विशेष घोषणा की जाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि गरीब परिवारों को उनके घरों का मालिकाना हक दिलाने की दिशा में काम किया जाएगा। जिन गरीबों के पास घर नहीं हैं, उनके लिए अलग से आवास बनाकर देने की व्यवस्था की जाएगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को लेकर भाजपा और चुनाव आयोग पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा वोटर लिस्ट में धांधली और वोट डकैती कर रही है। अखिलेश ने कहा कि एक ही नाम की कई जिलों में एंट्री सामने आ रही हैं और मतदाता सूची को लेकर आयोग की जिम्मेदारी है कि कोई पात्र मतदाता छूटे नहीं और किसी गलत नाम की एंट्री न हो।अखिलेश यादव ने मतदाता सूची को आधार से जोड़ने और बूथ स्तर पर बायोमेट्रिक व्यवस्था लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि मतदाता पहचान पत्र ऐसा होना चाहिए, जिसकी नकल बनाना आसान न हो। उन्होंने भाजपा और चुनाव आयोग के बीच मिलीभगत का आरोप भी लगाया। अखिलेश ने कुछ नामों के उदाहरण देते हुए मतदाता सूची में बड़ी संख्या में एंट्री होने का दावा किया।

राजनीतिक प्रभाव से मुक्त हो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया-पूर्व जस्टिस ओका

महाराष्ट्र । चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज अभय ओका ने बड़ा बयान

दिया है। पूर्व जज ने कहा कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया राजनीतिक प्रभाव से मुक्त होनी चाहिए। उन्होंने स्वतंत्र संस्थाओं की गरिमा की रक्षा के लिए मजबूत कानूनी तंत्र और एक ढांचे की आवश्यकता पर भी जोर दिया। रविवार को ठाणे में फ्रीडम ऑफ स्पीच एंड अस (अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और हम) विषय पर आयोजित एक व्याख्यान में बोलते हुए, जस्टिस ओका (सेवानिवृत्त) ने उच्च-स्तरीय संवैधानिक नियुक्तियों में जवाबदेही को लेकर महत्वपूर्ण सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एक ऐसी व्यवस्था और कानूनी प्रावधान बनाना जरूरी है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में राजनीतिक वर्चस्व न चले। उन्होंने सवाल किया कि अगर ज्ञानेश कुमार जैसे किसी चुनाव आयुक्त को उनके पद से हटा दिया जाए, तो आगे क्या होगा? उन्होंने बताया कि पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी ने लगभग 14 साल पहले एक कॉलेजियम प्रणाली का प्रस्ताव दिया था। इसमें प्रधानमंत्री, कानून मंत्री, लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष के नेता, और भारत के मुख्य न्यायाधीश शामिल होते, ताकि एक पूरी तरह से स्वतंत्र चयन प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने दोहराया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की नींव हैं। यह रेखांकित करते हुए कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हर नागरिक का मौलिक अधिकार है, जिसके जरिए वे अपने विचार और दृष्टिकोण व्यक्त कर सकते हैं, उन्होंने कहा कि किसी तर्क का जवाब तर्क से ही दिया जाना चाहिए, न कि शारीरिक बल से।

समुद्र में भारत की नयी ताकत 'मातंगी'

नयी दिल्ली (आससे.)। भारत रक्षा क्षेत्र में नेक्स्ट जेनरेशन तकनीक और स्वदेशी क्षमताओं को लगातार मजबूत

बिना इंसान के १५०० किलोमीटर का सफर तय करने वाला स्वदेशी ऑटोनॉमस ड्रोन बोट

कर रहा है। इसी दिशा में स्वदेशी तकनीक से विकसित 'मातंगी' ऑटोनॉमस सरफेस वेसल भारत की समुद्री क्षमता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सागर डिफेंस इंजीनियरिंग द्वारा विकसित मातंगी एक ऐसा मानवरहित सतही पोत है, जो बिना किसी इंसान के सवार हुए समुद्र में लंबी दूरी तय करने में सक्षम है।वर्ष 2024 में इसने मुंबई से तमिलनाडु के तूतीकोरिन तक लगभग 1,500 किलोमीटर की यात्रा बिना मानवीय हस्तक्षेप के पूरी की थी। मातंगी में स्वायत्त नेविगेशन और टक्कर से बचने जैसी तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। ऐसी प्रणालियां समुद्र में पोत की दिशा निर्धारित करने, आसपास की परिस्थितियों को समझने और सुरक्षित संचालन में मदद कर सकती हैं। भारत की स्वदेशी रक्षा तकनीक में मानवरहित प्रणालियों के विकास की दिशा में एक अहम पहल है 'वरुणा' ड्रोन। पुणे की कंपनी सागर डिफेंस इंजीनियरिंग द्वारा विकसित यह एक पायलटलेस एरियल व्हीकल है, जिसे एक व्यक्ति को लेकर उड़ान भरने के लिए तैयार किया गया है। जुलाई 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय नौसेना के स्वावलंबन कार्यक्रम के दौरान वरुणा ड्रोन का प्रदर्शन देखा था। इस तकनीक ने भविष्य में मानव परिवहन के लिए मानवरहित हवाई प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल की संभावनाओं को सामने रखा। 150 किलो तक पेलोड ले जाने की क्षमता/ वरुणा को एक व्यक्ति को हवा में ले जाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है।

अतीक अहमद की करोड़ों की १४ संपत्तियां कुर्क

प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद की बेनामी संपत्तियों के खिलाफ प्रयागराज पुलिस ने रविवार को कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये के 14 भूखंड कुर्क कर लिए। ये भूखंड असदुल्लापुर भीटी में स्थित हैं। इनका कुल क्षेत्रफल करीब 11 बीघा बताया गया है। पुलिस के मुताबिक, इन संपत्तियों को अपराध से अर्जित धन से खरीदा गया था और इनकी रजिस्ट्री मदन लाल भारतीय के नाम पर कराई गई थी।पुलिस आयुक्त न्यायालय ने 27 जुलाई 2026 को इन संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश दिया था। यह आदेश गैंगस्टर एक्ट के तहत पारित किया गया था। आदेश के अनुपालन में रविवार को कैंट थाना प्रभारी अमरनाथ राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान संपत्तियों पर कुर्की से संबंधित बोर्ड भी लगाए गए। कार्रवाई में उपनिरीक्षक रविंद्र, हेड कांस्टेबल तुफैल खान, शामिल रहे।

मोदी के पिता पर खरगे की टिप्पणी को लेकर बीजेपी का देशव्यापी प्रदर्शन

ललन सिंह ने खरगे को मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया

नयी दिल्ली । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के पीएम मोदी को लेकर दिए बयान पर विवाद खड़ा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी खरगे की आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ आज देशभर में विरोध प्रदर्शन कर रही है। दरअसल, पटना में बिहार के पहले मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह की जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में खरगे ने कहा कि मोदी का बाप भी जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान एक शख्स द्वारा यह कहे जाने पर पीएम मोदी कहीं जाएंगे, जवाब में गुस्से में आकर यह टिप्पणी की थी। अब बीजेपी ने इसे मुद्दा बना लिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ पटना बीजेपी का विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम शुरू। बीजेपी के कार्यकर्ता और नेता पार्टी दफ्तर से निकले। इनकम टैक्स चौराहे तक विरोध प्रदर्शन कियो। बीजेपी नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे से बिना शर्त माफी मांगने की मांग की है। बीजेपी का कहना है कि राजनीतिक मतभेदों को व्यक्तिगत अपमान का रूप नहीं देना चाहिए। आज देशभर में बीजेपी कार्यकर्ता कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ सड़कों पर उतरे हैं। बीजेपी आज हर जिला मुख्यालय पर प्रोटेस्ट कर रही है। पटना में बीजेपी प्रदेश कार्यालय से आयकर गोलंबर तक विरोध मार्च निकाल रही है और पुतला दहन करेगी। बीजेपी ने कहा कि खरगे ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो पहले गुंडों और बदमाशों से जुड़ी मानी जाती थी। पार्टी ने इसे कांग्रेस की 'वैचारिक दिवालियापन' का संकेत बताते हुए कहा कि कांग्रेस अब राजनीतिक दल के बजाय %माफिया गैंग% जैसी दिखने लगी है। बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन ने इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश की जनता इस तरह की अशोभनीय राजनीति को करीब से देख रही है और समय आने पर इसका उचित जवाब देगी। इस बीच खरगे के लिए एक और मुसीबत खड़ी हो गई है। उनके खिलाफ पटना के एक थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है।

सभी मानदंडों को तोड़ दिया : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मल्लिकार्जुन खरगे के बयान की निंदा की। उन्होंने कहा कि अशोभनीय टिप्पणी करके खरगे ने शालीनता के सभी मानदंडों को तोड़ दिया है। अमित शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पहली बार मोदी या उनके परिवार के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल नहीं किया है। उन्होंने कहा कि कभी प्रधानमंत्री की मां का अपमान किया गया, कभी उन्हें मौत का सौदागर कहा गया और कभी उनकी गरीबी का मजाक उड़ाते हुए चायवाला कहा गया।

समय आने पर जनता उचित जवाब देगी : नितिन नवीन

बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि देश की जनता इस तरह की अशोभनीय राजनीति को करीब से देख रही है और समय आने पर इसका उचित जवाब देगी। नितिन नवीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि पटना में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जिस तरह की अशोभनीय और असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया, वह कांग्रेस पार्टी के वैचारिक दिवालियापन को दर्शाता है।

देशवासियों की भावनाओं को आहत किया : राजनाथ

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, ये बहुत दुखद है। कल पटना में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी के दिवंगत पिता के बारे में जो टिप्पणी की, उससे मुझे गहरा आघात लगा है और बहुत दुख हुआ है। इस पूरी घटना में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि ये टिप्पणियां किसी साधारण कांग्रेस कार्यकर्ता या युवा नेता ने नहीं, बल्कि उस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की हैं, जो खुद को देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी होने का दावा करती है। अपने इस आचरण से कांग्रेस अध्यक्ष ने करोड़ों देशवासियों की भावनाओं को आहत किया है। लेकिन कांग्रेस यहीं नहीं रुकी अब वे खरगे जी के शब्दों को सही ठहराने की कोशिश करके लोगों की भावनाओं को और अधिक आहत कर रहे हैं। अपनी गलती मानने और खेद प्रकट करने के बजाय, कांग्रेस इस बयान का बचाव करने और इसे सही साबित करने में लगी हुई है।%

राहुल बोले- सीईसी को हटाएं पीएम मोदी रुक जायेगा आंदोलन

नयी दिल्ली । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि दिल्ली के हर व्यापारी से हम आपसे प्यार करते हैं, आपकी बात सुन रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेट्रो सरकार ने बंद की, सड़कें सरकार ने सील की, राजधानी पर ताला सरकार ने लगाया। राहुल गांधी ने कहा कि जब वोट ही चोरी हो जाए, तो कुछ भी सुरक्षित नहीं - न आपकी दुकान, न आपकी बचत, न आपके बच्चों का भविष्य। उन्होंने आगे लिखा कि मोदी जी से कहिए - आरोपी नंबर 4, ज्ञानेश कुमार को हटाएं, 30 सेकंड में आंदोलन रुक जाएगा। दिल्ली के व्यापारियों ने रामलीला मैदान में एक नवंबर को प्रस्तावित कांग्रेस की रैली को स्थगित करने की मांग दोहराई है। उन्होंने निर्णय पर विचार करने के संबंध में दिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान का स्वागत किया। साथ ही, व्यापारियों ने कहा कि हमारा निवेदन है कि व्यापार के हित में रैली को दिवाली के बाद आयोजित किया जाए। व्यापारियों को दिवाली के त्योहार से पहले कांग्रेस की रैली के कारण भारी नुकसान की आशंका है। मल्लिकार्जुन खरगे ने इस पर बयान दिया कि वे कांग्रेस पार्टी और अन्य विपक्षी गठबंधन के सहयोगियों के साथ चर्चा करके ही कोई अंतिम निर्णय लेंगे। हालांकि, राहुल गांधी के हालिया बयान से संकेत मिल रहा है कि विपक्षी दलों के इंडिया ब्लॉक की रैली रद्द नहीं होगी। इस संबंध में व्यापारियों और उद्यमियों के शीर्ष संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने कहा, मल्लिकार्जुन खरगे के इस बयान से दिल्ली के व्यापारियों में आशा की किरण जगी है। हम उनके इस संवेदनशील रवैये का दिल से स्वागत करते हैं।

'शिकायत है तो अदालत जाएं, अपना पक्ष रख सकते हैं'

नयी दिल्ली (आससे.)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर शिकायत करने वाले विपक्षी दल न्याय पाने के लिए अदालतों का रुख कर सकते हैं और वहां अपना पक्ष रख सकते हैं। एसआईआर प्रक्रिया के विरोध में विपक्षी दलों के लगातार प्रदर्शन और मुख्य निर्वाचन अधिकारी से कार्रवाई की मांग के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में सीतारमण ने कहा कि देशभर से मिली शिकायतों को अदालतों ने संज्ञान में लिया है। इनमें सुप्रीम कोर्ट भी शामिल है। उन्होंने कहा, लोग अदालती कार्यवाही में हिस्सा ले सकते हैं, अपना पक्ष रख सकते हैं और अदालतों के माध्यम से न्याय पा सकते हैं। कई लोग पहले से ही ऐसा कर रहे हैं। सीतारमण ने आगे कहा कि विपक्षी दल राजनीतिक विरोध-प्रदर्शनों के जरिए भी इस मुद्दे को उठाने के लिए स्वतंत्र हैं। बता दें कि महाराष्ट्र में स्क्क्रको लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई करने पर सहमति जताई और केंद्र सरकार, निर्वाचन आयोग समेत अन्य पक्षों को नोटिस जारी किया। अब इस मामले की अगली सुनवाई 5 नवंबर को होगी। याचिका के अनुसार, महाराष्ट्र में स्क्क्रकी प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए हैं। राज्य में कुल करीब 9.79 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें से लगभग 2.07 करोड़ मतदाताओं के नाम मसौदा सूची से हटा दिए गए हैं। महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के मुताबिक, कुल 9,78,54,049 पंजीकृत मतदाताओं में से 2,06,88,487 मतदाताओं के नाम हटाए गए। यह कुल मतदाताओं का करीब 21.14 प्रतिशत है। बताया गया कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान ये मतदाता अपने पते पर नहीं मिले। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि मुंबई और पुणे में पुनर्विकास कार्यों के चलते कई लोग अस्थायी रूप से दूसरी जगह रहने चले गए थे। ऐसे मतदाताओं के नाम भी सूची से हटा दिए गए, क्योंकि सत्यापन के दौरान वे अपने पुराने पते पर नहीं मिले।

चक्रवात अर्नब आंध्र की तरफ बढ़ा, चार राज्यों में अलर्ट

नयी दिल्ली (आससे.)। सैटेलाइट तस्वीर में चक्रवात अर्नब के चारों ओर घने बादल और बीच में तूफान का केंद्र दिखाई दे रहा है। चक्रवात अर्नब बंगाल की खाड़ी से आंध्र प्रदेश के तट की ओर बढ़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, यह 27 अक्टूबर तक तूफान का रूप ले सकता है। इसके 28 अक्टूबर की सुबह आंध्र प्रदेश के तट से टकराने की आशंका है। इस दौरान 140 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।आंध्र प्रदेश में करीब 6 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की तैयारी है। तटीय जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

छह लाख लोगो को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की तैयारी, ओडिशा में स्कूल बंद

मछुआरों को 29 अक्टूबर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और पुडुचेरी में अलर्ट है।ओडिशा में 60 रेस्क्यू टीमें तैनात होंगी। छह जिलों में 28 और 29 अक्टूबर को स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे। इस तूफान के असर से स्क्क-क्क समेत 10 राज्यों में बारिश की भी संभावना है।वहीं, तमिलनाडु में पिछले 3 दिनों से लगातार बारिश हो रही है। अरनी के भास्कर नगर में पानी भर गया है। लोग अपने घरों में फंस गए हैं। कोडाइकनाल में पर्यटकों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है।

प्राचीन भगवान महर्षि वाल्मीकि मंदिर से निकाली शोभायात्रा

शोभा यात्रा का शुभारम्भ करते कैंट विधायक संजीव अग्रवाल

बरेली(आज समाचार सेवा)। महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस पर सोमवार को शहर में महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस मनाया गया। सिटी सब्जी मंडी स्थित प्राचीन भगवान महर्षि वाल्मीकि मंदिर से भगवान महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव शेभायात्रा हर्षोल्लास से निकाली गई। मुख्य अतिथि कैंट विधानसभा विधायक एवं सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने महर्षि वाल्मीकि और लव-कुश का पूजन

करके हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया।मुख्य अतिथि कैंट विधानसभा विधायक एवं सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा कि आदिकवि महर्षि वाल्मीकि ने अपनी अमर कृति रामायण के माध्यक्ष से संपूर्ण मानवता को सत्य, धर्म, मार्यादा एवं आदर्श जीवन का मार्ग दिखाया। उनकी रचना सदैव समाज को सद्भाव, समानता, नैतिक मूल्यों की प्रेरण देते रहेंगे। इसके बाद महर्षि भगवान वाल्मीकि शोभायात्रा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अंशु आर्य के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। भगवान वाल्मीकि के जयकारों और भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा बिहारीपुर और बरेली कॉलेज चैराहा क्षेत्र से होकर आगे बढ़ी। नॉवेल्टी चैराहे पर श्रद्धालुओं का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह स्वागत के लिए खड़े लोगों ने पुष्पवर्षा की। भजनों की धुन पर झूमते युवाओं के साथ महिलाएं और बच्चे भी उत्साह में डूबे नजर आए। इस दौरान एससी-एसटी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्य सुषमा गौडियाल, आकाश पुष्कर एडवोकेट, क्षेत्रीय मंत्री ब्रज प्रांत दीपक सोनकर, शोभायात्रा अध्यक्ष अंशु आर्य, स्वागत अध्यक्ष अभिजीत कठेरिया, राहुल राजे, विशाल बिंदु, प्रभात सिंह, हरिवंश सिंह, शिशुपाल कठेरिया, विश्वास महाजन, हरीश बाबू वाल्मीकि, अजय रत्नाकर पार्षद, संतोष कश्यप पार्षद, मनोज भारती, अमरीश कठेरिया, सुरेंद्र चैधरी तमाम लोग उपस्थित रहे। *इधर* वेद प्रकाश वाल्मीकि के निवास पर प्रभात तेरी का स्वागत किया गया जिसमें शामिल राजेश कुमार महानगर अध्यक्ष गुरु प्रसाद कल पार्षद राजेश अग्रवाल अरविंद वाल्मीकि कमल वाल्मीकि इंजीनियर अतिकाय जी राजकुमार पप्पू राणा आदि लोग शामिल थे।

बिजली टीम के साथ मारपीट, जेई को बन्धक बना बाइक छीनी

नवाबगंज (आज ब्यूरो)।क्षेत्र के ग्राम बरौर में बिजली चोरी रोकने और बकाया वसूली के लिए गई विद्युत विभाग की टीम पर कुछ लोगों ने हमला कर बंधक बना लिया और बाइक भी छीन ली । सूचना पर पहुंची पुलिस ने टीम को बंधनमुक्त कराया। जेई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियो के विरुद्ध गम्भीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार आज प्रात: 10:30 पर विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता बाबू लाल अपनी टीम के साथ बरौर गांव में चेकिंग के लिए गए थे। टीम में लाइनमैन पुष्पेंद्र कुमार, पुरुषोत्तम कुमार और संविदा कर्मी गुड्डू कुमार शामिल थे। टीम जब गांव के प्रेमसागर के परिसर पर पहुंचे, तो वहां ?11,033 का बिजली बिल बकाया पाया गया। आरोप है कि जब जेई ने बकाया राशि जमा करने को कहा, तो उपभोक्ता और उनके परिवार के लोग भड़क गए और गाली गलौज करने लगे । आरोप है इसी बीच प्रेमसागर के पुत्रों अर्पित, पंकज व सचिन तथा उनके एक साथी शाहिन ने टीम के साथ अभद्रता की और मारपीट पर उतर आए तथा अपनी दुकान में बंद कर बंधक बना लिया। आरोप है इन लोगों ने अवर अभियन्ता पर हमला कर सरकारी दस्तावेज फाड़ डाले और जान से मारने की धमकी दी और कर्मचारियों की बाइक की चाबी निकाल कर बाइक भी रोक ली । किसी ग्रामीण द्वारा दी गई सूचना पर पहुंची यूपी 112 पुलिस ने इन लोगों को बन्धन मुक्त कराया ।अवर अभियंता बाबू लाल द्वारा घटना की वीडियो सीडी और क्षतिग्रस्त सरकारी दस्तावेजों के साथ दी गई तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध गम्भीर धाराओं मे मामला दर्ज किया है ।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से ट्रक हेल्पर की मौत

बरेली। बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से ट्रक हेल्पर की मौत हो गई। हादसा रजऊ के पास हुआ, जहां ट्रक में लोडिंग के लिए छत पर चढ़े हेल्पर को करंट लग गया। करंट लगने के बाद वह नीचे गिर पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।बदायूं जिले के दातागंज थाना क्षेत्र के गांव सदुल्लागंज निवासी 35 वर्षीय हरपाल पुत्र राजेंद्र सिंह पिछले डेढ़ साल से ट्रक चालक अवधेश के साथ हेल्पर का काम करता था। मृतक के भाई श्रीचंद्र ने बताया कि सोमवार सुबह हरपाल बिथरी चैनपुर क्षेत्र के रजऊ के पास ट्रक में लोडिंग कराने के लिए उसकी छत पर चढ़ा था। इसी दौरान ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह नीचे गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई।बिजली के तार की चपेट मे आकर महिला की मौत**बहेडी** । दीपावली की तैयारी के लिए घर की साफ - सफाई कर रही एक **महिला की करन्ट लगाने से मृत्यु** हो गई। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुँचे, जहाँ डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया।थाना बहेडी क्षेत्र के ग्राम सकरस निवासी स्वति पत्नी प्रजेन्द सोमवार दोपहर को घर की सफाई कर रही थी। इसी दौरान घर मे लगे बिजली के तार भे करंट उतर आया। और स्वाति उसकी चपेट मे आ गई। परिजन आनन फानन मे स्वति को बहेडी के स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुँचे, वहाँ डाक्टरो ने जाँच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया ।

पानी की टंकी के पास सो रहे बुजुर्ग का खून से लथपथ मिला शव

बरेली(आज समाचार सेवा) । भमोरा थाना क्षेत्र में पानी की टंकी की रखवाली कर रहे 65 वर्षीय बलराम दीक्षित की धारदार हथियार से हरिओम ठाकुर सहित 3 अन्य लोगों ने हत्या कर दी। रविवार रात हुई इस वारदात का पता सोमवार सुबह उस समय चला, जब परिजन टंकी पर पहुंचे। शव खून से लथपथ पड़ा देख परिवार में कोहराम मच गया , सूचना पर पहुंची थाना भमोरा पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है थाना । भमोरा क्षेत्र के ग्राम दपता श्याम निवासी आशुतोष दीक्षित ने बताया कि वह पानी की टंकी पर नौकरी करता है कभी कभी उसके चाचा 65 वर्षीय बलराम दीक्षित पानी की टंकी पर आशुतोष दीक्षित के साथ सो जाते है आशुतोष दीक्षित को बुखार आ गया पानी की टंकी पर सोने के लिए नहीं गया , बलराम दीक्षित पानी की टंकी पर अकेले सो रहे थे रात में हरिओम ठाकुर नशे की हालत में आया उसने उनके डंडा मारा और अन्य अज्ञात लोगों ने धार धार हथियार से बलराम पर हमला कर दिया बलराम की मौत हो गई हमला करने वाले फरार हो गए ।सुबह गांव के लोगों ने देखा की आदमी पड़ा हुआ है आशुतोष के घर सूचना दी परिवार वाले पानी की टंकी पहुंचे देखा बलराम दीक्षित की लाश खून में लथपथ पड़ी हुई है ।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सपा कार्यालय में विचार गोष्ठी आयोजित

बरेली(आज समाचार सेवा) ।महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके जीवन, व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया।गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारतीय साहित्य और संस्कृति के महान ऋषि तथा रामायण के रचयिता हैं। उनका जीवन और उनकी रचनाएँ समाज को सत्य, न्याय, करुणा और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देती हैं। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में आपसी सद्भाव,

समानता और भाईचारे को मजबूत करना चाहिए।महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाएँ आज भी प्रासंगिक हैं। जिला सचिव अरविन्द वाल्मीकि ने वाल्मीकि मुक्ति माला का पाठ किया तथा महर्षि वाल्मीकि के जीवन और उनके योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की विरासत समाज को ज्ञान, सदाचार और मानवीय संवेदनाओं के प्रति जागरूक करती है।विचार गोष्ठी में उपस्थित सभी वक्ताओं ने भगवान महर्षि वाल्मीकि के चरित्र, उनके साहित्यिक योगदान और उनके आदर्शों का बखान करते हुए सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और मानवता के मूल्यों को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के अंत में अरविन्द आनन्द वाल्मीकि,अनूप वाल्मीकि, चंचल वाल्मीकि, राजेंद्र वाल्मीकि ने जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव एवं महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी की शाल और फूल मालाएं पहनाकर व भगवान वाल्मीकि का चित्र भेंट कर अभिनन्दन किया।कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के बरेली - मुरादाबाद शिक्षक एम. एल. सी प्रत्याशी हाज़ी मोहम्मद दानिश अख्तर, महासचिव पंडित दीपक शर्मा, सुरेन्द्र सोनकर, जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव, हैदर अली, जितेंद्र मुंडे, मोहित सक्सेना, हैप्पी यादव, डॉ अशोक यादव,राम सेवक प्रजापति, जमुना प्रसाद मौर्य,रमीज़ हाशमी, एड. हुरिया रहमान, अविनाश मिश्रा, अमित पटेल, भानू प्रताप सिंह आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

'यादगारे मुकेश' कार्यक्रम का भव्य व सफल आयोजन

बरेली(आज समाचार सेवा) । पीलीभीत बाईपास स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आज 'यादगारे मुकेश' कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। बुलेट ऑर्केस्ट्रा के तत्वावधान में आयोजित इस संगीतमय संध्या का मुख्य आकर्षण बॉलीवुड कलाकार किशोर भानुशाली रहे, जिन्हें उनकी शानदार अदाकारी और लोकप्रिय किरदारों के लिए देव आनंद एवं 'कमिश्नर' के नाम से जाना जाता है। उनकी मौजूदगी ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।कार्यक्रम में बरेली सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से आए सैकड़ों बच्चों ने अपनी गायकी और संगीत प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों की मधुर

प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया और पूरा माहौल संगीतमय हो गया। उन्होंने देव आनंद की लोकप्रिय शैली को अपने अंदाज में प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के संरक्षक अजय शुक्ला ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'यादगारे मुकेश' कार्यक्रम का आयोजन संगीत और गायकी को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से किया गया है। ऐसे आयोजन बच्चों और युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करते हैं तथा संगीत के प्रति उनकी रुचि को बढ़ावा देते हैं।कार्यक्रम के आयोजक रॉबर्ट जॉनसन ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में गायकी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को बॉलीवुड कलाकार किशोर भानुशाली, अजय शुक्ला, जगदीश पाटनी और रॉबर्ट जॉनसन ने सम्मानित किया। अन्य प्रतिभागियों का भी उत्साहवर्धन किया गया।इस अवसर पर किशोर भानुशाली, जगदीश पाटनी, अजय शुक्ला, रॉबर्ट जॉनसन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।मुख्य रूप से मौजूद रहे अतिथि अनीस बेग, और जगदीश पटनी,ऋषि शर्मा और डॉ सत्येंद्र सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

आरटीओ चालान ऐप डाउनलोड करते ही खाते से निकले दो लाख रुपये

मीरगंज (आज ब्यूरो)। मीरगंज क्षेत्र में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। एक व्यक्ति के मुताबिक, वाट्सऐप ग्रुप में आए आरटीओ चालान के नाम बाले ऐप को डाउनलोड करने के बाद उसके बैंक खाते से चार बार में कुल दो लाख रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने पुलिस से साइबर ठगी की रिपोर्ट दर्ज कर रकम वापस दिलाने की मांग की है।मीरगंज क्षेत्र के मीरनगर उर्फ नौगवां निवासी पीड़ित हर सुमिरन लाल के अनुसार 12 जुलाई 2025 को एक वाट्सऐप ग्रुप में के नाम से एक ऐप आया था। उसने ऐप इंस्टॉल कर लिया। इसके बाद उसके मोबाइल पर ओटीपी आने लगे। उसने एचडीएफसी बैंक के आरटीओ चानक सेवा केंद्र से संपर्क किया, जहां उसे ओटीपी साझा करने को सलाह दी गई। पीड़ित हर सुमिरन लाल का आरोप है कि उसी दिन शाम करीब सात बजे उसे ईमेल मिला, जिसमें ओटीपी सफल होने की जानकारी थी। उसने बैंक से दोबारा संपर्क किया, लेकिन तब तक खाते से 50-50 हजार रुपये के चार ट्रांजैक्शन हो चुके थे और कुल दो लाख रुपये निकल गए थे।

घर से दवा लेने निकला ग्रामीण हुआ गायब

मीरगंज बरेली। गांव सिंधौली निवासी 60 वर्षीय त्रिभुवन मौर्य रविवार शाम घर से दवाई लेने को अकेले निकले। उसके बाद वे घर नहीं लौटे। स्वजनों ने उनको तलाश किया। उनके सिंधौली से टुकटुक से मीरगंज के सिंधौली चौराहा पहुंचने एवं वहां से टेंपो में बैठने की जानकारी स्वजनों को मिली है। टेंपो से वे कहां गए यह पता नहीं चल सका।

किचन में धमाके से झुलसी महिला की दिल्ली में मौत

मीरगंज बरेली। शाही कस्बे में बीते दिनों रसोई में खाना बनाते समय शुक्रवार की सुबह एक घर में तेज धमाका हुआ था जिसमें एक महिला बुरी तरह से झुलस गई थी जिसको उपचार के लिए बरेली से दिल्ली रेफर किया गया था जिसकी आज दिल्ली में उपचार के दौरान मौत हो गई है जिससे घर में कोहराम मच गया है।गौरतलब है कि बीते शुक्रवार को शाही कस्बे में घर की रसोई में खाना बनाते समय गैस लीक हो जाने से आग लग गई थी और गैस बाहर निकलने वाली चिमनी का पाईप फट गया था।

पूर्व बार अध्यक्ष मुनीश भदौरिया के निधन पर शोक

आंवला(आज ब्यूरो)। आंवला में सोमवार शाम सिविल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मुनीश कुमार भदौरिया के आकस्मिक निधन पर आज आंवला बार एसोसिएशन ने गहरा शोक व्यक्त किया। तहसील परिसर में आयोजित एक विशेष शोक सभा में स्थानीय अधिवक्ताओं ने दिवंगत आत्मा को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।यह शोक सभा बार के अध्यक्ष अनेक पाल सिंह यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सभा के दौरान उपस्थित सभी अधिवक्ताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। इस दौरान बार एसोसिएशन के महासचिव अवनीश तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता निर्दोष चतुर्वेदी, गंगा प्रसाद शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, वी. पी. श्रीवास्तव, विष्णु पाल सिंह चौहान, भाय सिंह यादव और विपिन यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय अधिवक्तागण मौजूद रहे।

हलचल

ग्रीन पार्क में काव्य गोष्ठी का सफल आयोजन

बरेली(आज समाचार सेवा) । मेन ग्रीन पार्क स्थित टंकी वाला पार्क के मिलन स्थल पर सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन (स्ष्ट्ङ्ख) की ओर से काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। काव्य गोष्ठी का संचालन सुप्रसिद्ध कवि आदरणीय विनोद अग्निहोत्री जी ने किया। गोष्ठी में एसोसिएशन के विभिन्न सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी स्वरचित कविताओं के साथ-साथ अन्य कवियों की रचनाओं का भी पाठ किया। कविताओं के माध्यम से साहित्य, जीवन के अनुभवों,

भावनाओं और सामाजिक विषयों को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया। सभी रचनाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित साहित्य प्रेमियों का मन मोह लिया। प्रत्येक रचना को श्रोताओं ने खूब सराहा और तालियों के साथ रचनाकारों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान आपसी मेलजोल और साहित्य के प्रति प्रेम का सुंदर वातावरण बना रहा। आयोजन के दौरान सभी सदस्यों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। आपसी सहयोग, उत्साह और साहित्यिक रुचि के कारण काव्य गोष्ठी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस आयोजन ने वरिष्ठ नागरिकों को अपनी रचनात्मक प्रतिभा प्रस्तुत करने और साहित्य के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़ने का अच्छा अवसर प्रदान किया।

बाल-बाल बचे, चेयरमैन युवक बस के नीचे आया

फतेहगंज पूर्वी आज ब्यूरो।नगर के मेन चौराहा पर सर्विस रोड पर बेतरतीब खड़े टेंपो राहगीरों के लिए मुसीबत बन रहे हैं।टेंपो की आड़ में पीछे से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते,जिससे हादसों का खतरा बना हुआ है। कुछ दिन पहले चेयरमैन संजय पाठक भी हादसे का शिकार होते-होते बच गए थे।वहीं,रविवार को नगर के चिराग अग्रवाल रोडवेज बस की चपेट में आकर बस के नीचे आ गए। गनीमत रही कि उन्हें हल्की चोटें आईं,जबकि उनकी बाइक को ज्यादा नुकसान पहुंचा। इस घटना ने एक बार फिर यातायात व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि टेंपो के कारण चौराहे पर जाम की स्थिति बनी रहती है। चेयरमैन संजय पाठक द्वारा कस्बा इंचार्ज से शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। लोगों ने टेंपो के बेतरतीब खड़े होने पर रोक लगाने और यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि नगर में कोई टेंपो स्टैंड नहीं है।सवारियां भरने वाले टेंपो का चालान किया जाता है।आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

ग्रीन पार्क गुरद्वारा में आज सजेगा कीर्तन दरबार

बरेली(आज समाचार सेवा) । सोढी सुल्तान धंनु गुरू रामदास जी का पावन प्रकाश पर्व पर आज शाम ग्रीन पार्क गुरद्वारा बरेली अलाकिक कीर्तन दरबार सजाया जायेगा जिसमें विशेष रूप प्रख्यात कीर्तनिये भाई अनंतवीर सिंघ का रागी जत्था गुरबाणी कीर्तन द्वारा एवं गुरद्वारा सीसगंज साहिब के हेड ग्रंथी भाई हरनाम सिंघ गुरू इतिहास, एवं गुरमति विचार सुनाएंगे। गत 25 अक्टूबर को हुई विभिन्न वर्गों में हुई गुरमत प्रतियोगिता के परिणाम देर रात 1 बजे घोषित हुएद्य गुरमत मुकाबलों में शामिल सभी प्रतियोगियों को पुरस्कार दिए गए।प्रतियोगिता में सभी निर्णायक पंजाब, लखनऊ एवं उत्तराखंड से आये थे।गुरुद्वारा माडल टाउन में आज हुए विशेष कीर्तन समागम में लुधियाना से आये भाई ईश्वर सिंघ एवं दिल्ली से आई बीबी गुंजन कौर ने गुरबाणी का मनोहर कीर्तन कर संगत को निहाल किया। अंत में सारी संगत ने गुरू लंगर ग्रहण किया। इस अवसर पर गुरदीप सिंघ, मनु बख्शी, राजेंदर सिंघ, इंदरजीत सिंघ, कर्नल गुरदीप सिंघ हरलीन सिंघ ने जस्वीर सिंघ आदि का सहयोग रहा।

पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने घर मे घुसकर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

बहेडी(आज ब्यूरो) ।पुरानी रंजिश के चलते गाँव के दबगो ने तीन लोगों को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। थाना बहेडी मे तीन लोगों को नामजद कर रिर्पोट दर्ज कराई गई है। थाना बहेडी क्षेत्र के ग्राम इटौआ घुरा निवासी नूरजहाँ पत्नी मोहम्मद इस्माईल ने थाना बहेडी मे दर्ज कराई गई रिर्पोट मे कहा है कि उसके परिवार वाले विरोधियो के भाई मोहम्मद अशफाक से बोल चाल और घर आना जाना है ।जिसको लेकर गाँव के ही मो0 अशरफ, मो0 इश्हाक, मो0 आरिफ, मो0 यासीन पुत्रगण लईक अहमद उसके परिवार से रंजिश रखते है। इसी रंजिश के चलते बीती 24 अक्तूबर उक्त लोग एक राय होकर उसके घर मे घुस आए,और लाठी डंडो, फरसा आदि चीजो उसके परिवार के लोगो पर हमला बोल दिया। इस हमले मे तीन लोगो से अधिक लोग बुरी तरह से घायलहोगए।

बरेली सिनेमा
जगत में
ता 23 से रोजाना 3 शो
रेट 30 50
द पैराडाइज

न्यूज अपडेट

मतगणना में पारदर्शितां गोपनीयता बनाए रखना कार्मिकों की जिम्मेदारी—मण्डलायुक्त

बरेली(आज समाचार सेवा) । मण्डलायुक्त शम्भु कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण संजय गांधी कमेटी हॉल में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कार्मिकों को मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।मण्डलायुक्त ने कहा कि जिस प्रकार सभी कार्मिकों ने शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न कराया है, उसी प्रकार मतगणना की प्रक्रिया भी पूरी जिम्मेदारी, सतर्कता एवं संयम के साथ सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए तथा पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मतगणना कक्ष में बिजली, पेयजल, कार्मिकों के सूक्ष्म जलपान एवं भोजन, मोबाइल टॉयलेट तथा साफ-सफाई सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि कार्मिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि मतगणना एक लंबी प्रक्रिया है, इसलिए सभी कार्मिक धैर्य एवं संयम के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। मण्डलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मतगणना कक्ष में मोबाइल फोन अथवा किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना की गोपनीयता बनाए रखना प्रत्येक कार्मिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी कार्मिकों को मतगणना स्थल पर अनिवार्य रूप से अपना पहचान-पत्र साथ लाने तथा निर्धारित समय पर उपस्थित होने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी नगर अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष कुमार सिंह सहित समस्त मतगणना कार्मिक उपस्थित रहे।

विद्यालयों में आयोजित होंगे 'सुरक्षित बचपन' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम

बरेली(आज समाचार सेवा) । बच्चों के अधिकारों के संरक्षण, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा बाल शोषण एवं उत्पीड़न के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जनपद न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह द्वारा जनपद के समस्त न्यायिक अधिकारियों को विभिन्न विद्यालयों में जाकर 'सुरक्षित बचपन' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना तथा उन्हें एक सुरक्षित, संरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना है। जनपद न्यायाधीश के निर्देशों के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली द्वारा बाल अधिकारों एवं बाल संरक्षण से संबंधित विधिक जागरूकता को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव जया प्रियदर्शनी के मार्गदर्शन में बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों तक आवश्यक विधिक जानकारी पहुंचाने तथा बाल सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से जागरूकता गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। विद्यालयों में आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों के दौरान विद्यार्थियों को बाल अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा, अच्छे एवं बुरे स्पर्श की पहचान, बाल शोषण की रोकथाम, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी तथा बच्चों के विरुद्ध होने वाले अन्य अपराधों के संबंध में सरल एवं सहज भाषा में जानकारी दी जाएगी। साथ ही, वर्तमान समय में इंटरनेट एवं डिजिटल माध्यमों के बढ़ते उपयोग को देखते हुए बच्चों को साइबर अपराध, ऑनलाइन उत्पीड़न, अनजान व्यक्तियों से ऑनलाइन संपर्क तथा व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से जुड़े संभावित खतरों के प्रति भी जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया जाएगा समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता से ही बच्चों के लिए सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण का निर्माण संभव है।

धूमधाम के साथ निकाली भगवान महर्षि वाल्मीकि की शोभायात्रा

फतेहगंज पूर्वी आज ब्यूरो।नगर में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सोमवार को नगर में वाल्मीकि समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई।सुनीता वाल्मीकि के नेतृत्व में दोपहर 11 बजे से नई बस्ती महर्षि वाल्मीकि के मंदिर से शोभायात्रा की शुरुआत हुई।इसके बाद ढोल नगाड़ों के साथ मेन बाजार होती हुई शोभायात्रा स्टेशन रोड से वापस मोहल्ला साहूकारा,उत्तमगंगज पश्चिमी, उत्तमगंगज पूर्वी से होती हुई शाम 4 बजे नई बस्ती वाल्मीकि मंदिर में आकर संपन्न हुई।इसके बाद वाल्मीकि मंदिर पर पूड़ी सब्जी का भंडारा किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया शाम तक भंडारे में श्रदालु आते रहे थे।सुरक्षा व्यवस्था के चलते पुलिस प्रशासन भी मौजूद रही थी।नगर से शोभायात्रा निकलने पर नगरवासियों ने जगह जगह फूलों की वर्षा की।इस दौरान अभिषेक,संजय,मुकेश, विपिन,दीपक,गौरव,पप्पू, सोनी,अनीता, गीता,रोजी, शिवानी,मोहिनी,संजना, शालिनी,मेघा,विकास, अमन,विशाल,अजय,राहुल, महेंद्र,वीरेंद्र,अंकित, अनिकेश,आदेश,टीटू, रामसिंह,अमर सिंह, बबलू,रामु,राधेश्याम,आदि के सहयोग से वाल्मीकि शोभायात्रा का आयोजन किया गया।**आंवला**। महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर विचार गोष्ठी हुई। मिलन बैंक्विट हॉल में वक्ताओं ने उनके आदर्शों पर विचार रखे।इससे पहले, नगरपालिका परिषद ने महर्षि वाल्मीकि मंदिर पर भजन-कीर्तन कराए।सोमवार शाम शोभायात्रा शुभारंभ हुई। इसमें ईओ प्रदीप गिरी, यतीश कुमार, जहांगीर खान, यासीन मंसूरी, राजेश, आकाश, अनिल कुमार, हरिओम और विनोद मौजूद थे।भजन-कीर्तन के बाद मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकली। यह शिशु मंदिर से भुर्जी टोला, पक्का कटरा, स्टेट बैंक, भूमि विकास बैंक, गंज त्रिपोलिया, सरकारी अस्पताल, शिफा नर्सिंग होम, पुरैना ढाल, फूटा दरवाजा, कच्चा कटरा और रामलीला गेट होते हुए वापस मंदिर पहुंची। रास्ते में फूल बरसाकर स्वागत हुआ।शोभायात्रा में भगवान गणेश, महाकाल, हनुमान, राधा-कृष्ण, महर्षि वाल्मीकि, काली माता, भगवान शंकर, डॉ. भीमराव अंबेडकर, शेषनाग और शनि देव की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। महन्त प्रेमानंद, अध्यक्ष बंटी वाल्मीकि, अरविंद पेंटर, रजत राज प्रेमी, आकाश प्रेमी, पप्पू गौतम, विशाल आर्य, नीरज वाल्मीकि, दिनेश सतुले, रजत भारती, शंकर वाल्मीकि, निखिल गौतम, नगर पालिका अध्यक्ष सैय्यद आबिद अली, नितिन महाराज, संगीता पाल, डॉ. वेद मौर्य, राधेश्याम मौर्य, जितेंद्र चंद्रा, डॉक्टर जीराज यादव सहित कई श्रद्धालु और गणमान्य लोग उपस्थित थे।सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। थाना प्रभारी बीनू सिंह और क्राइम इंस्पेक्टर अजीत सिंह पुलिस बल के साथ तैनात रहे। **तहसील के अलीगंज क्षेत्र में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर** एक स्वास्थ्य शिविर लगा। यह शिविर सोमवार को अलीगंज के मझगवां स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित हुआ। इसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मरीजों की जांच की और मुफ्त दवाइयां बांटीं।डॉक्टरों ने मरीजों का ब्लड प्रेशर (बीपी) और अन्य जरूरी जांचें कीं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुनील कुमार के निर्देश पर डॉ. मनोज मिश्रा, डॉ. विपिन झा, अनुज, मोहित खान (एलटी) और फार्मासिस्ट ट्रेनी टीम ने अपनी सेवाएं दीं। टीम ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य सलाह भी दी।डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि शिविर का मकसद ग्रामीण लोगों को घर के पास स्वास्थ्य सेवाएं देना था। इसका उद्देश्य बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंदों को तुरंत प्राथमिक सुविधाएं देना भी था। स्थानीय लोगों ने इस पहल की तारीफ की।**मीरगंज** बरेली।स्थानीय नगर समेत तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर महर्षि बाल्मीकि जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। नगर पंचायत मीरगंज के महर्षि वाल्मीकि पार्क में वाल्मीकि जयंती श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाई गई। वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सुंदर कांड का पाठ किया गया। इस मौके पर उनके जीव, आदर्शों एवं महान कृतित्व का स्मरण किया। कार्यक्रम में राजीव गिरि, अंकित शर्मा, लोकेश मौर्य, राजेश कुमार एवं जितेंद्र सिंह, मोहम्मद तस्लीम आदि मौजूद रहे। मीरगंज नगर के ललित पुरी वार्ड स्थित वाल्मीकि मंदिर में वाल्मीकि जयंती समिति ने वाल्मीकि प्रकटोत्सव का आयोजन किया।कार्यक्रम में अशोक वाल्मीकि संजीव वाल्मीकि, राहुल वाल्मीकि, नरेश वाल्मीकि, राकेश वाल्मीकि, रामस्वरूप वाल्मीकि, जयपाल वाल्मीकि, प्रेमपाल वाल्मीकि, राजीव गिरी आदि उपस्थित रहे।

मकान पर निर्माण कराने पहुंची महिला को रोका गाली-गलौज व जान से मारने की दी धमकी

बरेली(आज समाचार सेवा)। कैंट थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव में न्यायालय से मुकदमा जीतने के बाद अपने मकान पर निर्माण कार्य कराने पहुंची महिला ने कुछ लोगों पर गाली-गलौज करने, जान से मारने की धमकी देने और मारपीट पर आमादा होने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और अपनी जान-माल की सुरक्षा की मांग की है।पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, पीड़िता का मोहनपुर गांव में 66.88 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का एक मकान है। मकान को लेकर गांव की एक महिला ने न्यायालय में मुकदमा दायर किया था। पीड़िता का कहना है कि सिविल जज की अदालत में मूलवाद संख्या 584/2020 में उसके पक्ष में फैसला हो चुका है और आदेश की प्रति भी उसके पास है।आरोप है कि 26 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब 9:30 बजे पीड़िता अपनी बेटी के साथ मकान पर निर्माण कार्य कराने पहुंची। वहां मौजूद तीन लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और मारपीट पर आमादा हो गए। इससे मां-बेटी भयभीत हो गईं।पीड़िता ने अपनी शिकायत में यह भी आरोप लगाया है कि इससे पहले भी एक अन्य व्यक्ति ने दिल्ली से आकर उसके परिवार को धमकाया था। पीड़िता के मुताबिक, लगातार मिल रही धमकियों के कारण वह अपने मकान पर निर्माण कार्य कराने में असुरक्षित महसूस कर रही है।पीड़िता ने कैंट थाना पुलिस से मामले की जांच कर आरोपितों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

बिजली विभाग ने चलाया बकाया वसूली अभियान 45 कनेक्शन काटे, चार लाख रुपये वसूले

फतेहगंज पश्चिमी(आज ब्यूरो)। सोमवार को बिजली विभाग ने बकाया बिजली बिलों की वसूली के लिए क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया, अभियान के दौरान विभागीय टीम ने बकायेदार उपभोक्ताओं के घर पहुंचकर बिजली कनेक्शन और मीटर की जांच की। इस दौरान करीब चार लाख रुपये की बकाया धनराशि वसूल की गई, जबकि बिल जमा नहीं करने वाले 45 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए गए।बिजली विभाग द्वारा बकाया बिलों का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत उपभोक्ताओं को नोटिस देकर समय से बिल जमा करने के निर्देश दिए गए। इसके बावजूद बकाया धनराशि जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ विभागीय नियमों के अनुसार कार्रवाई की गई जेई रमेश चंद्र गौतम के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उपभोक्ताओं को समय से बिजली बिल जमा करने के लिए जागरूक किया गया।टीम ने बकायेदारों से भुगतान करने की अपील करते हुए स्पष्ट किया कि बकाया वसूली अभियान आगे भी जारी रहेगा,इस दौरान टीजी-टू प्रवीण शर्मा, आदिल मलिक, काशीराम, शब्बीर अली, प्रमेंद्र हरबीर सिंह सहित बिजली विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

देशी शराब के 13 पौव्वे, 10 लीटर कच्ची शराब बरामद

बरेली(आज समाचार सेवा)। बारादरी थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से सोल्जर मार्का देशी शराब के 13 पौव्वे और 80 रुपये बरामद किए, जबकि दूसरे के पास से 10 लीटर कच्ची शराब मिली। दोनों मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।पुलिस के मुताबिक, सोमवार, 26 अक्टूबर 2026 को उपनिरीक्षक मयंक भारद्वाज पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान होटल रजानी के पास मुखबिर से सूचना मिली कि बरेली चाय वाले के पीछे एक व्यक्ति अवैध देशी शराब बेच रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बताए गए हुलिए के आधार पर एक युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान युवक के पास मौजूद काले रंग के थैले से सोल्जर मार्का मसालेदार देशी शराब के 13 पौव्वे बरामद हुए। प्रत्येक पौव्वे पर 200 मिलीलीटर मात्रा और 36 प्रतिशत अल्कोहल अंकित था। पुलिस को उसके पास से 80 रुपये भी मिले। पूछताछ के दौरान युवक शराब बिक्री का वैध लाइसेंस नहीं दिखा सका। इसके बाद पुलिस ने उसे दोपहर करीब 1:30 बजे गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत कार्रवाई की गई और बरामद शराब को सील कर दिया गया।वहीं, दूसरे मामले में उपनिरीक्षक मुनेन्द्र सिंह पुलिस टीम के साथ रात में शांति व्यवस्था ड्यूटी और संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि 99 बीघा मैदान के पास नल के नजदीक एक व्यक्ति प्लास्टिक की कैन में अवैध कच्ची शराब लेकर खड़ा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और एक व्यक्ति को पकड़ लिया।पुलिस के अनुसार, तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 10 लीटर की प्लास्टिक कैन बरामद हुई, जिसमें मौजूद तरल पदार्थ से कच्ची शराब जैसी गंध आ रही थी। शराब रखने का वैध लाइसेंस मांगने पर आरोपी कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर शराब को सील कर दिया। बरामदगी और गिरफ्तारी की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई।पुलिस के मुताबिक, दोनों मामलों में संबंधित धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है और आगे की विधिक प्रक्रिया जारी है।

घर में घुसकर वृद्ध के कुंडल चोरी, रिपोर्ट दर्ज

क्योलडिया(आज ब्यूरो)। थाना क्षेत्र के गांव केलाडाडी में घर में घुसकर वृद्ध के सोने के कुंडल चोरी करने का मामला सामना आया है पीड़ित संजय कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि 26 अक्टूबर की रात करीब 11:30 बजे गांव का ही राजपाल पुत्र भीमसेन उनके घर में घुस आया और उसने कमरे में सो रही उसकी मां के कानों से सोने के कुंडल निकाल लिए विरोध करने पर आरोपी मौके से भाग गया पीड़ित ने घटना की जानकारी परिजनों को दी और परिजनों ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि आरोपी उसकी मां के सोने के कुंडल के साथ 380 रुपए चुरा ले गया पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

नशे में धुत युवक की बाइक से टकराकर युवक घायल

क्योलाडिया (आज ब्यूरो) । शराब के नशे में धुत युवक तेज़ रफ़्तार बाइक सड़क पर दौड़ा रहा था रिश्तेदारी से लौट रहा युवक कि बाइक मे सामने से ज़ोरदार टक्कर मार दी युवक जख्मी होकर सड़क पर बेहोश होकर गिर गया घायल कि बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई मुंह का एक तरफ का जबड़ा भी टूट गया ग्रामीणों की मदद से घायल को एंबुलेंस द्वारा उपचार के लिए अस्पताल भेजा घायल की मां ने थाने पहुंच कर पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने कि रिपोर्ट दर्जथाना क्षेत्र के गांव क्यो लाडिया का युवक फ़रीद मोटरसाइकिल नंबर च06.ष्ठ 3426 पर सवार होकर गाँव के बाहर जागीर से वापस अपने घर लौट रह दोपहर लगभग 1:30 बजे जैसे ही वे गांव सिठौरा काली मंदिर के पास पहुँचा तभी सामने से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल नंबर क्क26 क्क8505 के अज्ञात चालक ने शराब के नशे में धुत होकर अपनी गाड़ी को अत्यधिक तेज़ रफ़्तार और लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक में सीधे ज़ोरदार टक्कर मार दीटक्कर इतनी भीषण थी कि युवक फरीद सड़क पर दूर जा गिराऔर उनकी मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई दुर्घटना के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई राहगीरों कि मदद से आनन-फानन में घायल को इलाज के लिए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ष्ट॥ष्ट) बरखेड़ा ले जाया गया वहाँ डॉक्टरों ने घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पीलीभीत के लिए रेफर कर दिया पीलीभीत जिला अस्पताल में भी उनकी हालत में कोई सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उन्हें उच्च स्तरीय चिकित्सा के लिए लखनऊ रेफर कर दिया वर्तमान में बरेली के आला हज़रत अस्पताल में भर्ती कराया गया है घायल जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है घायल की मां ने थाने पहुंचकर तहरीर दी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

राजनीतिक भागीदारी व माटी कला बोर्ड के पुनर्गठन की उठी मांग

बरेली(आज समाचार सेवा)। प्रजापति एकता मंच की मासिक बैठक सोमवार को नवादा शेखान में पुत्तू लाल प्रजापति के आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष भारत लाल प्रजापति ने की। इसमें समाज की राजनीतिक भागीदारी, माटी कला बोर्ड के पुनर्गठन और युवाओं के भविष्य पर चर्चा की गई। शुभारंभ महर्षि वाल्मीकि, डॉ. रत्नप्पा भरमप्पा कुंम्भार और अमर शहीद रामचंद्र विद्यार्थी के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया।प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट पूरन लाल प्रजापति ने माटी कला बोर्ड के गठन के लिए किए गए प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि बोर्ड का पुनर्गठन जरूरी है, ताकि पारंपरिक कारीगरों को प्रोत्साहन और रोजगार के अवसर मिल सकें।संरक्षक ठाकुरदास प्रजापति और दिनेश सिंह प्रजापति ने समाज की एकजुटता पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष दुलार सिंह प्रजापति और महानगर अध्यक्ष राजेंद्र कुमार प्रजापति ने बताया कि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले मोहल्ला स्तर पर बैठकें कर समाज की राय ली जाएगी। बैठक में भाजपा को समर्थन नहीं देने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई, जबकि अंतिम रणनीति व्यापक विचार-विमर्श के बाद तय करने का निर्णय लिया गया। इंजीनियर भारत लाल प्रजापति ,महामंत्री जोगराज प्रजापति ,मंत्री डॉ हीरालाल प्रजापति ,प्रचार मंत्री राजपाल प्रजापति ,ऑडिटर खुशीराम प्रजापति कृष्णपाल पुत्तीलाल प्रजापति हरि प्रकाश प्रजापति सहित अनेकों लोगों ने समाज के उपस्थित रहे, बैठक का संचालन जिला महामंत्री जोगराज प्रजापति ने किया।

निबंध प्रतियोगिता में शिवांशी प्रथम,वंश द्वितीय तथा शौर्य रहे तृतीय

बरेली(आज समाचार सेवा)। मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में सोमवार को बिहारीपुर स्थित शब्दांगन सभागार में अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की 136 वीं जयंती पर विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं की निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 21 प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय की कक्षा छः की छात्रा शिवांशी प्रथम, रीना मॉडल स्कूल के कक्षा छः के छात्र वंश द्वितीय और बी बी एल पब्लिक स्कूल की कक्षा छः के छात्र शौर्य रस्तोगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजयी प्रतियोगियों को माला, पटका,स्मृति चिन्ह् प्रमाण पत्र और मेडल देकर मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य डॉ.सुरेश रस्तोगी, संस्थापक सदस्य इंद्रदेव त्रिवेदी, उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र सक्सेना, महासचिव मुकेश कुमार सक्सेना, पूर्व महासचिव सत्येंद्र सक्सेना और सुधीर मोहन ने सम्मानित किया। विजयी प्रतिभागियों ने अपने लिखे हुए निबंध को पढ़कर भी सुनाया,सभी उपस्थित सदस्यों ने प्रशंसा की। कार्यक्रम संयोजक इंद्रदेव त्रिवेदी ने अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला और बताया कि वो कौमी एकता के उदाहरण थे, किसी अज्ञात हत्यारे ने उनकी जान ले ली और वो शहीद हो गए।कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि डॉ,. सुरेश रस्तोगी द्वारा मां शारदे की मूर्ति पर माल्यार्पण से हुआ। उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र सक्सेना ने क्लब का आह्वान गीत प्रस्तुत किया और सभी का आभार महासचिव मुकेश सक्सेना ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में अलका त्रिवेदी, संजीव कुमार अवस्थी, सुधीर मोहन, सत्येंद्र सक्सेना, सुनील कुमार शर्मा, नीरू रस्तोगी, राजीव अवस्थी, कंचन रस्तोगी, शिवि रस्तोगी, नैंसी, जाह्नवी गुप्ता, केशवी, रिया गुप्ता, पावनी रस्तोगी, जितेंद्र कुमार मिश्रा, राम प्रकाश सिंह ओज, रामकुमार भारद्वाज आदि प्रमुखता से उपस्थित रहे।

दिल्ली रैली की तैयारियों को लेकर अलीगढ़ में हुई जोनल बैठक, बरेली के कांग्रेस नेता हुए शामिल

बरेली(आज समाचार सेवा)। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष असफाक सक्लेनी एवं दिनेश दददा के संयुक्त के नेतृत्व में बरेली के तमाम कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता अलीगढ़ में आयोजित जोनल बैठक में शामिल हुए। बैठक में आगामी 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली रैली की तैयारियों और कार्यकर्ताओं की भागीदारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष इमरान मसूद, पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद तथा बृज प्रांत के शहर प्रभारी एवं पूर्व विधायक कुणाल चौधरी ने आगामी रैली को लेकर रणनीति तैयार की। नेताओं ने रैली में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा संगठनात्मक स्तर पर तैयारियों को गति देने पर चर्चा की।बैठक में बरेली सहित संबंधित क्षेत्रों से कांग्रेस कार्यकर्ताओं की दिल्ली रैली में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया।मुख्यारूप से प्रवक्ता पंडित राज शर्मा,अजय शुक्ला, चौधरी आलम मिया ,हाजी इस्लाम बब्बू,जुनैद हसन एडवोकेट, डॉक्टर हरीश गंगवार, राजेंद्र सागर, कृष्ण कांत शर्मा इलियास अंसारी , मुजम्मिल राजा खान, प्रोफेसर अलाउद्दीन खान,जहीरूद्दीन मुन्ना,मोहम्मद आरिफ, नफीस अंसारी, लिटिल गुप्ता,आदि मौजूद रहे।

बीबीएल पब्लिक स्कूल, अलखनाथ मार्ग में पुरस्कार वितरण के साथ हुआ वास्केट बाल व टेबिल टेनिस प्रतियोगिता का समापन

बरेली(आज समाचार सेवा)। बी0बी0एल0 पब्लिक स्कूल, अलखनाथ मार्ग में विगत तीन दिन से चल रही वॉलीबाल तथा टेबल टेनिस प्रतियोगिता का पुरूस्कार वितरण के साथ आज समापन हुआ। प्रतियोगिता के दौरान सभी प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था। दोनों प्रतियोगिताओं में लगभग 1450 खिलाड़ियों ने अपने उत्साह व प्रतिभा के उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। टेबिल टेनिस चैम्पियनशिप के बालिका वर्ग में चिक्कर इण्टरनेशनल ने शीर्ष पर अपना स्थान सुरक्षित किया। द्वितीय स्थान पर जी0आर0एम0 नैनीताल रोड एवं तृतीय स्थान पर हार्टमैन कॉलेज रहा। बालक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर हार्टमैन कॉलेज प्रथम स्थान पर, बी0बी0एल0 पीलीभीत रोड द्वितीय स्थान पर एवं व्यास वर्ल्ड स्कूल तृतीय स्थान पर रहा।वॉलीबाल में भी कड़ी स्पर्धा देखने को मिली। सीनियर बालक वर्ग में विद्या वर्ल्ड ने प्रथम व बी0बी0एल0 अलखनाथ रोड ने द्वितीय एवं पुलिस मॉर्डन स्कूल चैपला ने तृतीय स्थान पर कब्जा जमाया। सीनियर बालिका वर्ग में विजेता की ट्रॉफी पर सेक्रेट हार्ट नेनीताल रोड ने अपना आधिपत्य स्थापित किया। बी0बी0एल0 अलखनाथ रोड ने द्वितीय व बी0बी0एल0 पीलीभीत रोड ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग में ब्लू बर्ड स्कूल ने प्रथम स्थान के लिए, बेदी इण्टरनेशनल स्कूल ने द्वितीय एवं सेक्रेड हार्ट्स, नैनीताल रोड ने तृतीय स्थान के लिए अपनी जगह सुरक्षित की। जूनियर बालक वर्ग में नारायना वर्ल्ड इण्टरनेशनल ने प्रथम, सेक्रेड हार्ट्स ट्रांसपोर्ट नगर ने द्वितीय एवं बी0बी0एल0 अलखनाथ रोड ने तृतीय स्थान पर अपनी जगह बनाई।आज की प्रतियोगिता में **वॉलीबॉल में** जूनियर बालिकाब्लू वर्ल्ड स्कूल - I,बेदी इण्टरनेशनल स्कूल - II,सेक्रेड हार्ट्स नैनीताल रोड -III,**सीनियर बालिका**सेक्रेड हार्ट्स नैनीताल रोड - I,बी0बी0एल0 अलखनाथ रोड - II,बी0बी0एल0 पीलीभीत रोड - III**सीनियर बालक**विद्या वर्ल्ड स्कूल - I,बी0बी0एल पब्लिक स्कूल अलखनाथ रोड - II,पुलिस मॉर्डन स्कूल, चैपला - III**जुनियर बालक**नरायना वर्ल्ड इण्टरनेशनल - I,सेक्रेट हार्ट, ट्रांसपोर्ट नगर - II,बी0बी0एल0 पब्लिक स्कूल, अलखनाथ रोड - IIIटेबिल-टेनिस टीम चैम्पियनशिप के फाइनल मुकाबले में ***बालिका वर्ग*** चिक्कर इण्टरनेशनल स्कूल-I, जी0आर0एम0 स्कूल- II,हार्टमैन कॉलेज- III,**बालक वर्ग**हार्टमैन कॉलेज - I,बी0बी0एल0 पब्लिक स्कूल पीलीभीत रोड - II,व्यास वर्ल्ड स्कूल - III,इस सुअवसर पर प्रशासक व आयोजन सचिव श्री दीपक गुप्ता, भुवनेश चन्द्रा, सुशील कुमार, घनश्याम यादव, प्रीति शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सविता अग्रवाल ने किया। मुख्य अतिथि विद्यालय के संरक्षक श्री अरूण कुमार सिंघल जी थे। मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों के ऊर्जावान प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए विजित खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं और कहा कि खेल भावना दूसरों के दृष्टिकोण से चीजे देखने की क्षमता विकसित करती हैंपुरस्कार वितरण विद्यालय के संरक्षक श्री अरूण कुमार सिंघल जी एवं अध्यक्ष श्री सर्वेश कुमार अग्रवाल जी द्वारा किया गया।विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 श्यामेश ने सभी का आभार व्यक्त किया।

सनातन की प्राण है रामायण व देवतुल्य हैं आदिकवि वाल्मीकि जी :डॉ दीपंकर गुप्त

बरेली(आज समाचार सेवा)। बाल रामायण के रचयिता डॉ दीपंकर गुप्त नियमित रूप से मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के आदर्श, तप, त्याग, संघर्ष, सत्य, धर्म, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठ आदि जैसे उदात्त गुणों से अपने भारत की भावी पीढ़ी को परिचित तथा उन्हें प्रेरित करने के उद्देश्य से सरकारी तथा गैर सरकारी, अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालयों में बाल सभाएं कर अपनी प्रस्तुतियां दे रहे हैं।इसी क्रम में आज उन्होंने टीबरीनाथ सांगवेद संस्कृत महाविद्यालय, बरेली की बालसभा में महर्षि वाल्मीकि जी की पावन जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आदिकवि वाल्मीकि जी ने प्रभु श्री राम के जीवन से अपनी रामायण को जन-जन में वंदनीय, अभिनंदनीय एवं प्रातः स्मरणीय बना दिया। उन्होंने रामगाथा के माध्यम से जनमानस को संदेश दिया कि अपने कर्तव्यों से, मानवीय मूल्यों से, सत्य, त्याग, करुणा आदि दैवीय गुणों से कोई भी नर से नारायण के रूप में सर्व पूज्य बन सकता है।वास्तव में रामायण के द्वारा उन्होंने संदेश दिया कि हमें आपस में, समाज में ,राष्ट्र और धर्म में अपने मतभेदों को, ऊंच नीच ,जात-पात के संकीर्ण विचारों को भूलकर एक होकर अपनी सांस्कृतिक एवं धार्मिक एकता को, बंधुत्व भाव को प्रगाढ़ बनाते हुए एक और श्रेष्ठ बनकर मानव से महामानव बनने की ओर अग्रसर होना चाहिए। तथा अपने धर्म की रक्षा करनी चाहिए।वास्तव में,वर्तमान संदर्भ में उनके आदर्श हमारी भारतीय संस्कृति को ,हमारे सनातन धर्म को और समाज को अपना बहुत बड़ा आदर्शमयी संदेश तथा सदप्रेरणा प्रदान कर महती भूमिका निभाने में सक्षम है।कार्यक्रम में इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री बंसीधर पांडेय जी, श्री सुरेश चंद्र शर्मा एवं अन्य आचार्यगण उपस्थित रहे।

एनईआर अधिकारियों व कर्मचारियों को डीआरएम ने दिलायी शपथ

बरेली(आज समाचार सेवा)। केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा 26 अक्टूबर से 01 नवंबर 2026 तक आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर मंडल में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के मूल्यों को अपने कार्य व्यवहार में अपनाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में मंडल रेल प्रबंधक सुश्री वीणा सिन्हा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री मनोज कुमार, सभी शाखाधिकारियों एवं रेलकर्मियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाई। इस दौरान सभी ने भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाने तथा अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ करने का संकल्प दोहराया।

सतयुग दर्शन ट्रस्ट व सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया सम्मानित



बरेली(आज समाचार सेवा)।सतयुग दर्शन ट्रस्ट के लिए यह हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी द्वारा ट्रस्ट एवं इसके अंतर्गत संचालित सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र को प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।कुरुक्षेत्र स्थित ब्रह्म सरोवर में आयोजित हरयाणा विजन 2047 के अवसर पर सतयुग दर्शन ट्रस्ट द्वारा स्थापित ध्यान कक्ष अर्थात समभाव समदृष्टि के स्कूल को ÒBest Tourist Place AwardÓ (सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थल पुरस्कार) तथा सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र को ÒOutstanding Contribution to Music and Performing Arts AwardÓ (संगीत एवं प्रदर्शन कलाओं में उत्कृष्ट योगदान पुरस्कार) से सम्मानित किया गया।यह सम्मान संस्था द्वारा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने, भारतीय संस्कृति एवं संगीत परंपरा को प्रोत्साहित करने तथा नई पीढ़ी में नैतिक मूल्यों, संस्कारों और आध्यात्मिक चेतना का विकास करने की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का प्रतीक है । ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने बताया कि आज के समय में मानव जीवन को सदाचार, सद्व्यवहार एवं सत्य-धर्म की राह दिखाने और समभाव-समदृष्टि के अनुरूप जीवन जीने की कला सिखाने की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। इसी जनकल्याणकारी उद्देश्य को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने हेतु सतयुग दर्शन ट्रस्ट के प्रवक्ता ने खुशखबरी देते हुए बताया कि ट्रस्ट द्वारा समभाव-समदृष्टि के निःशुल्क स्कूल (School of Equanimity and Even-Sightedness) की पाँच नई शाखाओं का शुभारंभ किया जा रहा है। इन स्कूलों का उद्घाटन 29 नवम्बर 2026 को पंचकूला, 30 नवम्बर 2026 को अम्बाला, 20 दिसम्बर 2026 को मुरादाबाद, 6 मार्च 2027 को लुधियाना तथा 7 मार्च 2027 को जालंधर में होगा। स्कूलों की स्थापना का उद्देश्य वर्तमान समय में मानव जीवन को अशांति, असंतोष एवं विषम भाव-स्वभाव से मुक्त कर सदाचार, सद्व्यवहार और सत्य-धर्म पर आधारित जीवन जीने की दिशा प्रदान करना है। समभाव-समदृष्टि की युक्ति के अनुशीलन द्वारा व्यक्ति अपने वास्तविक स्वरूप का बोध कर संतोष, धैर्य एवं विवेकशीलता जैसे सद्गुणों को जीवन में आत्मसात कर सकता है। यह युक्ति मनुष्य को सुख-दुःख, मान-अपमान जैसी विभिन्न परिस्थितियों में संतुलित रहने तथा सभी के प्रति बिना भेदभाव के आत्मीयता और सद्भावपूर्ण व्यवहार अपनाने में समर्थ बनाती है।परिणामस्वरूप व्यक्ति अपने पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए निष्काम सेवा और परोपकार की भावना से जनकल्याण में योगदान देने योग्य बनता है। इन स्कूलों में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रहेगा तथा समाज के सभी वर्गों के लोग इस पहल से जुड़ सकेंगे।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बीएसई पावर ईटीएफ

बरेली(आज समाचार सेवा)। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड ने आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बीएसई पावर ईटीएफ लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इंडेक्स एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) है, जो बीएसई पावर इंडेक्स को ट्रैक करेगा। इसका न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 26 अक्टूबर से 30 अक्टूबर, 2026 तक खुला रहेगा।बीएसई पावर इंडेक्स में बीएसई 500 की वे कंपनियां शामिल हैं, जो भारी विद्युत उपकरण, बिजली उत्पादन, एकीकृत बिजली उपयोगिताओं, बिजली पारेषण, बिजली कारोबार, बिजली वितरण और अन्य विद्युत उपकरण उद्योगों से जुड़ी हैं।लॉन्च पर आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी के हेड-रिटेल बिजनेस विपिन भंडारी ने कहा, 'भारत का बिजली क्षेत्र एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है। बिजली की बढ़ती खपत, औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार और बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा विकास से इस क्षेत्र की पूरी वैल्यू चेन में अवसर पैदा हो रहे हैं। बिजली उत्पादन और पारेषण से लेकर वितरण और विद्युत उपकरणों तक यह क्षेत्र देश की विकास संबंधी महत्वाकांक्षाओं का अहम हिस्सा है। 'उन्होंने कहा कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बीएसई पावर ईटीएफ निवेशकों को एक ही निवेश के जरिए इस वैल्यू चेन से जुड़ी विभिन्न कंपनियों के विविध पोर्टफोलियो में निवेश का अवसर प्रदान करता है।भारत में बिजली की खपत वैश्विक औसत से अधिक तेजी से बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2020-21 से 2024-25 के बीच देश में बिजली की कुल खपत सालाना औसतन 7.4 प्रतिशत बढ़ी, जबकि वैश्विक स्तर पर यह वृद्धि 0.9 प्रतिशत रही। प्रति व्यक्ति बिजली खपत भी 2013-14 के 957 किलोवाट घंटा से बढ़कर 2024-25 में 1,460 किलोवाट घंटा हो गई। सरकारी अनुमानों के मुताबिक 2030 तक इसके 2,109 किलोवाट घंटा तक पहुंचने की संभावना है।मई 2026 में देश की बिजली की पीक डिमांड रिकॉर्ड 271 गीगावाट पर पहुंच गई, जबकि 2013-14 में यह करीब 130 गीगावाट थी। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के अनुसार, वित्त वर्ष 2035-36 तक पीक डिमांड 459 गीगावाट तक पहुंच सकती है।मई 2026 तक भारत की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता 538 गीगावाट के पार पहुंच चुकी थी। नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 225 गीगावाट से अधिक है, जो कुल स्थापित क्षमता का 41.6 प्रतिशत है। इसमें सौर ऊर्जा की स्थापित क्षमता 100 गीगावाट से अधिक है। इसके अलावा सरकार ने बिजली क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति दी है और पावर ग्रिड को मजबूत करने के लिए 9.15 लाख करोड़ रुपये की योजना निर्धारित की गई है।बीएसई पावर इंडेक्स में 17 कंपनियां शामिल हैं। सेक्टर के आधार पर इसमें यूटिलिटीज की हिस्सेदारी 59.59 प्रतिशत और इंडस्ट्रियल्स की 40.41 प्रतिशत है। लार्ज-कैप कंपनियों की हिस्सेदारी 75.57 प्रतिशत और मिड-कैप कंपनियों की 24.42 प्रतिशत है। इंडेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों का कुल वेटेज 78.90 प्रतिशत है।इंडेक्स का पुनर्गठन हर साल जून और दिसंबर में और रीबैलेंसिंग प्रत्येक तिमाही में होती है। इस ईटीएफ का प्रबंधन निशित पटेल, अश्विनी भारुचा और वीनस आहूजा करेंगे।

एमजेपीआरयू के सीएसआईटी विभाग में शुभ आरंभ *2026* का शानदार आयोजन

बरेली(आज समाचार सेवा)। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के कंप्यूटर साइंस एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (CSIT) विभाग द्वारा 26 अक्टूबर 2026 को 'शुभ आरंभ 2026 नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एक नई शुरुआत के जश्न (Celebration of Ne2 Beginnings) के रूप में सीएसआईटी डिपार्टमेंट ग्राउंड में शाम 6:00 बजे से 7:30 बजे तक आयोजित हुआ।इस विशेष कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक (Chief Patron) विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. अनिल कुमार राय थे। कार्यक्रम का सफल आयोजन विभागाध्यक्ष प्रो. अख्तर हुसैन और इवेंट कोऑर्डिनेटर डॉ. प्रीति यादव के नेतृत्व में हुआ।कार्यक्रम के दौरान फैकल्टी मेंबर्स, स्टाफ और छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मंच पर एक साथ तस्वीरें खिंचवाईं, जहां 'Department of C.S.I.T.' और 'Shubh Aarambh' का बैनर लगा हुआ था।इस मौके पर विशेष रूप से डॉ. पूजा यादव, डॉ. अनिल बिष्ट, डॉ. इरम नईम, चीफ प्रॉक्टर प्रो. रवींद्र सिंह, डॉ. अश्वनी गुप्ता, डॉ. बी.आर. अंबेडकर, शुभांगी, अभिषेक, सुशील गंगवार, शिवांगी, रजत, आशुतोष, सतीश और दीपिका उपस्थित रहे, जिन्होंने इस समारोह की शोभा बढ़ाई।

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक ओम प्रकाश शुक्ला एवं मुद्रक संजीव कृष्ण त्रिपाठी द्वारा **आज** हिन्दी दैनिक प्लाट संख्या ई.12, ई.13, रोड नं. 3, परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया बरेली से मुद्रित एवं प्रकाशित
वाराणसी-संत कबीर मार्ग,**गोरखपुर**-बैंक रोड,**प्रयागराज**-3 लीडर रोड,**कानपुर**-बांस मण्डी,**झांसी**-झोंकन बाग, **लखनऊ**-1 जापलिंग रोड, **आगरा**-महात्मा गांधी रोड, **पटना**-फ्रेजर रोड, **रांची**-नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**- न्यू काली माटी रोड साकची।
सम्पादक:
शार्दूल विक्रम गुप्त
स्थानीय प्रबन्धक
संजीव कृष्ण त्रिपाठी
वर्ष-37 **पूर्ण संख्या**-***13275***
आर.एन.आई.पंजीयन संख्या-51068/90
पंजीकृत संख्या-बी.आर.189
दूरभाष
9412293665
ajbareilly@yahoo.com
aajbareilly@gmail.com
रजिस्ट्रेशन संख्या 205/99
पी.आर.वी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद बरेली न्यायालय के अधीन होंगे।

चेकिंग के नाम पर उत्पीड़न का आरोप लगाकर व्यापारियों ने एडिशनल एसपी को सौंपा ज्ञापन

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत) शेरपुर कलां की मुख्य मार्ग पर लगातार हो रही पुलिस चेकिंग के दौरान ग्रामीणों और व्यापारियों को हो रही परेशानियों को लेकर उधोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की शेरपुर इकाई अध्यक्ष के नेतृत्व में व्यापारियों ने अपर पुलिस अधीक्षक (एडिशनल एसपी) से मुलाकात की। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपकर चेकिंग के नाम पर आम जनता के उत्पीड़न को रोकने की मांग की गई।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल शेरपुर इकाई अध्यक्ष सलमान खान के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन के माध्यम से अपर पुलिस अधीक्षक के समक्ष स्पष्ट रूप से यह बात रखी गई कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना और उसका पालन कराना पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी है और चेकिंग करना आवश्यक भी है, लेकिन इसकी आड़ में किसी भी निर्दोष ग्रामीण, राहगीर या व्यापारी को बेवजह परेशान नहीं किया जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पुलिस प्रशासन का पूरा सम्मान किया जाता है परंतु आम जनता और व्यापारियों के स्वाभिमान व अधिकारों की रक्षा करना भी उतना ही आवश्यक है। जनता का सम्मान, व्यापारियों का स्वाभिमान और ग्रामीणों की परेशानी का समाधान ही उनकी मुख्य प्राथमिकता है। बताया गया कि अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और उचित दिशा निर्देश देने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पीलीभीत युवा जिलाध्यक्ष शैली शर्मा, पीलीभीत नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक, शान मियां खान, दानिश खान, परवेज खान, शहवाज खान, सिराज खान और जहीन खान सहित कई लोग मौजूद रहे।

शादी समारोह से दो साल की बच्ची लापता, अनहोनी की आशंका को लेकर परिजन परेशान

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। शादी समारोह से दो साल की बच्ची रहस्यमय ढंग से लापता हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी बच्ची का कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई है। बच्ची के पिता ने पुलिस से शिकायत कर तलाश करने की गुहार लगाई गई है।

जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर जिले के खटीमा थाना क्षेत्र के इस्लामनगर निवासी शाहवाज पुत्र हनीफ 25 अक्टूबर को अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ बरखेड़ा में एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने आए थे। सुबह करीब 11 बजे उनकी दो वर्षीय छोटी बेटी अनाबिया घर के बाहर गली में खेल रही थी। इसी दौरान वह अचानक लापता हो गई। काफी देर तक बच्ची के वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने आस-पास के इलाके और संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इससे परिवार के लोग परेशान हैं। पिता ने बरखेड़ा थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बच्ची की गुमशुदगी दर्ज करने और उसे जल्द तलाश करने की मांग की है। पुलिस ने शाम को ही गुमशुदगी दर्ज करने के साथ ही मासूम बच्ची को तलाश शुरू कर दी है। हालांकि परिजन काफी परेशान हैं और खुद भी बच्ची की तलाश में जुटे हैं।

गोवंश की सेहत से समझौता नहीं, एक माह में सुधार का अल्टीमेटम

लखीमपुर खीरी। गोवंश का संरक्षण केवल संख्या तक सीमित नहीं, बल्कि उनकी सेहत और समुचित देखभाल भी प्रशासन की प्राथमिकता है। गो आश्रय स्थलों पर व्यवस्थाओं की हकीकत परखने निकले डीएम अंजनी कुमार सिंह को सोमवार को तहसील सदर, नकहा ब्लॉक के चाऊपुर गो आश्रय स्थल में कई गोवंश कमजोर मिले। इस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को दो टूक निर्देश दिए कि एक माह के भीतर गोवंश के स्वास्थ्य में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। साथ ही चेताया कि एक माह बाद वह स्वयं दोबारा निरीक्षण कर व्यवस्थाओं और सुधार की स्थिति परखेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से सीवीओ डॉ दिनेश कुमार सचान मौजूद रहे।

530 गोवंश संरक्षित, भूसा-दाना की उपलब्धता भी परखी*

तहसील लखीमपुर के अंतर्गत चाऊपुर गो आश्रय स्थल के औचक निरीक्षण के दौरान कुल 530 गोवंश संरक्षित मिले। इनमें 297 नर और 233 मादा गोवंश शामिल हैं। डीएम ने गोवंश की देखभाल, चारे की उपलब्धता और प्रबंधन व्यवस्था का जायजा लेने के साथ विभिन्न पंजिकाओं का भी अवलोकन किया। मौके पर 131 कुंतल भूसा और 12 कुंतल दाना उपलब्ध मिला। आश्रय स्थल पर दिन की ड्यूटी हेतु 10 तथा चार रात्रि के लिए केयरटेकर कार्यरत है।

कमजोर गोवंश के स्वास्थ्य में सुधार पर जोर*

निरीक्षण के दौरान कमजोर गोवंश मिलने पर डीएम ने क्षेत्रीय पशु चिकित्सा अधिकारी को उनके स्वास्थ्य में सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोवंश को पर्याप्त पोषण उपलब्ध कराने, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और समुचित देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाए। एक माह बाद होने वाले पुनः निरीक्षण में सुधार की स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

निगरानी में लापरवाही पर तय होगी जवाबदेही*

गो आश्रय स्थल के पर्यवेक्षण में शिथिलता मिलने पर डीएम ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव मेहुल कुमार के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए, जबकि बीडीओ नकहा संगीता यादव का वेतन रोकने के निर्देश दिए। प्रशासनिक कार्रवाई के जरिए डीएम ने स्पष्ट संदेश दिया कि गोवंश संरक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष कुमार, ग्राम पंचायत के प्रशासक प्रतिनिधि तथा गो आश्रय स्थल के केयरटेकर मौजूद रहे।

अन्तर्जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पलिया के खिलाड़ियों ने अपना वर्चस्व कायम रखते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया

लखीमपुर खीरी। रविवार दिनांक 25 अक्टूबर को जिला लखीमपुर के विलोबी हाल में आयोजित अन्तर्जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता में पलिया ताइक्वांडो एकेडमी के खिलाड़ियों ने अपना वर्चस्व कायम रखते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।पलिया के खिलाड़ियों ने पूम्से और क्योरगी (फाइट) में कुल 41 गोल्ड,14 सिल्वर,3 ब्रोंज़ सहित कुल 58 पदक जीते।इस प्रतियोगिता का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने किया तथा समापन समारोह में मुख्य अतिथि अजय मिश्रा टेनी,पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने सभी विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।लखीमपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता अजय मिश्रा टेनी की माता जी स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है।प्रतियोगिता के आयोजन को सफल बनाने में एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री अमित मिश्रा,सचिव प्रदीप कुमार,उपाध्यक्ष दिनेश कुमार,कल्पना झा,कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता,रोहित अवस्थी, नब्बन खां, दर्शन लाल,भारत वर्मा,अनिता वर्मा आदि का विशेष योगदान रहा।

विधानसभा निर्वाचन-2027 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

शाहजहांपुर । जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में राजनैतिक दलों के पदाधिकारी के साथ बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के सम्भाजन गतिमान प्रक्रिया के अन्तर्गत मतदेय स्थलों की आलेख्य सूचियों का प्रकाशन दिनांक 19.10.2026 को किया जा चुका है। आलेख्य प्रकाशन के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों /सुझावों का निस्तारण करते हुए मतदेय स्थलों के संशोधन प्रस्ताव संबंधी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा तैयार किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदेय स्थलों का सम्भाजन तथा अर्हता तिथि 01.01.2027 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से सम्बंधित कार्यक्रम निर्धारित है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में वर्तमान में 2810 मतदेय स्थल है जिसमें 207 मतदेय स्थल घटकर अब कुल 2603 मतदेय स्थल है। उन्होंने बताया कि निवास स्थान परिवर्तन के लिए फार्म 8 भरवाएं जाए। किसी भी व्यक्ति द्वारा फार्म -06 एक से अधिक स्थानों पर अलग-अलग भरे पाए गए प्राथमिकी दर्ज होगी।जिलाधिकारी ने उप जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि जांच कर ले कि जर्जर विद्यालयों के टूटने से कोई बूथ तो प्रभावित तो नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि नये मतदाताओं के वोट बनवाने के लिए फार्म-6 की संख्या बढ़वाए। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित विभिन्न गतिविधियों एवं तिथियों की जानकारी दी गई। साथ ही निर्वाचक नामावलियों को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने, पात्र मतदाताओं के नाम सम्मिलित कराने तथा अपात्र प्रविष्टियों एवं त्रुटियों के संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदेय स्थलों के संभाजन एवं भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया में आवश्यक समन्वय बनाए रखें तथा निर्धारित समयसीमा में सभी कार्यवाही पूर्ण कराई जाए।

उन्होंने बताया कि मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में आयोग की गाइडलाइन के अनुसार प्रत्येक मतदेय स्थल पर मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक नहीं रखी जाएगी।

जिलाधिकारी ने वेयरहाउस का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार ने जिला निर्वाचन कार्यालय के परिसर स्थित ई.वी.एम. एवं वी.वी.पैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। जिसमें भवन की स्थिति, अग्निशमन उपकरणों, सुरक्षा व्यवस्था, गार्ड रूम एवं सी.सी.टी.वी. और साफ सफाई रखने सहित सम्बन्धित को अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये। ईवीएम की एफ.एल.सी. के उपरांत नॉन-फंक्शनल (खराब या कार्य न करने वाली) पाई गई 1058 ईवीएम मशीनों को हैदराबाद भेजने हेतु ईवीएम वेयरहाउस खोला गया, जिससे कि मशीनों की स्क्रीनिंग का कार्य कराकर मशीनें हैदराबाद को एक अधिकारी के साथ पुलिस सुरक्षा में भेजी जा सके। वेयरहाउस के निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वि./रा., बन्दोवस्त चकबन्दी अधिकारी, प्रभारी अधिकारी ईवीएम, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला निर्वाचन कार्यालय स्टाफ सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जमीनी विवाद में किशोरी को बंधक बनाकर पीटने का आरोप, मुकदमा दर्ज

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। जमीनी विवाद में एक किशोरी को रास्ते से पकड़कर घर में बंधक बनाने और मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस मामले में किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने तीन महिला आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना माधोटांडा क्षेत्र के ग्राम पुरैना ता0 महाराजपुर में जमीनी विवाद में 14 साल की किशोरी को बंधक बनाकर पीटा गया। इसको लेकर पीड़ित किशोरी मां आनंद श्री ने बताया कि उन्होंने रामनरायन (पुत्र हरिद्वार) से जमीन खरीदकर मकान बनवाया है। रामनरायन पक्ष के लोग उनकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं, इसी विवाद के चलते यह घटना हुई। आनंद श्री के बताये अनुसार जब वह खेत पर थीं, तभी रामनरायन की पत्नी गायत्री देवी, बेटी चंद्रा देवी और लालमती ने बेटी संजना को रास्ते से पकड़ लिया तथा लात-घूंसों व डंडों से पीट दिया। विरोध करने पर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों नामजद आरोपियों गायत्री देवी, चन्द्रा देवी और लालमती के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं 127(2), 115(2), 352, 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

फावड़े को लेकर मजदूर ने मजदूर पर किया हमला

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। फावड़े को लेकर मजदूर ने मजदूर पर हमला कर दिया। जिससे मजदूर के सिर और पीठ में काफी चोटें आयीं हैं। घायल मजदूर को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने पुलिस से शिकायत की है।

थाना घुंघचिहाई क्षेत्र के उदरहा गांव का करन पुत्र पूरनलाल सोमवार सुबह करीब दस बजे कोतवाली क्षेत्र की एक राइस मिल में काम करने पहुंचा था। आरोप है कि काम के दौरान फावड़ा बिना पूछे लेने पर उसकी जेठापुर निवासी गुड्डू से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामूली कहासुनी ने विवाद का रूप ले लिया। आरोप है कि गुड्डू ने करन पर फावड़े से दो बार वार किए, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। मिल में मौजूद लोगों ने घायल मजदूर को अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को घटना की जानकारी दी। बताया जाता है पुलिस पचनेश मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। वहीं थानाध्यक्ष पवन पांडे ने बताया कि शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

छत पर चढ़ते समय छज्जा गिरने से युवक की मौत

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। छत पर चढ़ते समय अचानक छज्जा गिर गया। जिसके चलते युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को आनन-फानन में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना को लेकर मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

नगर के मोहल्ला रजागंज में सोमवार को छज्जा गिरने से एक युवक की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला रजागंज निवासी नूर हसन का 24 वर्षीय पुत्र राजा सोमवार को छत पर चढ़ा था। इसी दौरान अचानक छज्जा गिर गया, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद मोहल्ले में भी शोक का माहौल छा गया।

साइकिल सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, घायल अस्पताल में भर्ती

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिसके चलते साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घायल साइकिल सवार को उपचार हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसकी गंभीर अवस्था को देखते हुए चिकित्सक ने उसे प्राथमिक उपचार देने के उपरांत जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

नगर पंचायत कलीनगर के वार्ड 06 निवासी रमेश पांडेय पूरनपुर की एक राइस मिल में काम करते हैं। सोमवार शाम वह साइकिल से पूरनपुर आ रहे थे। जैसे ही वह कलीनगर-पूरनपुर मार्ग पर घैयायी पुलिया के पास पहुंचे, तभी अज्ञात वाहन ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में रमेश पांडेय घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घायल को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उनकी हालत को देखते हुए पीलीभीत रेफर कर दिया। अचानक हुए हादसे से परिवार के लोग परेशान हैं।

बथुआ टॉपर में तेंदुए का हमला, वनकर्मी बाल-बाल बचा

लखीमपुर खीरी। बथुआ टॉपर में मासूम मनजोत सिंह की मौत के बाद भी तेंदुए की दहशत बरकरार है। आज तेंदुए ने वनकर्मी पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन वह बाल-बाल बच गया। तेंदुआ गन्ने के खेत में घुस गया। ग्रामीणों का आरोप है कि एक सप्ताह पहले टांडा गांव की पानी की टंकी के पास तेंदुआ दिखने की सूचना पर रेंजर भूपेंद्र सिंह मौके पर नहीं पहुंचे। वनकर्मियों ने पदचिह्न न मिलने की बात कहकर उसे जंगली बिल्ली होने की आशंका जताई थी। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है और वन विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

विकास के दावों की पोल खोल रही गढ़ी रोड की तस्वीर, चलना हुआ दूभर

लखीमपुर खीरी। शहर लखीमपुर से एक तस्वीर सामने आ रही है, जो विकास के दावों पर सवाल खड़े करती है। शहर की गढ़ी रोड की हालत इतनी खस्ता हो चुकी है कि सड़क पर चलना लोगों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है हैरानी की बात यह है कि यह कोई आम रास्ता नहीं, बल्कि शहर के महत्वपूर्ण मार्गों में से एक है। इसी रास्ते से बड़ी संख्या में लोगों का आवा गमन होता है। जबकि इस मार्ग पर महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालयों के साथ-साथ राज घरानों के आवासों तक जाने का रास्ता भी जुड़ा हुआ है। इसके बावजूद सड़क लंबे समय से बदहाल पड़ी है।

सवाल यह है कि जब शहर के इतने महत्वपूर्ण मार्ग की यह हालत है, तो आम जनता की परेशानी कौन सुनेगा? टूटी सड़क, आवा गमन की परेशानी और जिम्मेदारों की कथित अनदेखी - आखिर कब तक लोग इस बदहाली का सामना करते रहेंगे।

मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन, पुनरीक्षण, पुनर्गठन एवं नए मतदेय स्थल स्थापित किए जाने को लेकर डीएम ने राजनैतिक दलों के साथ की समीक्षा बैठक

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में जनपद के मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय तथा राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन, पुनरीक्षण, पुनर्गठन एवं नए मतदेय स्थल स्थापित किए जाने के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक गांधी सभागार में आयोजित की गई। आयोजित बैठक में ?कहा गया कि ऐसे मतदेय स्थलों को चिन्हित किया जा रहा है जो मुख्य गाँव या बस्ती से 2 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर स्थित हैं। इन्हें मतदाताओं की सुविधा हेतु उसी क्षेत्र के निकटतम व सुविधाजनक शासकीय भवन में स्थानांतरित किया जाएगा। जिन मतदेय स्थलों के भवन पुराने हैं लेकिन जर्जर नहीं हैं और मतदाताओं को 2 किमी से अधिक दूरी नहीं चलनी पड़ती, उनकी स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। अत्यधिक पुराने व जर्जर भवनों के स्थान पर स्थायी व सुरक्षित भवनों का चयन प्राथमिकता पर किया जाएगा। बैठक में उन्होंने कहा कि ?राजनैतिक दलों से प्राप्त सभी दावों, सुझावों एवं आपत्तियों का पारदर्शी निस्तारण किया जाएगा। ?स्वीकृत एवं अस्वीकृत किए गए सभी प्रस्तावों का कारण सहित विवरण तैयार कर संबंधित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया जाएगा। आलेख सूची को जिला निर्वाचन अधिकारी की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा ताकि आम जनता भी अपने सुझाव व शिकायतें दर्ज करा सके।

?भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सारणी के अनुसार मतदेय स्थलों के सम्भाजन की समस्त कार्यवाही को सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूरा किया जाएगा। समय-सीमा में किसी भी प्रकार का विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार जनपद की चारों विधानसभाओं में 1662 मतदेय स्थल एवं 967 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप निर्वाचन सम्बंधी सभी मूलभूत सुविधाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ?बैठक में अपर जिलाधिकारी वि./रा., समस्त उपजिलाधिकारी सहित समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती, निकाली गई शोभायात्रा

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर पूरनपुर नगर ग्राम पंचायत माधोटांडा में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें सजी झांकियां आकर्षण का केंद्र बिंदु बनी रहीं।

पूरनपुर नगर और माधोटांडा गांव में में महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर निकाली गयी शोभायात्रा में भगवान श्रीराम और लक्ष्मण की सुंदर झांकियां आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। स्थानीय पुलिस की निगरानी ? मे शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा के दौरान पूरे कस्बे का माहौल भक्तिमय और उत्सवपूर्ण बना रहा। इस दौरान महर्षि वाल्मीकि के जीवन और उनके महान योगदान को याद करते हुए धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं का अनूठा संगम देखने को मिला। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात की नालियों में कराया गया कीटनाशक का छिड़काव

पूरनपुर (आज समाचार सेवा)। मच्छरों के प्रकोप के दृष्टिगत ग्राम प्रशासक प्रतिनिधि ने ग्राम पंचायत की नालियों में कीटनाशक का छिड़काव कराया। बताया जा रहा है कि ग्राम प्रधान के निर्देश पर ग्राम पंचायत वासियों को मच्छर जनित रोगों से बचने के लिए समुचित सफाई व्यवस्था रखने के साथ ही जहरीले कीटो को समाप्त करने हेतु दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

विकास खंड पूरनपुर अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए लोगों को राहत दिलाने के लिए सोमवार को ग्राम पंचायत पूरनपुर देहात की नालियों में दवा का छिड़काव कराया गया। ग्राम प्रशासक रहनुमा बेगम और ग्राम पंचायत सचिव अवनीश कुमार के निर्देश पर ग्राम पंचायत प्रशासक पति फैय्याज हुसैन के दिशा निर्देश पर प्रशासक प्रतिनिधि दानिश हुसैन ने बखूबी इस अभियान की जिम्मेदारी संभाल रखी है। अभियान के तहत ग्राम पंचायत की नालियों में मच्छरों से बचाव के लिए दवा का छिड़काव कराया गया। इसका उद्देश्य मच्छरों के प्रजनन पर रोक लगाना और लोगों को मच्छरजनित बीमारियों के खतरे से बचाना है। क्षेत्र में मच्छरों की बढ़ती संख्या से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में दवा का छिड़काव कराकर राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया।प्रतिनिधि दानिश हुसैन ने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य और साफ-सफाई को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने और मच्छरों के प्रकोप को कम करने के लिए आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। ग्राम प्रशासक रहनुमा बेगम व उनके पति मास्टर फैयाज के जनहित में कराये जा रहे इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा हो रही है।

महर्षि वाल्मीकि मंदिरों में दीप प्रज्जवलन/दीपदान के साथ-साथ वाल्मीकि रामायण पाठ का आयोजन

शाहजहांपुर। जनपद में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मंदिरों में दीप प्रज्जवलन/दीपदान के साथ-साथ अनवरत वाल्मीकि रामायण का पाठ का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में संजय कुमार सिंह, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र द्वारा महर्षि वाल्मीकि मंदिर शहीद उद्यान पार्क, सहायक नगर आयुक्त तरुण प्रताप सिंह द्वारा हनुमत धाम एवं मनोज कुमार मिश्रा नगर स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा महर्षि वाल्मीकि मंदिर मोहल्ला भारद्वाजी में रामायण पाठ का सफल आयोजन किया गया। इसी क्रम में विकास खण्ड स्तर पर संबंधित खण्ड एवं नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत स्तर पर भी रामायण पाठ का सफल आयोजन किया गया। मंदिरों और वाल्मीकि मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, रामायण के श्लोकों का पाठ तथा सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दिन संस्कृत साहित्य के आदिकवि महर्षि वाल्मीकि के जीवन, उनके तप, ज्ञान और समाज सुधार के संदेशों को याद किया गया। महर्षि वाल्मीकि को आदिकवि और पवित्र महाकाव्य %रामायण% के रचयिता के रूप में सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। महर्षि वाल्मीकि को सदियों से एक महान ऋषि के रूप में पूजा जाता है जिन्हें भक्ति के मार्गदर्शक के रूप में याद किया जाता है। रामायण जैसे महाकाव्य की रचना करने वाले वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से सत्य, धर्म, त्याग और कर्तव्य परायण होने का पाठ सिखाया। महर्षि वाल्मीकि संस्कृत साहित्य के सबसे पहले कवि माने जाते हैं।

जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में समस्त राजनैतिक दलों के साथ समीक्षा बैठक गांधी सभागार में हुई सम्पन्न

पीलीभीत। जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में गांधी सभागार, पीलीभीत में जनपद के मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय तथा राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन, पुनरीक्षण, पुनर्गठन एवं नए मतदेय स्थल स्थापित किए जाने के संबंध में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक गांधी सभागार में आयोजित की गई। बैठक में ?ऐसे मतदेय स्थलों को चिन्हित किया जा रहा है जो मुख्य गाँव या बस्ती से 2 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर स्थित हैं। इन्हें मतदाताओं की सुविधा हेतु उसी क्षेत्र के निकटतम व सुविधाजनक शासकीय भवन में स्थानांतरित किया जाएगा। ?जिन मतदेय स्थलों के भवन पुराने हैं लेकिन जर्जर नहीं हैं और मतदाताओं को 2 किमी से अधिक दूरी नहीं चलनी पड़ती, उनकी स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। अत्यधिक पुराने व जर्जर भवनों के स्थान पर स्थायी व सुरक्षित भवनों का चयन प्राथमिकता पर किया जाएगा। बैठक में उन्होंने कहा कि ?राजनैतिक दलों से प्राप्त सभी दावों, सुझावों एवं आपत्तियों का पारदर्शी निस्तारण किया जाएगा।

?स्वीकृत एवं अस्वीकृत किए गए सभी प्रस्तावों का कारण सहित विवरण तैयार कर संबंधित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया जाएगा। ?आलेख्य सूची को जिला निर्वाचन अधिकारी (ष्ठश्वह्र) की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा ताकि आम जनता भी अपने सुझाव व शिकायतें दर्ज करा सके। ?भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सारणी के अनुसार मतदेय स्थलों के सम्भाजन की समस्त कार्यवाही को सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूरा किया जाएगा। समय-सीमा में किसी भी प्रकार का विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार जनपद की चारों विधानसभाओं में 1662 मतदेय स्थल एवं 967 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप निर्वाचन सम्बंधी सभी मूलभूत सुविधाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ?बैठक में अपर जिलाधिकारी वि./रा., समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी, निर्वाचन अधिकारी तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पैट परीक्षा के केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

पीलीभीत। जिलाधिकारी आलोक कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने आज प्रारंभिक पात्रता परीक्षा (पैट) परीक्षा जनपद में सम्पन्न कराई जा रही है। पैट परीक्षा 2026 को सकुशल व निर्विघन ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत आज सेंट एलायसियस कालेज, ड्रमण्ड राजकीय इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, लिटिल एंजेलिस व उपाधि महाविद्यालय के परीक्षा केन्द्रों पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, कन्ट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम व अन्य व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान स्टैटिक मजिस्टेऊ्ट को निर्देश दिये गये कि परीक्षा के दौरान नियमित कक्षों का भ्रमण करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उच्चाधिकारियों को तत्काल अवगत कराया जाये। निरीक्षण के दौरान स्टैटिक मजिस्टेऊ्ट, केन्द्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयरहाउस का किया निरीक्षण, देखी व्यवस्थाऐं

पीलीभीत। जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार ने जिला निर्वाचन कार्यालय के परिसर स्थित ई.वी.एम. एवं वी.वी.पैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। जिसमें भवन की स्थिति, अग्निशमन उपकरणों, सुरक्षा व्यवस्था, गार्ड रूम एवं सी.सी.टी.वी. और साफ सफाई रखने सहित सम्बन्धित को अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये। ईवीएम की एफ.एल.सी. के उपरांत नॉन-फंक्शनल (खराब या कार्य न करने वाली) पाई गई 1058 ईवीएम मशीनों को हैदराबाद भेजने हेतु ईवीएम वेयरहाउस खोला गया, जिससे कि मशीनों की स्क्रीनिंग का कार्य कराकर मशीनें हैदराबाद को एक अधिकारी के साथ पुलिस सुरक्षा में भेजी जा सके। वेयरहाउस के निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वि./रा., बन्दोवस्त चकबन्दी अधिकारी, प्रभारी अधिकारी ईवीएम, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला निर्वाचन कार्यालय स्टाफ सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मेरा कोई भांजा नहीं, छवि धूमिल करने की कोशिश- सांसद अरुण सागर

पुवाया शाहजहांपुर।।- लखनऊ में शाहजहांपुर के लोगों द्वारा सपा ज्वाइन करने पर जनपद की राजनीति में हलचल मचीहुई है

शाहजहांपुर के कई नेता लखनऊ में समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। इनमें गौरव सागर नाम के एक व्यक्ति ने खुद को शाहजहांपुर के भाजपा सांसद अरुण सागर का भांजा बताया। इसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। जिसमे ये कहा जा रहा है कि गौरव सागर शाहजहांपुर के भाजपा सांसद अरुण सागर भांजे हैं। वीडियो सामने आने के बाद भाजपा सांसद अरुण सागर ने इस पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि गौरव सागर को वह व्यक्तिगत रूप से नही जानते हैं और न ही वह उनका रिश्तेदार है। इसके अलावा जिले की जनता मेरे लिए सर्वोपरि है। हमसे हर वर्ग और जाति के लोग मिलते हैं लेकिन इसका मतलब ये नही कि कोई व्यक्ति खुद को मेरा रिश्तेदार बताकर छवि धूमिल करे। अरुण सागर ने बताया कि गौरव सागर अखिलेश यादव की मौजूदगी में खुद को उनका भांजा बताकर उनकी और पार्टी की छवि खराब कर रहा है। सांसद ने कहा कि करीब दस साल पहले भी इस शख्स ने उनके नाम का गलत इस्तेमाल किया था, तब भी उन्होंने इसका खंडन किया था कि वह व्यक्ति मेरा रिश्तेदार नही है। उन्होंने भविष्य में ऐसे गलत प्रचार करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की बात भी कही है।

पुलिस की प्रभावी पैरवी पर गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को 3 साल की सजा, 11 हजार रुपये जुर्माना

पीलीभीत। जनपद पीलीभीत में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस और अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय ने गैंगस्टर एक्ट और हत्या के प्रयास के मामले में अभियुक्त चिरौंजीलाल कुशवाहा को तीन वर्ष के कारावास और कुल 11,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। यह फैसला 26 अक्टूबर 2026 को सुनाया गया।

पुलिस अधीक्षक पीलीभीत सुकीर्ति माधव के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपियों को न्यायालय से सजा दिलाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बीसलपुर पुलिस और मॉनिटरिंग सेल द्वारा मामले में प्रभावी पैरवी की गई।

पुलिस के अनुसार, 13 अगस्त 2005 को प्राप्त सूचना के संबंध में थाना बीसलपुर में मुकदमा अपराध संख्या 446,2005, धारा 307 भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले की गहन विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त चिरौंजीलाल कुशवाहा पुत्र माखनलाल, निवासी ग्राम देवकलिया, थाना दियोरिया कला, जनपद पीलीभीत के विरुद्ध 5 जुलाई 2006 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक कोर्ट (गैंगस्टर), जनपद पीलीभीत की न्यायालय में हुई। पुलिस द्वारा उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों और प्रभावी पैरवी के आधार पर न्यायालय ने 26 अक्टूबर 2026 को अभियुक्त को धारा 307 आईपीसी और धारा 2,3 गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषसिद्ध ठहराते हुए तीन वर्ष के कारावास और कुल 11,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। पुलिस विभाग के अनुसार, इस कार्रवाई में थाना बीसलपुर पुलिस, मॉनिटरिंग सेल और न्यायालय में नियुक्त पैरोकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई और न्यायालय में सशक्त पैरवी के माध्यम से दोषियों को सजा दिलाने का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

बरखेड़ा में शादी समारोह से ढाई वर्षीय आनबिया लापता, दो दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

पीलीभीत। जिले के बरखेड़ा कस्बे के वार्ड नंबर आठ में शादी समारोह के दौरान लापता हुई ढाई वर्षीय मासूम आनबिया का दो दिन बीतने के बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। बच्ची के अचानक लापता होने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजन तालाबों सहित कस्बे के विभिन्न स्थानों पर उसकी तलाश कर रहे हैं। वहीं, पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच तेज कर दी है। बच्ची की तलाश में डॉग स्क्वॉड की भी मदद ली जा रही है। जानकारी के अनुसार, उत्तराखंड के खटीमा निवासी शहबाज रविवार सुबह अपने परिवार के साथ बरखेड़ा में अपने मौसा निसार के पुत्र आफताब की शादी में शामिल होने आए थे। शादी समारोह के दौरान सुबह करीब 11 बजे उनकी ढाई वर्षीय पुत्री आनबिया अचानक लापता हो गई। काफी देर तक बच्ची दिखाई नहीं दी तो परिजनों ने समारोह स्थल और आसपास के घरों में उसकी तलाश शुरू कर दी।परिजनों ने रिश्तेदारों से पूछताछ करने के साथ ही कस्बे में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली, लेकिन बच्ची के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। दो दिन बीत जाने के बाद भी मासूम का पता नहीं चलने से परिवार के लोग बेहाल हैं। बच्ची की तलाश में परिजन कस्बे के तालाबों और अन्य संभावित स्थानों पर लगातार खोजबीन कर रहे हैं। हर गुजरते पल के साथ परिवार की चिंता बढ़ती जा रही है। बच्ची के लापता होने से रिश्तेदार भी परेशान हैं। उधर, पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच तेज कर दी है। बच्ची का पता लगाने के लिए डॉग स्क्वॉड की मदद भी ली जा रही है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। फिलहाल, मासूम आनबिया का कोई सुराग नहीं मिलने से परिवार की बेचैनी बढ़ती जा रही है।

तिलहर में विवाहिता ने ससुरालियों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

तिलहर/ शाहजहाँपुर। थाना तिलहर क्षेत्र के ग्राम बंथरा कल्याणपुर की रहने वाली एक विवाहिता अंशु देवी पत्नी अभिषेक ने अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ तिलहर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थिनी अंशु देवी ने अपनी तहरीर में बताया कि -*

मैं ग्राम बंथरा कल्याणपुर, थाना तिलहर की रहने वाली हूँ। मेरे ससुराल वाले ससुर उदयवीर सिंह, सास ममता, ननद कंचन और पति अभिषेक आये दिन मुझे परेशान करते हैं। मेरा पति शराब पीकर आये दिन मेरे साथ मारपीट, गाली-गलौज करता है और खर्चे के लिए पैसे नहीं देता है।

पीड़िता का आरोप है कि उसके ससुराल वाले उसके पति की दूसरी शादी कराना चाहते हैं और उसे घर से निकालने की धमकी देते हैं।

24 अक्टूबर को हुई मारपीट*

तहरीर के अनुसार, *दिनांक 24/10/2026* को पति ने शराब पीकर उसके साथ मारपीट व गाली-गलौज की। इसके बाद जब पीड़िता ने अपने मायके फोन किया तो उसके पिता आरेंद्र पाल सिंह और भाई मौके पर आए। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने उनके साथ भी गाली-गलौज और मारपीट की।

इस मारपीट में पीड़िता के भाई *अरुण प्रताप सिंह (बंटी)* और भतीजे *राघवेंद्र* को काफी गंभीर चोटें आई हैं।

इसके बाद पीड़िता अपने पिता आरेंद्र पाल सिंह और अपने चाचा के लड़के के साथ थाना तिलहर पहुंची और अपनी रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल सवार को मारी टक्कर

पुवाया शाहजहांपुर ।। पुवायां थाना क्षेत्र के डाक बंगला रोड पर एक तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल सवार रामविलास को टक्कर मार दी। इस हादसे में रामविलास गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका शाहजहांपुर के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।यह घटना 23 अक्टूबर की शाम करीब सात बजे हुई। मुबारकपुर गांव के रहने वाले किशन ने बताया कि उनके पिता रामविलास वर्कशॉप से साइकिल से लौट रहे थे। तभी बाइक संख्या क्क27क्कह्व9488 के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी।परिजन रामविलास को तुरंत अस्पताल ले गए। किशन ने पुवायां थाने में बाइक चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है कि कोतवाली प्रभारी आरके रावत ने बताया कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

धूम धाम से मनाई गयी महर्षि बाल्मीकि जी की जयंती

पुवायां शाहजहांपुर।। आज महर्षि बाल्मीकि जी की जयंती के अवसर पर निगोही रोड पुवाया में महानसंत, आदिकवि, महार्षि श्री बाल्मीकि जी के मंदिर में भाजपा जिला अध्यक्ष के सी मिश्रा ने जाकर माल्यार्पण कर नमन किया ! जिला अध्यक्ष के द्वारा रामरतन फौजी को पटका पहनाकर सम्मानित किया।महर्षि वाल्मीकि जन्मदिन समारोह पर आज निगोही रोड स्थित वाल्मीकि मंदिर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा एवं नगर पालिका अध्यक्ष संजय गुप्ता के द्वारा द्वारा विधिवत पूजन नमन करके वाल्मीकि शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया इस शोभा यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथियों के द्वारा कहा गया कि महर्षि वाल्मीकि भगवान हम सबके लिए एक आदर्श और पूजनीय हैपुवायाँ में *परम पूज्य भगवान श्री महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती* श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन हमें ज्ञान, समानता, सामाजिक समरसता एवं सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज में सद्भाव, सम्मान और सेवा की भावना को सुदृढ़ करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। महर्षि वाल्मीकि की शोभा यात्रा निगोही रोड वाल्मीकि मंदिर से शुरू होकर राजीव चौक पहुंची जहां से राजा मार्केट होते हुए तिराहा एवं चौराहा बाजार होकर मोहल्ला कुरगंजा स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर पर जाकर समाप्त हुई शोभा यात्रा में वाल्मीकि समाज के महिलाएं पुरुष एवं बच्चे भगवान वाल्मीकि की जय जय कर करते हुए चल रहे थे

कुनाल श्रीवास्तव हत्याकांड में दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, अब तक चार की गिरफ्तारी

पीलीभीत। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अमरिया पुलिस ने कुनाल श्रीवास्तव हत्याकांड में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को 25 अक्टूबर 2026 को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अभय गुप्ता पुत्र स्वर्गीय अनिल गुप्ता (उम्र करीब 23 वर्ष) तथा ऋषभ गुप्ता पुत्र प्रदीप गुप्ता (उम्र करीब 20 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों आरोपी कस्बा अमरिया के वार्ड नंबर 03, मेन मार्केट के निवासी हैं।पुलिस के मुताबिक, 12 अक्टूबर 2026 को कस्बा अमरिया में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई थी। इस दौरान लाठी-डंडों और बेसबॉल बैट से हमला किया गया, जिसमें कुनाल श्रीवास्तव की मृत्यु हो गई थी। मामले में मृतक के चाचा एवं वादी नन्हे पुत्र ढाकन लाल, निवासी अमरिया की तहरीर पर 15 अक्टूबर 2026 को थाना अमरिया में मुकदमा संख्या 241,2026 दर्ज किया गया था। मुकदमे में ओम गुप्ता उर्फ बिल्लू समेत छह अभियुक्तों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया था। पुलिस के अनुसार, इस मामले में अब तक कुल चार अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। शेष अभियुक्तों की संलिप्तता के संबंध में साक्ष्य संकलित कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अमित सिंह, उपनिरीक्षक राजेश कुमार, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल राहुल कुमार और कांस्टेबल अंकुर कुमार शामिल रहे।

पीलीभीत में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की गोष्ठी हुई आयोजित, व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण का दिया आश्वासन

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक हिमांशु गौरव ने पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य जनपद के व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं और शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना रहा। गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक हिमांशु गौरव ने व्यापारियों एवं उद्यमियों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं सुरक्षा से संबंधित मुद्दों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों एवं उद्यमियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। साथ ही, व्यापारियों की सुरक्षा एवं उनकी शिकायतों के निस्तारण को लेकर पुलिस प्रशासन की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की गई।

पराली उठाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, पुलिस ने 19 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, 06 वाहन सीज

पीलीभीत। जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना गजरौला पुलिस ने मारपीट की घटना में दोनों पक्षों के कुल 19 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त छह वाहनों को भी मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के अंतर्गत सीज कर दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 24 अक्टूबर 2026 को पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि धन्ना बाबा गुरुद्वारा के पास कुछ लोग गाली-गलौज और मारपीट कर रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना गजरौला पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पता चला कि ग्राम पौरखास निवासी परमवीर सिंह के खेत में पराली उठाने को लेकर प्रथम पक्ष के हरमनजोत सिंह पुत्र जसवीर सिंह आदि और द्वितीय पक्ष के मनमीत सिंह पुत्र रक्षपाल सिंह आदि के बीच विवाद हो गया था। विवाद के दौरान दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से एक-दूसरे के साथ मारपीट कर रहे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोप है कि पुलिस की मौजूदगी में ही दोनों पक्ष दोबारा गाली-गलौज और मारपीट करने लगे। मामले में थाना गजरौला पर मु0अ0सं0 276,2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 190, 191(2), 189(5), 125, 351(3) और 352 में अभियोग पंजीकृत किया गया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के कुल 19 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त छह वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के अंतर्गत सीज किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद पीलीभीत के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में की गई। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में निरीक्षक सौरभ धामा, उपनिरीक्षक राजकुमार, उपनिरीक्षक सुनील कुमार सहित कांस्टेबल शिवम बालियान, कपिल कुमार, मोहित कुमार, विजय चौधरी, विक्रान्त, अमरजीत सिंह, निशान्त, अभिषेक मलिक, उपदेश कुमार, अंकित मावी, हर्ष, सागर कुमार, सुनील कुमार, मुकुल मैनवाल, चमन सिंह, रोबिन सिंह और विशाल कुमार शामिल रहे।

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

कार्पोरेट कार्यालय : ऑफिस नं. 501 एवं 503, पाँचवी मंजिल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई सुबुरबन (जिला), महाराष्ट्र-400072

शाहजहांपुर शाखा: प्रथम मंजिल, टी. नं.- 65, सिविल लाइंस, दुर्गा होटल के पास, सदर बाजार, शाहजहांपुर-242001 (उ.प्र.)

बरेली शाखा: बी3 एवं बी-4, ग्राउंड फ्लोर, आकाश फ्लोर्स, 320-सिविल लाइन्स, सिटी स्टेशन रोड, बरेली-243001 (उ.प्र.)

आधिपत्य सूचना परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतू)

जबकी, **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के **60 दिवस** में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओ/ प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ता राशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ)/ प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे। ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

क्रं	ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकता (ओ)(शाखा का नाम)	धरोहर संपत्ति विवरण (अचल संपत्ति)	मांग सूचना का दिनांक एवं राशि	आधिपत्य की दिनांक
1	(लोन कोड नं. 44410000038/ शाहजहांपुर शाखा) गौरव गुप्ता (ऋणी) शीतल गुप्ता (सह-ऋणी)	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, आवासीय प्लॉट नं.- सी 32 एवं सी 33, ब्लॉक- ई, गाटा नं.- 3345 के भाग पर स्थित, मिर्जापुर, परगना- जलालाबाद, तह. कलां, जिला शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश **चतुर्सीमाएँ** : पूर्व- प्लॉट नं.सी 31, पश्चिम- प्लॉट नं. सी 34, उत्तर- प्लॉट नं.सी 24 एवं सी 25, दक्षिण- 20 फीट चौडा रास्ता	**13-05-2026 & ₹12,41,057/-**	**22-10-2026**
2	(लोन कोड नं 02610000326 / बरेली शाखा) देवेंद्र कुमार (ऋणी) परविंद्र सिंह, राम निवास, अरेंद्र कुमार सिंह व पुष्पेंद्र सिंह (सह-ऋणी)	संपूर्ण संपत्ति का वह भाग एवं समस्त अंश, म्यूनिसिपल नं. 177 पर स्थित मकान (नगर पालिका परिषद जलालाबाद के मूल्यांकन में जैसा उल्लेखित), ज़ामदागनी नगर (नौसरा वेस्ट), तहसील जलालाबाद, जिला शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश **चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः 08 फीट चौड़ी रोड, पश्चिम: हरि शरण गुप्ता का मकान, उत्तर: रोड, दक्षिण: पुत्तू लाल का मकान	**10-07-2026 & ₹ 9,18,517/-**	**22-10-2026**
3	(लोन कोड नं.44410000059 / शाहजहांपुर शाखा) राकेश पिता किशोरी (ऋणी) सविता देवी एवं सानू गुप्ता (सह-ऋणी)	संपूर्ण संपत्ति का वह भाग एवं समस्त अंश, रहवासी प्लॉट नं. बी-22 डी, ब्लॉक डी, गाटा नं. 3345 भाग, के.पी. सिंह नगर, ग्राम मीरजापुर, परगना जलालाबाद, तहसील कलान, जिला शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश **चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः प्लॉट नं. बी-21, पश्चिम: 20 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तर: प्लॉट नं. बी-11 छोटे सिंह, दक्षिण: 20 फीट चौड़ा रास्ता	**10-07-2026 & ₹ 5,03,548/-**	**22-10-2026**
4	(लोन कोड नं.02610000240 / बरेली शाखा) कय्यूम बेग (ऋणी) स्व.संजीदा बेगम (कानूनी उत्तराधिकारी के माध्यम से प्रतिनिधित्व), जुनैद बेग, उबैद एवं उबैश बेग (सह-ऋणी)	संपूर्ण संपत्ति का वह भाग एवं समस्त अंश, गाटा नंबर 287 के भाग पर आवासीय प्लॉट, मोहल्ला स्थित - लोधीपुर, तहसील - सदर, जिला शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व: अराजी सईदुद्दीन एवं रास्ता निकास मुस्तका 06 फीट चौड़ा, पश्चिम: खतीब आदिव का मकान एवं रास्ता कच्चा 10 फीट, उत्तर: नफीस का मकान, दक्षिण: खाली प्लॉट	**10-07-2026 & ₹ 15,49,540/-**	**22-10-2026**

स्थान : उत्तर प्रदेश
दिनांक : 27-10-2026

प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

सुभाषित जीवनमें यदि सफलता चाहते हैं तो कर्म और लोक कल्याणमें समन्वय जरूरी है। तभी जीवनका समग्र विकास हो पायेगा। ❑ शतपथ ब्राह्मण

साइबर आतंकियोंके खतरे

साइबर आतंकियोंके हमले तेजीसे बढ़ते जा रहे हैं जो गम्भीर खतरेका संकेत है। साइबर आतंकियोंसे बैंकिंग क्षेत्रकी सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती बन गयी है। इसका यह बड़ा कारण है कि भारतमें बैंकिंग व्यवस्था तेजीसे डिजिटल हो रही है। इण्टरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, कार्ड भुगतान, डिजिटल ऋण और एपीआई आधारित वित्तीय सेवाओंने बैंकिंगको तेजीसे सुविधाजनक बना दिया है। इसका दूसरा पहलू यह है कि डिजिटल विस्तारने साइबर अपराधियोंके लिए हमले के नये रास्ते भी खोल दिये हैं। आज खतरा केवल ग्राहकके खातेका पासवर्ड चुरानेतक सीमित नहीं है। बैंकके आईटी नेटवर्क, एपीआई क्लाउड, भुगतान प्रणालियों, कर्मचारियों और तीसरे पक्षके सेवा प्रदाताओंको निशाना बनाकर बड़े पैमानेपर धनकी चोरी अथवा बैंकिंग व्यवस्थाको बाधित करनेकी क्षमता विकसित हो रही है। यह खतरा इसलिए भी और गम्भीर हो गयी है, क्योंकि बैंकिंग क्षेत्रकी सबसे बड़ी ताकत-आपसमें जुड़ी हुई डिजिटल व्यवस्था ही उसकी सबसे बड़ी कमजोरी बन सकती है। इनमें अनेक डिजिटल सम्पर्क-बिन्दु होते हैं। एक कड़ीके कमजोर पड़नेपर उसका प्रभाव दूसरी संस्थाओंतक पहुंच सकता है। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं साइबर आतंकियोंकी बढ़ती हरकतोंसे चिन्तित हैं। रविवारको उड़ीसाके भुवनेश्वरमें भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के १६९ करोड़ रुपयेकी लागतसे बने डाटा सेण्टर और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थानका उद्घाटन करनेके बाद सभाको सम्बोधित करते हुए कहा कि युद्ध अब पारम्परिक तरीकोंसे नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्थाओंको निशाना बनाकर लड़े जा रहे हैं। भारतकी बैंकिंग प्रणालीको साइबर आतंकवादियोंसे बचानेकी सख्त जरूरत है। प्रधान मंत्रीके उद्बोधनमें सबसे महत्वपूर्ण पहलू बैंकिंग क्षेत्रको साइबर आतंकियोंके हमलेसे बचाना है। वर्तमान परिदृश्यमें मोदीके विचार महत्वपूर्ण और प्रासंगिक हैं। इसके लिए भारतीय रिजर्व बैंक और साइबर सुरक्षासे जुड़े विशेषज्ञोंको समन्वित ढंगसे बड़े प्रयास करने होंगे। साइबर आतंकियोंके हमलेके स्वरूप भी अनेक प्रकारके हैं। अब तो एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) ने इस खतरेको और गम्भीर बना दिया है। इससे बैंकिंग क्षेत्रकी सुरक्षा व्यवस्थाके समक्ष चुनौतियां बढ़ गयी हैं। बैंकिंग सुरक्षाके लिए चरणबद्ध ढंगसे कार्य करनेकी जरूरत है। इसमें ग्राहकोंकी जागरूकता और भूमिका भी काफी महत्वपूर्ण है। बैंक ग्राहकोंको काफी सतर्क रहना होगा। बैंकोंके निर्देशोंका सख्तीसे अनुपालन भी करना होगा तभी नयी चुनौतियोंका सामना किया जा सकता है।

चुनाव आयोगकी सख्ती

उत्तर प्रदेशकी मतदाता सूचीमें गड़बड़ियोंको लेकर चुनाव आयोगने जो सख्त रुख अपनाया है वह उचित और मजबूत लोकतंत्रके लिए आजकी महती आवश्यकता है। राजनीतिक दलों और सोशल मीडियाके माध्यमसे एकके बाद एक मतदाता सूचीमें जो गड़बड़ियां सामने आ रही हैं, वह बेहद चिन्तनीय और जिम्मेदार अधिकारियोंके कर्तव्यबोधपर गम्भीर सवाल खड़ा करता है। अभीतक किसी मामलेमें गड़बड़ी मिलनेपर केवल निचले स्तरके कर्मचारियोंपर गाज गिरती थी और मामला रफा-दफा हो जाता था, लेकिन मतदाता सूचीमें गड़बड़ियोंका निस्तारण करने और भविष्यमें इसकी पुनरावृत्ति रोकनेके लिए मंडलायुक्त और जिला निर्वाचन अधिकारी (डीएम) की भी चुनाव आयोगने जिम्मेदारी और जवाबदेही तय कर दी है, यानी अब उनपर भी काररवाई होगी। चुनाव आयोगकी यह सख्ती मतदानकी पारदर्शिता और शुचिताके लिए सार्थक कदम है। पीलीभीत प्रकरणके बाद चुनाव आयोगने आजमगढ़ समेत सभी जिलोंमें निगरानी बढ़ा दी है। साथ ही कम्प्यूटर सहायकोंकी फीडिंगपर रोक लगा दी गयी है और दस अप्रैलके बाद अबतक फीड किये गये फार्म-६, फार्म-७ और फार्म-८ की अनिवार्य रूपसे जांच करायी जायगी। विभिन्न माध्यमोंसे प्राप्त शिकायतोंका समयबद्ध निस्तारण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) करेंगे। इस सम्बन्धमें सभी अधिकारियोंको ईआरओ नेटकी लांगिन आईडी एवं पासवर्ड किसीसे भी साझा न किये जानेकी हिदायत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके दुरुपयोग होनेकी सम्भावनासे इनकार नहीं किया जा सकता है। यानी अब बीएलओ ही भौतिक रूपसे जमा फार्मोंको बीएलओ एपसे डिजिटल रूपसे जमा करेंगे। चुनाव आयोगका प्रदेशभरमें पुनरीक्षणकी प्रक्रियापर कड़ा रुख कितना प्रभावी होगा यह तो आने वाला समय ही बतायेगा लेकिन इतना तो तय है कि मतदाता सूचीमें गड़बड़ी रोकनेकी दिशामें यह महत्वपूर्ण पहल है। इससे जिम्मेदार अधिकारियोंकी लापरवाहीपर अंकुश लगेगा।

लोक संवाद

नयी उम्मीदकी किरण

महोदय,-ब्लड कैंसरके मरीजोंके इलाजको बेहतर बनानेकी दिशामें एक नयी पहल की गयी है। भारत बायोटेककी सहायक कम्पनी न्यूसेलियन थेराप्यूटिक्सने हैदराबादकी वेजेन बायोके साथ साझेदारी की है। दोनों कम्पनियां मिलकर मल्टीपल मायलोमा नामके ब्लड कैंसरके इलाजके लिए एक नयी थेरेपी विकसित करनेपर काम करेंगी। कम्पनियोंका लक्ष्य साल २०२८ तक इसे बाजारमें उपलब्ध करानेकी दिशामें आगे बढ़ना है। इसके साथ ही कोशिश की जायगी कि मरीजोंको यह इलाज किफायती कीमतपर मिल सके। हालांकि अभी यह थेरेपी विकास और जांचके चरणमें है, इसलिए मरीजोंके लिए इसकी उपलब्धता कई जरूरी प्रक्रियाओं और क्लिनिकल ट्रायलके नतीजोंपर निर्भर करेगी। मल्टीपल मायलोमा एक तरहका ब्लड कैंसर है, जो प्लाज्मा सेल्सको प्रभावित करता है। ये सफेद रक्त कोशिकाओंका एक प्रकार हैं और शरीरको संक्रमणसे लड़नेमें मदद करने वाली एंटीबॉडी बनानेका काम करती हैं। ये कोशिकाएं बोन मैरो यानी हड्डियोंके अंदर मौजूद उस ऊतकमें पायी जाती हैं, जहां खूनकी कोशिकाएं बनती हैं। इस बीमारीमें असामान्य प्लाज्मा सेल्स बढ़ने लगती हैं और बोन मैरोमें जमा होकर सामान्य रक्त कोशिकाओंके निर्माणको प्रभावित कर सकती हैं। इससे मरीजको कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं, जैसे हड्डियोंमें दर्द, लगातार थकान, बार-बार संक्रमण होना और किडनीसे जुड़ी समस्याएं। कुछ मरीजोंमें बीमारी समयके साथ दोबारा बढ़ सकती है या मौजूदा इलाजसे पूरी तरह नियंत्रित नहीं हो पाती। ऐसे मामलोंमें नये उपचार विकल्पोंकी जरूरत महसूस होती है। सेल थेरेपीके रूपमें विकसित किया जा रहा है। यह एक खास तरहका इलाज है, जिसमें मरीजकी अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमताकी कोशिकाओंको कैंसरसे लड़नेके लिए तैयार किया जाता है। इस प्रक्रियामें सबसे पहले मरीजके खूनसे टी-सेल्स नामकी प्रतिरक्षा कोशिकाएं निकाली जाती हैं। इसके बाद प्रयोगशालामें इन कोशिकाओंमें बदलाव किया जाता है, ताकि वे कैंसर कोशिकाओंपर मौजूद खास पहचान वाले प्रोटीनको पहचान सकें और उनपर हमला कर सकें। तैयार की गयी कोशिकाओंको फिर मरीजके शरीरमें वापस पहुंचाया जाता है। इस तरहकी थेरेपीका उद्देश्य शरीरकी प्रतिरक्षा प्रणालीको कैंसर कोशिकाओंके खिलाफ अधिक प्रभावी बनाना है। हालांकि थेरेपी हर मरीजके लिए उपयुक्त नहीं होती और इससे कुछ गम्भीर दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं। इसलिए इसका इस्तेमाल विशेषज्ञ डॉक्टरोंकी निगरानीमें और निर्धारित चिकित्सा प्रक्रियाओंके अनुसार किया जाता है। वेजेन बायोकी थेरेपीको कैंसर कोशिकाओंपर मौजूद प्रोटीनको निशाना बनानेके लिए तैयार किया जा रहा है। इन प्रोटीनको पहचाननेकी क्षमता विकसित करके थेरेपीका उद्देश्य कैंसर कोशिकाओंको पहचानना और उनपर हमला करना है। इस परियोजनामें वेजेन बायो अपनी तकनीक उपलब्ध करायेगी, जबकि न्यूसेलियन थेराप्यूटिक्स थेरेपीके निर्माण और उत्पादनसे जुड़ी प्रक्रिया विकसित करनेपर काम करेगी। कम्पनी हैदराबाद स्थित अपनी विशेष सुविधामें इसके निर्माण और भविष्यमें बड़े स्तरपर उत्पादनकी तैयारी करनेकी योजना बना रही है। उपलब्ध जानकारीके अनुसार इस थेरेपीपर चीनमें क्लिनिकल विकासका काम हो चुका है और अमेरिकामें भी इसे विकसित किया जा रहा है। भारतमें इसे आगेकी जांच और क्लिनिकल ट्रायलके लिए तैयार करनेकी योजना है। हालांकि किसी भी नयी कैंसर थेरेपीको मरीजोंके लिए उपलब्ध करानेसे पहले उसकी सुरक्षा, प्रभावशीलता और नियामकीय मंजूरीसे जुड़ी जरूरी प्रक्रियाएं पूरी करनी होती हैं। इसलिए २०२८ का लक्ष्य तय समयमें पूरा होगा या नहीं, यह आगे होने वाली जांच और ट्रायलके नतीजोंपर निर्भर करेगा। **-शिप्रा शाह, वाया ईमेल।**

अपने वैज्ञानिकों से विमुख भारत

चीन अपने वैज्ञानिकोंको सर्वोच्च सहायता देता है, जिससे वे चीनके उत्थानमें सहयोग कर सकें। इन वैज्ञानिकोंने कई महत्वपूर्ण और उन्नत शोध किये हैं। इसके विपरीत भारत अपने वैज्ञानिकोंके विशाल और उत्कृष्ट समूहका लाभ नहीं उठा पाया है जिनके पास कई क्षेत्रोंमें उन्नत ज्ञान और कौशल मौजूद हैं।

❑ श्याम सरन

जब वर्ष १९७८ में चीनके नेता तंग श्याओफिंगने अपने देशकी अर्थव्यवस्थामें सुधार करने और उसे खोलने या उदार बनानेकी शुरुआत की तो उनकी कार्य योजनामें देशके शैक्षणिक, वैज्ञानिक और तकनीकी संस्थानोंको दोबारा पटरीपर लाना पहली प्राथमिकता थी। दस वर्षोंतक चली 'सांस्कृतिक क्रांति' (वर्ष १९६६-१९७६) के दौरान हुई भारी उथल-पुथलने इन संस्थानोंको पूरी तरह बरबाद कर दिया था। शैक्षिक संस्थानोंके बंद होने, पढ़े-लिखे और पेशेवर वर्गके खिलाफ वैचारिक अभियानों और ग्रामीण जीवनके महिमामंडनके कारण चीनने अपनी एक पूरी युवा पीढ़ी खो दी थी। तंग श्याओफिंगको महसूस हो गया था कि आधुनिक ज्ञान और कौशलके मामलेमें चीनको बाकी दुनियाकी बराबरी करनी होगी। चीनके प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों, वैज्ञानिक एवं तकनीकी अनुसंधान केन्द्रों और पेशेवर क्षमता बढ़ाने वाले संस्थानोंको दोबारा शुरू करनेके साथ शियाओपिंगने अमेरिका और पश्चिमी देशोंके साथ अपने अच्छे संबंधोंका भी फायदा उठाया। उन्होंने बड़ी संख्यामें चीनके युवाओंको इन देशोंके शीर्ष विश्वविद्यालयोंमें पढ़नेके लिए भेजा। कई वर्षोंतक चीन एक स्पंजकी तरह काम करता रहा यानी जहांसे भी संभव हुआ वहांसे ज्ञान, तकनीक और कौशल तहे दिलसे स्वीकार करता रहा। विकसित देशोंसे सीखनेकी प्रक्रियामें चीनने विनम्रता और सीखनेकी इच्छा दिखायी। सबसे अहम बात यह है कि चीनने एक ऐसा तंत्र तैयार किया जिससे न केवल उन्नत ज्ञान, कौशल और तकनीक अपनाये गये, बल्कि उन्हें गहराईसे सीखा और आत्मसात भी किया गया।इसीने आगे चलकर स्वतंत्र रूपसे ज्ञान सृजनका रास्ता खोला जिसे आज हम देख पा रहे हैं। पश्चिमी देशोंकी कम्पनियोंके साथ शुरू किये गये संयुक्त उद्यम चीनके साझेदारों और कर्मचारियोंके लिए प्रशिक्षणका मंच बन गये। बादमें यही लोग स्वयं नये आविष्कारक बने और अपने विदेशी समकक्षोंसे भी आगे निकल गये। चीनके एक विकास बैंकके पूर्व चेयरमैनने बताया कि चीनमें आने वाली पूंजीका बड़ा हिस्सा पश्चिमी देशोंसे नहीं, बल्कि 'ग्रेटर चाइना' (ताइवान, हॉन्ग कॉन्ग और सिंगापुर) से आया था। परन्तु पश्चिमी देशोंसे निवेश अपने साथ उन्नत तकनीक और आधुनिक प्रबंधन कौशल लेकर आया चाहे वह विदेशी सहायक कम्पनियोंके जरिये हो या संयुक्त उद्यमोंके जरिये। चीन सरकारने अपने बाजारमें प्रवेश देनेके लिए शर्तके तौरपर तकनीक हस्तांतरणपर जोर दिया। इससे चीनकी अर्थव्यवस्था बदलनेमें मदद मिली। सुधारोंकी शुरुआत और बाजार खोलनेके शुरुआती दौरमें चीनको इस बातसे कोई परवाह नहीं थी कि विदेशमें पढ़ने वाले बहुतसे छात्र वहीं रुककर काम करनेका विकल्प चुन रहे थे। हालांकि समयके साथ चीनने उत्कृष्टता केन्द्र बना, जहां अत्याधुनिक शोध सुविधाएं और आकर्षक वेतन दिये जाते थे। इनमेंसे कई संस्थानोंने विदेशी वैज्ञानिकोंको उन्नत शोध करनेके लिए चीन आनेका न्योता दिया। यहांतक कि चीनकी सरकारके खर्चपर शोध प्रयोगशालाएं भी स्थापित की गयीं, बस एक शर्त रखी गयी कि उनके साथ चीनके कुछ युवा शोधकर्ता भी काम करेंगे। एक भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक (जिनके नाम कई उच्च-तकनीक पेटेंट हैं) चीनके प्रमुख प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग संस्थान चिंगहुआ विश्वविद्यालयमें हर वर्ष कुछ महीने बिताते थे। कई वर्षोंके दौरान उन्होंने चीनके लगभग २,००० वैज्ञानिकोंको प्रशिक्षित किया जो आज भी उनके संपर्कमें हैं। इन वैज्ञानिकोंने आगे चलकर स्वयं भी कई महत्वपूर्ण और उन्नत शोध किये हैं। हालमें अमेरिकी सरकारने इस तरहकी गतिविधियोंपर रोक लगायी है। इसके विपरीत भारत अपने उन प्रवासियोंके विशाल और उत्कृष्ट समूहका लाभ नहीं उठा पाया है जिनके पास कई क्षेत्रोंमें उन्नत ज्ञान और कौशल मौजूद हैं। अपने निजी अनुभवसे मैं जानता हूं कि उनमेंसे कई लोग बिना किसी बड़े आर्थिक पारितोषिककी उम्मीद किये देशवासियोंके साथ अपना ज्ञान साझा करनेके लिए उत्सुक हैं। परन्तु वे शोधके लिए उचित सुविधाएं चाहते हैं। वे चाहते हैं कि जिन संस्थानोंमें उन्हें काम करनेके लिए भेजा जाय वहां उनका स्वागत किया जाय। परन्तु कई संस्थानोंके कर्मचारी ऐसे अत्यधिक योग्य लोगोंको देखकर असुरक्षित महसूस करते हैं।उन्हें इस बातका डर सताता रहता है कि कहीं वे उनके सामने कम काबिल न साबित हो जायं। वे उन्नत ज्ञान और कौशल वाले व्यक्तिकी मौजूदगीको सीखने और अपनी क्षमताएंको बेहतर बनानेके एक अवसरके रूपमें नहीं देखते। यह चीनके अनुभवसे बिल्कुल अलग स्थिति है। ऐसी सरकारी नीति अपने आपमें अजीब है जिसका मकसद अपने पेशेवर और कुशल लोगोंको विदेशमें भेजना हो। व्यापार वार्ताओंमें भारत चाहता है कि उसके शिक्षित और पेशेवर नागरिकोंको विदेशमें अवसर मिलें। यह इस बातको स्वीकार करने जैसा है कि हम अपने देशमें ही उन्हें सार्थक रोजगार दिलानेमें लगातार विफल रहे हैं। कड़वा सच यह है कि सही मौका मिलनेपर उच्च शिक्षित युवा भारतीय अपना भविष्य विदेशमें बनाना पसंद करते हैं। हम अपने युवाओंकी शिक्षापर निवेश तो कर रहे हैं परन्तु इस निवेशका फायदा कहीं और उठाया जा रहा है। यह कोई अच्छी अर्थ नीति नहीं है। पहले कमसे कम इस बातकी समझ तो थी कि भारतसे प्रतिभाओंका पलायन हो रहा है और यह देशके लिए एक नुकसान है। अब तो इस प्रतिभा पलायनको एक खूबीके रूपमें पेश किया जाने लगा है। अपने देशमें ही युवा पेशेवरोंके लिए अच्छे अवसर पैदा करने वाली नीतियां बनानेके बजाय हम अपने सबसे बेहतरीन और होनहार लोगोंको विदेशमें अपना भविष्य तलाशने दे रहे हैं। यह एक बड़ी नीतिगत विफलता स्वीकार करने जैसा है। हालमें अमेरिकाके कुछ फैसलोंको लेकर काफी चिन्ता है, जिनमें अमेरिकी कम्पनियों (जिनमें अच्छे वेतन देने वाली तकनीकी कम्पनियां भी शामिल हैं) द्वारा भारतीय कर्मचारियोंको कामपर रखनेपर पाबंदियां लगायी गयी हैं। इसे एक झटकेके रूपमें देखनेके बजाय क्यों न भारतीय कम्पनी जगतके साथ मिलकर काम किया जाय, ताकि हमारे अत्यधिक कुशल देशवासियोंका स्वागत किया जा सके और वे अपने ही देशमें एक सार्थक करियर बना सकें।भारतने अंतरिक्ष एवं परमाणु ऊर्जा कार्यक्रमों और इलेक्ट्रॉनिक, दवा और सूचना-प्रौद्योगिकी (आईटी) जैसे कुछ क्षेत्रोंमें उत्कृष्टताकेकेन्द्र (आइलैंड्स ऑफ एक्सीलेंस) बनानेमें सफलता पायी है। परन्तु इन केन्द्रोंका विस्तार होना चाहिए ताकि ये उत्कृष्टताके बड़े क्षेत्र बन सकें। आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस (एआई) का क्षेत्र तेजीसे विकसित हो रहा है और इसके लिए सबसे अधिक उच्च प्रशिक्षित लोगोंकी जरूरत होगी। एआईके अत्याधुनिक शोध और अनुप्रयोगोंमें काम करने वाले कई लोग भारतीय मूलके हैं। उन्हें वापस भारत लाकर यहां कामपर लगाना, भविष्यके इस बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्रमें आगे रहनेका एकमात्र मौका हो सकता है। एक ऐसा तंत्र बनानेकी सख्त जरूरत है जो ज्ञान और कौशलसे संपन्न इन लोगोंको स्वदेशमें ही बेहतरीन करियरके अवसर दे सके जिससे भारतके बदलावमें मदद मिल सके। विदेशमें भारतीय मूलके पेशेवरोंके लिए माहौल अब उतना अनुकूल नहीं रहा है। ऐसेमें वे स्वदेशमें ही अवसरोंकी तलाश कर सकते हैं। हमें उनके लिए ऐसा माहौल तैयार करना चाहिए कि वे भारतको एक प्रमुख विज्ञान और प्रौद्योगिकी शक्तिके रूपमें स्थापित करनेमें अपना योगदान दें।

एआईके अत्याधुनिक शोध और अनुप्रयोगोंमें काम करनेवाले कई लोग भारतीय मूलके हैं। उन्हें वापस भारत लाकर यहां कामपर लगाना, भविष्यके इस बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्रमें आगे रहनेका एकमात्र मौका हो सकता है। ऐसे तंत्रकी सख्त जरूरत है जो ज्ञान और कौशलसे संपन्न लोगोंको स्वदेशमें ही बेहतरीन कैरियरके अवसर दे सके जिससे भारतके बदलावमें मदद मिल सके। भारतीय पेशेवर स्वदेशमें ही अवसरोंकी तलाश कर सकते हैं। उनके लिए ऐसा माहौल तैयार करना होगा कि वे भारतको प्रमुख विज्ञान और प्रौद्योगिकी शक्तिके रूपमें स्थापित करनेमें अपना योगदान दें।

सेहत सुरक्षा हो प्राथमिकता

राज्योंमें सूखा घोषित करनेकी प्रक्रिया सरल बनायी जानी चाहिए। कृषि योजनाओंमें बहुवर्षीय जलवायु जोखिम मॉडलको शामिल करना जरूरी है। दीर्घकालिक विकासकी क्षमता के लिए अर्थव्यवस्थाको मजबूत करना होगा।

❑ ज्ञानेन्द्र रावत

अलनीनो भयावह खतरेका सबब बनता जा रहा है। दुनियाके मौसम विज्ञानियोंने अलनीनोके खतरनाक स्तरको 'सुपर-डुपर अलनीनो' नाम दिया है। शिकागो विश्वविद्यालयके एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूटकी हालिया रिपोर्टके मुताबिक सामान्य वर्षोंकी तुलनामें सुपर-डुपर अलनीनोके कारण अगले छह महीनोंमें दुनियाभरमें करीब ४.५१ लाख अतिरिक्त मौतें हो सकती हैं। अलनीनो पहलेसे गर्म होती जलवायुपर अपना असर दिखा रहा है, जिससे आने वाले महीनोंमें तापमानके रिकॉर्ड टूटनेकी संभावना बढ़ रही है। इस बार फरवरीमें ही गर्मी दस्तक दे सकती है। सुपर अलनीनोके प्रभावसे आने वाले महीनोंमें वैश्विक स्तरपर सतहका तापमान १.२ डिग्री सेल्सियसतक अधिक रह सकता है। अनुमान है कि अगले २० वर्षोंतक तापमानका यही रुझान देखनेको मिल सकता है। विश्व मौसम संघटनकी हालिया चेतावनीके मुताबिक, अलनीनो फरवरी २०२७ तक बना रह सकता है। ऐसी स्थितिमें इसका असर भारतमें अगले मानसूनकी शुरुआततक रहनेकी संभावना है। चिन्ताकी बात यह है कि यह सर्दियोंकी बारिश और तापमानको भी प्रभावित कर सकता है। यही नहीं, दुनियाके कई हिस्सोंमें तापमान और बारिशके पैटर्नपर भी इसका असर पड़ सकता है। नतीजतन कहीं सूखेकी स्थिति बन सकती है तो कहीं सामान्यसे अधिक बारिश और बाढ़का खतरा बढ़ सकता है।दरअसल विश्व मौसम संघटनके पूर्वानुमानके मुताबिक नवंबर महीनेमें तापमानके चरमपर पहुंचनेकी सम्भावना जतायी गयी थी। लेकिन अब प्रशांत महासागरमें भू-मध्य रेखाके पास समुद्रका तापमान सामान्यसे तीन गुना अधिक है और इसमें तेजीसे वृद्धिकी आशंका है। समुद्रकी गहराईमें भी कई हिस्सोंमें पानी सामान्यसे आठ डिग्रीतक अधिक गर्म पाया गया है, जिससे अलनीनोको और ताकत मिली है। वैज्ञानिकोंका मानना है कि दुनियाके सभी भू-भागोंमें इस साल नवंबरतक सामान्यसे अधिक तापमान रहेगा। प्रशांत महासागरका पानी गर्म होनेपर भारतकी ओर आने वाली हवाओंके दबाव और उनकी दिशामें बदलाव आता है। इससे बादलोंकी आवाजाही और बारिशका रास्ता भी बदल सकता है। यही अहम कारण है कि प्रशांत महासागरमें होने वाला बदलाव भारत जैसे हजारों किलोमीटर दूर स्थित देशोंके मौसमको भी प्रभावित करता है। मौसम विज्ञानियोंके मुताबिक अलनीनोका असर केवल मानसूनतक सीमित नहीं रहेगा। इसके मजबूत बने रहनेपर सर्दियोंमें भी तापमान सामान्यसे अधिक रहनेकी आशंका है। उत्तर भारतमें सर्दियोंके छोटा होने और फरवरी-मार्चमें गर्मी बढ़नेका रुझान पहलेसे ही देखा जा रहा है। यही नहीं, पश्चिमी विक्षोभ, हिमालयमें बर्फबारी और हिन्द महासागरकी स्थितिकी भूमिका भी इसमें काफी महत्वपूर्ण होगी। वर्ष २०२३-२४ के मजबूत अलनीनोने २०२४ को दुनियाका सबसे गर्म साल बनानेमें प्रमुख भूमिका निभायी थी। ठीक उसी तरह, इस साल भी तापमानका नया रिकॉर्ड बननेका खतरा बना हुआ है।सम्भावना है कि दिसंबर महीनेमें तापमान उच्च स्तरपर पहुंच जायगा। इससे पहले अलनीनोकी स्थिति और तीव्र होगी, जो चार डिग्री सेल्सियसतक पहुंच सकती है। गौरतलब है कि यह अबतककी सर्वाधिक तापमान वृद्धि होगी। इससे स्पष्ट है कि अलनीनोका दायरा लगातार बढ़ रहा है। इससे पहले २०१५ में अधिकतम २.६ डिग्री सेल्सियसकी वृद्धिका रिकॉर्ड दर्ज किया गया था। मौसम विज्ञानी रयान माउका कहना है कि अलनीनो सर्दियोंमें अपनी अधिकतम शक्तिपर बना रहेगा और अमेरिकाको छोड़कर हर जगह वैश्विक तापमानमें वृद्धि होगी। प्रभावित क्षेत्रोंमें तापमान सामान्यसे ३.४ डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया है, जो इतिहासमें दर्ज किसी भी पिछले अलनीनोसे अधिक है। यह १९५० के बादसे दर्ज की गयी सबसे शक्तिशाली मौसमी घटनाओंमेंसे एक हो सकती है। दरअसल अलनीनोकी स्थितिमें मानसून कमजोर और अनियमित रहता है। साथ ही अधिक गर्मी पड़नेसे मिट्टीमें नमी कम हो जाती है, जिससे खरीफकी फसलोंकी पैदावार घटनेकी आशंका रहती है। खरीफका सीजन सीधे तौरपर देशकी खाद्य सुरक्षासे जुड़ा हुआ है। धान, मक्का, दालें और तिलहन जैसी प्रमुख फसलें इसी मौसममें बोई जाती हैं। ऐसेमें अलनीनोका खतरा केवल मौसमका मुद्दा नहीं है, बल्कि उत्पादन, खाद्य कीमतों और ग्रामीण अर्थव्यवस्थासे भी जुड़ा हुआ है। इस स्थितिमें सबसे बड़ी चिन्ता उन क्षेत्रोंको लेकर है, जहां खेती अब भी बारिशपर निर्भर है।भारत अलनीनोके कारण सर्वाधिक जोखिम वाले देशोंमें शामिल है। क्लाइमेट ट्रेंड्सके मुताबिक उष्णकटिबंधीय क्षेत्रोंमें अलनीनो और जलवायु परिवर्तनका संयुक्त प्रभाव खेतीसे जुड़े जोखिम बढ़ा रहा है। वर्ष २०५० तक इन दोनोंके मिले-जुले प्रभावसे वैश्विक फसल पैदावार आधार स्थितिकी तुलनामें १० से २५ प्रतिशततक घट सकती है। इस संबंधमें एम्सके एक संकाय सदस्य और सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञका कहना है कि हर परिस्थिति और हर स्तरपर हीट एक्शन प्लान लागू करने जैसी रणनीतियोंपर तत्काल काम करनेकी जरूरत है। उनके अनुसार, बुजुर्गों, पहलेसे बीमार लोगों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और खुलेमें काम करने वाले श्रमिकों जैसे कमजोर वर्गोंको प्राथमिकता देना जरूरी है। चूंकि जलवायु परिवर्तनका प्रभाव लगातार बढ़ता जा रहा है, इसलिए ऐसे हालातसे निबटनेके लिए मौसमी पूर्वानुमानोंके आधारपर बुआईसे पहले फसलोंमें बदलाव किये जाने चाहिए। राज्योंमें सूखा घोषित करनेकी प्रक्रिया सरल बनायी जानी चाहिए। कृषि योजनाओंमें बहुवर्षीय जलवायु जोखिम मॉडलको शामिल किया जाना चाहिए। साथ ही दीर्घकालिक विकासकी क्षमता बनाये रखनेके लिए अर्थव्यवस्थाके ढांचेको मजबूत करनेके प्रयास किये जाने चाहिए।

आत्मबोध

शांतिका संदेश

❑ श्री श्री रविशंकर

प्राचीन ऋषियों और ज्ञानियोंका संदेश था कि शांति ही एकमात्र मार्ग है। भारतमें हम तीन बार 'ओम शांति शांति शांति' कहते हैं, अपने भीतरकी शांति, वातावरणकी शांति और राष्ट्रोंके बीचकी शांति। ये सभी आयाम आपसमें गहराईसे जुड़े हुए हैं। यदि किसी इमारतकी नींव कमजोर हो तो वह इमारत मजबूत कैसे हो सकती है। शांतचित्त व्यक्ति एक शांत परिवारका निर्माण करते हैं और ऐसे शांत परिवार एक शांत समाज बनाते हैं। जबतक प्रत्येक व्यक्तिके हृदयमें शांति स्थापित नहीं हो जाती, तबतक विश्व शांतिकी स्थापना होना संभव नहीं है। हर परिवारमें कुछ कठिन क्षण आते हैं जब टकरावकी स्थिति उत्पन्न होती है। हम अलग-अलग विचारों वाले भिन्न व्यक्ति हैं और कभी-कभी इन विचारोंमें टकराव होता है। परन्तु जो बात हमें जोड़े रखती है, वह है अपनेपन और समुदायकी भावना। हम इस अपनेपनकी भावनाको कैसे उत्पन्न कर सकते हैं। इसका उत्तर है, ध्यान। ध्यान हमें तनावसे मुक्त होनेमें सहायता करता है और हमें संपूर्ण विश्वके साथ जुड़ावका अनुभव कराता है। जब हम तनावमें होते हैं तो हमारी सोच और हमारा दृष्टिकोण अत्यंत संकुचित हो जाता है। जब हम तनाव या चिन्तासे घिरे होते हैं तो हम गलत निर्णय ले सकते हैं जिनपर हमें बादमें पछताना पड़ता है। एक शांत मस्तिष्क और स्पष्ट दृष्टि प्राप्त करनेके लिए हमें विश्रामकी आवश्यकता है और ध्यान वास्तवमें यही विश्राम है। विश्व स्वास्थ्य संघटनके अनुसार आज सबसे बड़ी चुनौती लोगोंका मानसिक स्वास्थ्य है और हम इसे प्रत्यक्ष देख रहे हैं। हम देख रहे हैं कि घरोंमें कलह और विवाद बढ़ रहे हैं। लोग आक्रामक स्वभावके हो रहे हैं या फिर अवसादका शिकार हो रहे हैं। जब आप स्वयंको शक्तिहीन और निराश अनुभव करते हैं, यही वह क्षण है जब हमें यह कहना चाहिए, 'मैं शांति का समर्थन करता हूं।' जब प्रत्येक व्यक्ति शांतिके प्रति अपना पूर्ण समर्पण दिखायेगा तब हम कभी असहाय महसूस नहीं करेंगे। प्रत्येक व्यक्तिके भीतर असीम आंतरिक शक्ति विद्यमान है। किसी भी कार्यको करनेमें सबसे अधिक महत्व इस बातका होता है कि लोग किस मानसिक अवस्थामें हैं। क्या यह एक सकारात्मक और रचनात्मक मन:स्थिति है या फिर नकारात्मक और विनाशकारी। किसी भी प्रकारका निर्णय लेनेमें, मन:स्थितिकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है, इसलिए ध्यान आवश्यक है। ध्यान आपके मस्तिष्कको कुशाग्र बनाता है, भावनाओंको शांत करता है, जिससे आप स्पष्ट निर्णय लेनेमें सक्षम हो पाते हैं। आपका दृष्टिकोण व्यापक हो जाता है और आप स्वयंको एक जीवंत एवं ऊर्जावान रूपमें अनुभव करते हैं। ध्यानके प्रभावसे हम उत्कृष्ट मन:स्थिति प्राप्त कर पाते हैं।

फ्रांसमें धीमी अर्थव्यवस्थासे नाराज युवा

❑ आर.पी. सिंह

जैसे-जैसे छात्र विरोध प्रदर्शन पूरे फ्रांसमें फैल रहे हैं, इसे एक आम लेकिन फ्रांसकी विशिष्ट समस्या मानकर खारिज करना आसान है लेकिन इसके मूलमें वह बात है जो दुनियाभरकी सरकारोंमें तेजीसे आम होती जा रही है- राजकोषीय फिजूलखर्ची। २००९-१० के ग्रीक संकटकी पुनरावृत्ति दूरकी कौड़ी लग सकती है लेकिन जैसे-जैसे अशांति फ्रांसकी सीमाओंसे परे फैल रही है, यह सोचनेका समय आ गया है कि क्या इससे हमें कोई सबक मिल सकता है। समस्याकी जड़में फ्रांसकी राजकोषीय व्यवस्थाको सुधारनेमें असमर्थता है। देखनेमें तो ये विरोध प्रदर्शन भारतमें शिक्षाको लेकर हुए कॉकरोच आन्दोलनकी चिन्ताओंको दोहराते हैं-जर्जर कक्षाएं, खराब ढंगसे संचालित सरकारी स्कूल इत्यादि। लेकिन समानता यहीं खत्म हो जाती है। भारतके विपरीत जहां बहुपक्षीय संस्थानोंके वर्षोंके व्याख्यानोंने आर्थिक नीति-निर्माताओंको उच्च राजकोषीय घाटेको लेकर सतर्क कर दिया था, पश्चिमी देशोंके धनी देशोंको ऐसी कोई चिन्ता नहीं थी। अंतत: अब इसका परिणाम भुगतना ही पड़ेगा। निवेशकोंने फ्रांसको 'यूरोपका बीमार आदमी' मानना शुरू कर दिया है, जिसका ऋणसे-जीडीपी अनुपात लगभग १२० प्रतिशत है (भारतके लगभग ८० प्रतिशतके विपरीत)।फ्रांसके मामलेमें, उसका बढ़ता घाटा और कर्जका बोझ मुख्य रूपसे तेजीसे बढ़ते पैंशन बिलको नियंत्रित करनेमें उसकी अक्षमताका परिणाम है। पैरिस इस बातसे लम्बे समयसे अवगत है लेकिन जब भी किसी सरकारने व्यवस्थामें सुधार करनेका प्रयास किया, उसे पीछे हटना पड़ा। इसका नतीजा यह है कि उसके कई युवा धीमी आर्थिक वृद्धि, दबावग्रस्त सार्वजनिक सेवाओं और पहलेकी तुलनामें कहीं कम सहायक कल्याणकारी व्यवस्था वाले भविष्यके लिए अभिशप्त हैं। देशमें व्याप्त राजनीतिक उथल-पुथलको भी इसमें जोड़ दें, जहां अगले साल राष्ट्रपति पदके लिए धुर दक्षिणपंथी और धुर वामपंथी उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं तो फ्रांसमें आने वाले महीनोंमें ऐसी उथल-पुथलकी आशंका है, जो पूरे यूरो क्षेत्रमें फैल सकती है। फ्रांसको जिस प्रश्नका उत्तर देना होगा और पुलिस बलका प्रदर्शन इसका उत्तर नहीं माना जा सकता, वह यह है कि क्या वह राजकोषीय संयम बरत सकता है। गौर करें-फ्रांसका बजट घाटा उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के पांच प्रतिशतसे अधिक है, जो पिछले वर्ष भारतके ४.४ प्रतिशत और इस वर्षके ४.३ प्रतिशतके लक्ष्यसे अधिक है और छात्रोंकी जरूरतोंको पूरा करनेके लिए अतिरिक्त धन जुटानेकी गुंजाइश बहुत कम रह जाती है। बैल्जियम, पुर्तगालए स्पेन और अल्बानियामें असंतोषके संकेत उभरनेके साथ ही यूरोपीय संघको एक गम्भीर परीक्षाका सामना करना पड़ सकता है। यूरोपीय संघका विकास और स्थिरता समझौता, जो राष्ट्रीय राजकोषीय घाटेको सकल घरेलू उत्पादके तीन प्रतिशततक सीमित करता है, आंशिक रूपसे एक सांझा मुद्रा, यूरोको सक्षम बनानेके लिए एकजुटता हेतु बनाया गया था। आज यह केवल कागजोंपर ही मौजूद है लेकिन यूरो क्षेत्रमें एक एकीकृत मौद्रिक प्राधिकरण है जिसने हालमें मुद्रास्फीतिसे निबटनेके लिए अपनी नीतिगत दरमें वृद्धि की है। महंगा ऋण पूरे यूरोपको प्रभावित करता है, लेकिन फ्रांसीसी बांड अपनी बढ़ती उपज और जोखिम प्रीमियमके कारण विशेष रूपसे प्रभावित करते हैं, जिससे पैरिसके लिए सार्वजनिक व्यय हेतु धन उधार लेना बेहद महंगा हो जाता है।एआईके बढ़ते इस्तेमालके बीच तेल संकटको देखते हुए, पूंजीकी बढ़ती कीमत एक वैश्विक प्रवृत्ति है। अमेरिका, जिसका कर्ज भी बहुत बढ़ गया है, के पास दो प्रमुख फायदे हैं। पहला, उसकी अर्थव्यवस्थाकी वृद्धि मजबूत है, जिसका श्रेय काफी हदतक एआईको जाता है और फ्रांसकी तरह कमजोर नहीं है। दूसरा, अमेरिकी डालरकी व्यापार और आरक्षित मुद्रा होनेके कारण उसके बांडोंकी वैश्विक मांग बहुत अधिक है, जिससे अमेरिका हर साल भारी घाटा उठा सकता है। चूंकि अन्य देशोंके मामलेमें ऐसा नहीं है, इसलिए जितनी जल्दी वे इसे पहचान कर उसके अनुसार कारवाई करें, उतना ही बेहतर होगा। किसी भी स्थितिमें, अमेरिकी ब्याज दरें भी बढ़ रही हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि यह सिर्फ युद्धके कारण आयी अस्थिरता है या नहींए, क्योंकि डाटा केन्द्रोंसे परे एआई निवेश चक्र ब्याज दरोंको 'लम्बे समयतक उच्च' रख सकता है (यदि कुल बचत इसके साथ तालमेल नहीं बैठा पाती)। जब ऋण अब आसानीसे उपलब्ध नहीं है और कई मोरचोंपर भविष्य अनिश्चित है तो कोई भी देश अपनी वित्तीय सतर्कतामें ढील नहीं दे सकता।

वैश्य एकता मंच ने धूमधाम से मनाई महाराजा अग्रसेन जयंती

पूर्व मंत्री संजय गर्ग, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई और महावीर गुप्ता ने दिया एकता, सेवा व महिला सशक्तीकरण का संदेश

आज समाचार सेवा

सहारनपुर। वैश्य एकता मंच पैरामाउंट ट्यूलिप के तत्वावधान में पैरामाउंट ट्यूलिप स्थित क्लब हाउस में महाराजा अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाई गई। समारोह में समाज की एकजुटता, आपसी सहयोग, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और महिला सशक्तीकरण पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री संजय गर्ग, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई और अग्रवाल समन्वय समिति के अध्यक्ष महावीर गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि संजय गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के आदर्श समाजवाद, समानता, सहयोग और जनकल्याण की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का आह्वान किया। शीतल बिश्नोई ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और नेतृत्व के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष महावीर गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज की ताकत उसकी एकता, परस्पर सहयोग और सामाजिक प्रतिबद्धता में निहित है।

संस्था अध्यक्ष अनिल गोयल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। महासचिव प्रवीण गुप्ता ने कार्यक्रम के संचालन एवं व्यवस्थाओं में सहयोग किया, जबकि कोषाध्यक्ष राहुल मित्तल ने आयोजन की जिम्मेदारी निभाई। संरक्षक सुधाकर अग्रवाल, डॉ. अनंत अग्रवाल, वकुल बंसल और उपदेश अग्रवाल ने भी समाज की एकता और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन पर जोर दिया। महिलाओं ने डांडिया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लिया हिस्सा

समारोह में शामली गुप्ता के संयोजन में महिलाओं के लिए डांडिया, तंबोला और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर समारोह को आकर्षक बनाया। राशि गुप्ता, तनु सिंघल, रेशु गोयल, सुमन, मीनू मित्तल और दीपा सिंघल ने विशेष सहयोग किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष विजय गुप्ता एवं अश्वनी सिंघल, सहसचिव मनोज सिंघल एवं सौरभ अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष मोहन बंसल एवं संजय गुप्ता, संगठन मंत्री रचित गुप्ता और प्रचार मंत्री अमन गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों का योगदान रहा। कार्यक्रम संयोजक विजय गुप्ता एवं अश्वनी सिंघल ने व्यवस्थाएं संभालीं।

इस अवसर पर अजय गुप्ता, आलोक मित्तल, अतुल सिंघल, डॉ. समीर सिंघल, सुशील अग्रवाल, पंकज गुप्ता, विभोर सिंघल, उमेश चंद गर्ग, साहिल गुप्ता, डॉ. गौरव मित्तल, अजय अग्रवाल, विवेक गर्ग, तरुण मित्तल, सुमंत प्रसाद मित्तल, सौरभ गुप्ता, रोबिन गर्ग, अमित बंसल, प्रदीप कुमार गुप्ता, मुकेश गोयल, संदीप अग्रवाल, सचिन सिंघल, अरविंद अग्रवाल, आदित्य गोयल, आशीष गुप्ता, शेखर गुप्ता, श्याम सुंदर गुप्ता, नवीन सिंघल, ऋतु गर्ग, संदीप गोयल और धर्मेंद्र मित्तल सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे। सभी ने महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चलने और सामाजिक सेवा में योगदान देने का संकल्प लिया।

नकुड़ में अवैध खनन पर कार्रवाई खनन से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

आज समाचार सेवा

• पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई, चालक फरार; ग्रामीणों ने खनन माफिया के पूरे नेटवर्क पर शिकंजा कसने की मांग की

नकुड़ (सहारनपुर)। क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ पुलिस और राजस्व विभाग ने कार्रवाई करते हुए खनन सामग्री से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लिया है। हालांकि, कार्रवाई के दौरान चालक मौके से फरार हो गया। वहीं, ग्रामीणों ने क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध खनन होने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेश्वर बौद्ध ने बताया कि यमुना खादर क्षेत्र से अवैध रूप से खनन कर ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से सामग्री की सप्लाई किए जाने की सूचना मिली थी। मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। टीम ने कार्रवाई करते हुए खनन सामग्री से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया, जबकि चालक फरार हो गया।

उधर, ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में अवैध खनन का कारोबार बेरोकटोक चल रहा है। दिन-रात सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और बिना नंबर प्लेट वाले डंपर ओवरलोड खनन सामग्री लेकर गुजरते हैं। इससे सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचने के साथ ही क्षेत्र की सड़कों को भी क्षति हो रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि लाखों-करोड़ों रुपये की लागत से बनी सड़कों की हालत भारी वाहनों के लगातार आवागमन के कारण खराब हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि केवल एक-दो वाहनों को पकड़कर कार्रवाई तक सीमित न रहा जाए, बल्कि अवैध खनन में शामिल लोगों और उनके पूरे नेटवर्क की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

किसान यूनियन टिकैत को एक बीघा जमीन देगा जाट भवन

सहारनपुर। जाट भवन में समाजहित और किसान हितों को लेकर आयोजित बैठक में संगठन की मजबूती और भवन निर्माण के लिए सहयोग की घोषणाएं की गईं। जाट भवन के अध्यक्ष चौधरी बख्तावर सिंह ने किसान यूनियन टिकैत को एक बीघा जमीन देने की घोषणा की। वहीं, गुरप्रीत सिंह बग्गा ने जाट भवन के निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए आवश्यक टाइल्स और पत्थर उपलब्ध कराने का वादा किया। इसके साथ ही किसान यूनियन टिकैत भवन के निर्माण के लिए एक ट्रक सीमेंट देने की भी घोषणा की गई। बैठक में समाज के लोगों ने आपसी सहयोग, किसानों के सम्मान और सामाजिक संगठनों को मजबूत बनाने पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि समाज के लोगों के सामूहिक प्रयासों से जनहित के कार्यों को गति मिलती है और विकास के नए रास्ते खुलते हैं। बैठक में की गई घोषणाओं को किसान हित और सामाजिक सहयोग की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया। उपस्थित लोगों ने उम्मीद जताई कि इस तरह के सहयोग से संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी और किसानों से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

महाराजा अग्रसेन के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प

नागल। सोमवार को कस्बे में वैश्य समाज नागल के तत्वावधान में आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती कार्यक्रम में महाराज अग्रसेन के जीवन आदर्शों व समाज सेवा के कार्यों को याद करते हुए उनके बताए रास्ते परठ चलने का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री संजय गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसेन का जीवन समाज सेवा समानता वेब परोपकार का प्रतीक है उनके विचार हमें आपसी सहयोग की प्रेरणा देते हैं। नकुड नपा चैयरमेन शिवकुमार गुप्ता ने राजनीति में समाज के लोगों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि समाज के लोगों को एक दूसरे को आगे बढ़ाने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने महाराजा अग्रसेन के "एक रुपया-एक ईंट" सिद्धांत का उल्लेख करते हुए इसे सहयोग और समानता का प्रतीक बताया।

कार्यक्रम में नपा चैयरमेन देवबंद विपिन गर्ग, जिलाध्यक्ष महावीर गुप्ता, दिनेश गुप्ता, सुनील गुप्ता, कुसुम अग्रवाल ने भी विचार रखें। इस दौरान समाज के प्रतिभावान लोगों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अजय अग्रवाल, कपिल तायल, श्रेष्ठ तायल, मोहित गोयल, मुकेश माहेश्वरी, श्रवण तायल, पवन गोयल, दीपक गुप्ता, जितेश गुप्ता, सतीश तायल, अमरीश गुप्ता, मनोज गर्ग, संगीता अग्रवाल कपिल डाबर नवीन गर्ग प्रवीण गुप्ता मुकेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

श्री राम जन्मोत्सव समिति द्वारा भंडारा आयोजित

गंगोह- श्री भगवती मेले में श्री राम जन्मोत्सव समिति द्वारा प्रति वर्ष आयोजित किए जाने वाला भंडारा सोमवार कोआयोजित किया गया। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इससे पहले कई संस्थाएं भंडारा आयोजित कर चुकी हैं। समिति द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बडी संख्या में मेले में भगवती दर्शन को आने वाले श्रद्धालु जन और राहगीरों को श्रद्धा से आयोजकों ने प्रसाद ग्रहण कराया। आयोजन कताओं में अरविन्द टेबक, महेन्द्र पाहुजा, सुभाष, सागर, सुहैल, सपना टेबक, पल्लवी अरोड़ा, प्रेम छाबड़ा, राजेश्वर शर्मा, मोनू गर्ग, रमेश, सुशील, उमंग आदि ने सहयोग किया।

प्रसाद चढ़ाने गई महिला की सोने की चेन स्नेचिंग, रिपोर्ट दर्ज

गंगोह- नगर के रामबाग स्थित श्री भगवती मेले में प्रसाद चढ़ाने गई महिला की सोने की चेन स्नेचिंग हो गई। पीड़ित महिला ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर की नानौता रोड स्थित मोहड़िया कालोनी निवासी सुषमा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रविवार को चतुर्दशी को भगवती मंदिर में प्रसाद चढ़ाने गई थी। जहां पर लंबी कतार लगी हुई थी। इसी दौरान किसी ने उनके गले से सोने की चेन चोरी कर ली। चोरी हुई चेन का वजन करीब डेढ़ से दो तोला था। पीड़ित महिला ने तहरीर में बताया कि जब तक वह मेला कार्यालय गई तब तक वह चोर फरार हो गया था। वही पर एक अन्य महिला की भी चेन स्नेचिंग की खबर है। जिसकी जानकारी नही हो पाई है। महिला ने पुलिस से मामले में कार्रवाई कर चेन बरामद कराने की मांग की है। घटना के बाद मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को सतर्क रहने की जरूरत है। घटना के बाद पुलिस ने मेले में सतर्कता बढ़ा दी है।

नकुड़ में घेर में बैठे युवक को बाइक सवार हमलावरों ने मारी गोली

नकुड़ (सहारनपुर)। थाना नकुड़ क्षेत्र के गांव रनदेवी में रविवार रात घेर में बैठे युवक को बाइक सवार हथियारबंद युवकों ने गोली मार दी। गोली युवक की बाजू में लगी। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। घायल को ग्रामीण अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां देर रात तक ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही।

प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे सहारनपुर रेफर कर दिया। गांव रनदेवी निवासी गौरव ने बताया कि रविवार रात करीब सात बजे उसका भाई संदीप पारस के घेर में कुछ लोगों के साथ बैठा था। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर कई युवक वहां पहुंचे। आरोप है कि युवकों के हाथों में हथियार थे। उन्होंने संदीप की बाजू में गोली मार दी और मौके से फरार हो गए।

गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण घायल संदीप को तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेते हुए जांच शुरू की।

अस्पताल पहुंचे विधायक प्रतिनिधि मनीष रनदेवी ने घटना को निंदनीय बताते हुए कहा कि वह तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कराएंगे। देर रात घायल के परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कुछ नामजद और कुछ अज्ञात युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर बौद्ध ने बताया कि घटना के संबंध में तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। घायल संदीप का सहारनपुर में उपचार चल रहा है।

साखन कलां प्रकरण में पुलिस का बड़ा एक्शन, 15 लोग गिरफ्तार

देवबंद। साखन कलां प्रकरण में देवबंद पुलिस ने बड़ा एक्शन लेते हुए दोनों पक्षों के 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। गांव में हुए पथराव और लाठी-डंडों की भिड़ंत के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज की। घटना के दौरान अफरा-तफरी का माहौल बन गया था और लोग घरों के दरवाजे बंद कर सुरक्षित स्थानों की ओर चले गए थे। पुलिस के अनुसार, विवाद के दौरान दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर ईंट-पत्थर फेंक रहे थे और लाठी-डंडों से हमला कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर स्थिति संभाली। अब गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है और हालात पर नजर रखी जा रही है। पुलिस ने साखन कलां रेलवे फाटक के पास से वकील, शहजाद, शहनवाज, जैद, आशिफ, नफीश, सालिक, साकिब, गुलफान अहमद, शारूख, कुशनूर, जुनैद, सुहैल, भाविश और सतीश को गिरफ्तार किया। सभी गांव साखन कलां के निवासी बताए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए लोगों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए न्यायालय में पेश किया जा रहा है। घटना के बाद से गांव में पुलिस निगरानी बढ़ा दी गई है।

मतदेय स्थलों पर 1200 मतदाताओं की सीमा तय

राजनीतिक दलों ने प्रस्तावित समायोजन पर जताई सहमति

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को

आज समाचार सेवा

सहारनपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान की अध्यक्षता में सोमवार को कैंप कार्यालय सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के प्रस्तावित परिवर्तन एवं समायोजन तथा मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम पर चर्चा की गई। प्रस्तावित समायोजन पर राजनीतिक दलों ने संतुष्टि जताते हुए सहमति प्रकट की।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक मतदेय स्थल पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की संख्या निर्धारित की गई है। यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है कि किसी भी मतदाता को अपने मतदेय स्थल तक पहुंचने के लिए दो किलोमीटर से अधिक दूरी तय न करनी पड़े। साथ ही सभी मतदेय स्थलों को भूतल पर रखने का विशेष ध्यान दिया गया है, ताकि मतदान प्रक्रिया को सुगम और मतदाता-अनुकूल बनाया जा सके। उन्होंने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने, त्रुटियों में सुधार कराने और सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने में सक्रिय सहयोग करें। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित नहीं रहना चाहिए। 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के फॉर्म-6 भरवाने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में बताया गया कि एक जनवरी 2027 के अलावा एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा भी अग्रिम रूप से मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगजनों और समाज के कमजोर वर्गों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने में राजनीतिक दलों से सहयोग मांगा।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित समय-सीमा में सभी कार्यवाही पूरी करने के निर्देश दिए। जिले में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा।

बैठक में नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, संबंधित उपजिलाधिकारी, सपा से चौधरी अब्दुल गफूर, अपना दल से राजकुमार, भाजपा से योग चुग और विपिन चौधरी सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे।

विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ मां शाकंभरी देवी का शारदीय नवरात्र मेला

आज समाचार सेवा

• मेले के समापन पर कन्या पूजन, महारुद्र यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद संतों और ब्राह्मणों को कराया शाही भोज

बेहट (सहारनपुर)। शिवालिक पर्वतों के बीच स्थित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 51 सिद्धपीठों में शामिल मां शाकंभरी देवी सिद्धपीठ पर चल रहा शारदीय नवरात्र मेला सोमवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर विधि-विधान के साथ संपन्न हो गया। मेले के अंतिम दिन भी मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ कन्या पूजन किया गया और संतों एवं ब्राह्मणों को शाही भोज कराया गया।

परंपरा के अनुसार सिद्धपीठ व्यवस्थापक राणा आदित्य प्रताप सिंह की देखरेख में पिछले 15 दिनों से मंदिर परिसर में चल रहे महारुद्र यज्ञ की पूर्णाहुति की गई। हरियाणा के पंचकूला से आए अग्नि अखाड़े के स्वामी संपूर्णानंद ब्रह्मचारी ने भी यज्ञ में आहुति देकर देश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इसके बाद कन्या पूजन कर कन्याओं को भोजन कराया गया।

इससे पूर्व मां शाकंभरी, मां भीमा, मां भ्रामरी और मां शताक्षी की विशेष पूजा-अर्चना कर भोग लगाया गया। क्षेत्र के अन्य देवी-देवताओं के मंदिरों में भी भोग अर्पित किए गए। मेले के दौरान राणा परिवार की ओर से श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। श्रद्धालुओं ने व्यवस्थाओं के लिए राजपरिवार के प्रति आभार जताया।

उधर, जिला पंचायत की ओर से आयोजित समापन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी ने कहा कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत राणा ने भी श्रद्धालुओं के लिए जिला पंचायत द्वारा किए गए इंतजामों की सराहना की।

16 नवंबर से शुरू होगा जनगणना का दूसरा चरण

आज समाचार सेवा

•शहर के तीन अलग-अलग केंद्रों पर जनगणना के दूसरे चरण का दिया गया प्रशिक्षण

सहारनपुर। राष्ट्रीय जनगणना 2027 के अंतर्गत आज दिल्ली रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल, नेहरु मार्किट स्थित राजकीय इण्टर कॉलेज व चिलकाना रोड़ स्थित लार्ड महावीरा स्कूल में जनगणना कार्य के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। डीपीएस में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक निदेशक जनगणना आशुतोष कुमार व सहायक नगरायुक्त जे पी यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में समस्त सहायक चार्ज अधिकारी, सुपरवाइजर, प्रगणक व सम्बंधित तकनीकी और प्रशासनिक कर्मचारी शामिल रहे।

प्रशिक्षण के दौरान सहायक निदेशक जनगणना आशुतोष कुमार ने सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को डिजिटल प्रविष्टियों एवं तकनीकी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने समस्त प्रगणकों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने आवंटित ब्लॉक में नागरिकों को 16 से 30 नवंबर के मध्य डिजिटल स्वगणना का उपयोग करने हेतु प्रेरक व जागरुक करें। यदि नागरिक स्वगणना का विकल्प चुनते हैं तो एक दिसंबर से प्रारंभ होने वाले भौतिक सत्यापन में घर-घर जाकर सत्यापन करें।

आशुतोष कुमार ने बताया कि द्वितीय चरण की जनगणना का कार्य भी दो चरणों में किया जायेगा। पहला चरण 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक चलेगा। यह स्वगणना का चरण होगा, यानि इसमें आम नागरिक पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी व अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। दूसरा चरण 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक भौतिक सत्यापन का होगा। इसमें प्रगणक डोर टू डोर जाकर आंकड़ों का सत्यापन करेंगे और जो घर छूट गए हैं उन परिवारों की प्रविष्टि करेंगे।

बिहारीगढ़ में बैटरी, डीजल कैन चोरी का खुलासा आरोपी गिरफ्तार

बिहारीगढ़ (सहारनपुर)। बिहारीगढ़ थाना पुलिस ने ट्रैक्टर की बैटरी और डीजल की कैन चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई एक बैटरी और एक जरी कैन बरामद की है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पहले से भी तीन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक, गांव मनोहरपुर निवासी उगेश कांबोज पुत्र इसम सिंह ने 24 अक्टूबर 2026 को थाने में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात व्यक्ति उनके कमरे से ट्रैक्टर की बैटरी और 20 लीटर डीजल की कैन चोरी कर ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर घटना के खुलासे और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी बेहट के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने 26 अक्टूबर को चेकिंग के दौरान मनोहरपुर गांव स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास से आरोपी दिलबहार पुत्र इकबाल निवासी गांव टांडा मान सिंह, थाना बिहारीगढ़ को गिरफ्तार कर लिया।

नानौता में धूमधाम से मनाया महाराजा रणवीर सिंह रोहिला का 823वां जन्मोत्सव

आज समाचार सेवा

•युवाओं से शिक्षा को प्राथमिकता देने और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान

नानौता, सहारनपुर। अखिल भारतीय रोहिला क्षत्रिय विकास परिषद की नानौता शाखा के तत्वावधान में महाराजा रणवीर सिंह रोहिला का 823वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया और उनके जीवन एवं योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

नगर के गंगोह मार्ग स्थित सचिन रोहिला के आवास पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ परिषद के जिला मंत्री विजेंद्र सिंह रोहिला और शाखा अध्यक्ष हितेंद्र सिंह रोहिला ने महाराजा रणवीर सिंह रोहिला एवं मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख ज्योत प्रज्ज्वलित कर तथा माल्यार्पण करके किया।

जिला मंत्री विजेंद्र सिंह रोहिला ने महाराजा रणवीर सिंह रोहिला के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म वर्ष 1204 ईस्वी में हुआ था। उन्होंने अपने पराक्रम और वीरता से इतिहास में विशेष स्थान बनाया। उन्होंने गुलाम वंश के शासकों के साथ अनेक युद्ध किए और चंगेज खान को पराजित कर विजय प्राप्त की। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को अपनी गौरवशाली विरासत और परंपराओं को आगे बढ़ाना चाहिए।

शाखा अध्यक्ष हितेंद्र सिंह रोहिला ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए युवाओं का शिक्षित और जागरूक होना जरूरी है। शिक्षित युवा ही समाज को प्रगति के मार्ग पर आगे ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि रोहिला समाज ने अपनी अलग पहचान बनाई है। समाज को और मजबूत बनाने के लिए युवाओं को शिक्षा के साथ सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

उन्होंने युवाओं से महाराजा रणवीर सिंह रोहिला के आदर्शों को अपनाने, शिक्षा को प्राथमिकता देने और समाज की एकता एवं विकास के लिए मिलकर कार्य करने की अपील की।

इस अवसर पर महिपाल रोहिला, सुशील रोहिला, राकेश रोहिला, सचिन रोहिला, सतीश रोहिला, सोमपाल रोहिला, सौरव रोहिला, बालेश रोहिला और प्रीत रोहिला सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

आईएमए सहारनपुर की नई कार्यकारिणी ने संभाली जिम्मेदारी

डॉ. डीके गुप्ता बने अध्यक्ष, राज्य मंत्री जसवंत सैनी और महापौर डॉ. अजय सिंह की उपस्थिति में हुआ शपथ ग्रहण समारोह

आज समाचार सेवा

सहारनपुर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) सहारनपुर शाखा की वर्ष 2026-2027 की नई कार्यकारिणी का अधिष्ठापन समारोह लिंक रोड स्थित विक्टोरियन पैलेस में आयोजित किया गया। समारोह में डॉ. डीके गुप्ता ने आईएमए अध्यक्ष, डॉ. अनुपम मलिक ने सचिव और डॉ. विकास अग्रवाल ने कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री जसवंत सैनी और महापौर डॉ. अजय सिंह की मौजूदगी में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. डीके गुप्ता को निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. प्रवीण शर्मा ने मेडल पहनाया। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री जसवंत सैनी और महापौर डॉ. अजय सिंह ने उन्हें अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शेर सिंह कक्कड़ और मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर राठी सहित अतिथियों एवं आईएमए पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि चिकित्सक समुदाय को आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कार्य करना चाहिए। अध्यक्ष डॉ. डीके गुप्ता ने कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलाने के बाद कहा कि आईएमए का अध्यक्ष पद सत्ता का नहीं, बल्कि सेवा का पद है। संगठन की सबसे बड़ी ताकत एकता है। सभी सदस्यों को व्यक्तिगत मतभेद भुलाकर सामूहिक हितों के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि नर्सिंग होम और मेडिकल प्रैक्टिस की सुरक्षा के लिए एसोसिएशन हर सदस्य के साथ खड़ी रहेगी। किसी भी सदस्य का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने वैज्ञानिक उत्कृष्टता और व्यावसायिक विकास के लिए सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रमों को बढ़ावा देने की बात कही। साथ ही आईएमए की टीम गठित कर विभिन्न स्कूलों में बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की योजना भी बताई। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन प्रशासन के साथ मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभाएगी और सामाजिक कल्याण के कार्यों में सक्रिय रहेगी।

समारोह का संचालन डॉ. नीलम गर्ग, डॉ. रेणु शर्मा और डॉ. साक्षी मलिक ने संयुक्त रूप से किया। अंत में निवर्तमान सचिव डॉ. नीरज आर्य ने उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. आरके गोयल, डॉ. सीएस चोपड़ा, डॉ. नरेश नोसरान, डॉ. नागपाल, डॉ. सौम्या जैन, डॉ. रजनीश सिंघल, डॉ. प्रशांत खन्ना, डॉ. पूजा खन्ना, डॉ. रवींद्र राणा, डॉ. विवेक बनर्जी, डॉ. राहुल सिंह, डॉ. महेश ग्रोवर, डॉ. संजय यादव, डॉ. कुणाल जैन, डॉ. नरेश सैनी, डॉ. स्वर्णजीत सिंह, डॉ. पूनम माखीजा, डॉ. डीके तिवारी, डॉ. मनदीप सिंह, डॉ. संदीप गर्ग, डॉ. सुधीर अग्रवाल, डॉ. सीमा अग्रवाल, डॉ. नीतू जैन, डॉ. श्वेता अग्रवाल, डॉ. वंदना आर्य, दिव्या गुप्ता, डॉ. अंकुर उपाध्याय, डॉ. नूतन, डॉ. भंडारी, डॉ. अभय जैन, डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. संजीव अग्रवाल और डॉ. राजेश शर्मा सहित अनेक चिकित्सक मौजूद रहे।

बिहारीगढ़ थाने में 19 दोपहिया वाहनों की नीलामी, 91 हजार रुपये का राजस्व मिला

बिहारीगढ़ (सहारनपुर)। पुलिस विभाग की ओर से माल निस्तारण के लिए चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन क्लीन के तहत बिहारीगढ़ थाना परिसर में खड़े मुकदमों से संबंधित और लावारिस 19 दोपहिया वाहनों की नीलामी कराई गई। नीलामी से जीएसटी सहित कुल 91 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। नीलामी में 46 बोलीदाताओं ने हिस्सा लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में आयोजित नीलामी उपजिलाधिकारी बेहट, तहसीलदार बेहट, सहायक संभागीय अधिकारी सहारनपुर, क्षेत्राधिकारी बेहट शशि प्रकाश शर्मा और थानाध्यक्ष बिहारीगढ़ धर्मेंद्र कुमार की मौजूदगी में संपन्न हुई। यह कार्रवाई माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में की गई।

प्रकटोत्सव पर निकली भगवान वाल्मीकि की भव्य प्रभात फेरी, जयकारों से गूंजा शहर

बिलासपुर। भगवान वाल्मीकि जी के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार को भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस भीम) के नेतृत्व में भव्य प्रभात फेरी निकाली गई।प्रभात फेरी में श्रद्धालुओं ने उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ भाग लिया।भगवान वाल्मीकि जी के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया।प्रभात फेरी का शुभारंभ भट्टी टोला स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर से हुआ।इसके बाद डाम कॉलोनी, टांडा हुरमतनगर, लक्ष्मीनगर, खौदलपुर,पटेल नगर,पोस्ट ऑफिस रोड, रामपुर रोड,एसडीएम कोर्ट और वाल्मीकि चौक से होते हुए प्रभात फेरी पुन: मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।प्रभात फेरी की अध्यक्षता शोभायात्रा अध्यक्ष विजय अनार्य ने की।शोभायात्रा कोषाध्यक्ष एवं मंदिर संरक्षक गुरमुख भारती का आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान रहा।वहीं,प्रभात फेरी की व्यवस्थाओं एवं संचालन की जिम्मेदारी शोभायात्रा प्रभारी जानू चौहान की देखरेख में संपन्न हुई।इस दौरान भगवान वाल्मीकि जी के आदर्शों और शिक्षाओं को याद करते हुए समाज में एकता,भाईचारे,समानता और सद्भाव का संदेश दिया गया।भावाधस भीम के पदाधिकारियों ने बताया कि मंगलवार 27 अक्टूबर को भगवान वाल्मीकि जी के प्रकटोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।इस अवसर पर रवि राज वाल्मीकि, अशोक कुमार,लल्ला, अनिल,महेश कुमार,मोनू चौधरी,मानव भारती,वरुण भारती,ओम उपाध्याय, आदर्श वाल्मीकि,सोनू चौधरी,कपिल चौहान,राहुल उर्फ बंटी,दिनेश कुमार,राजा, राजपाल,नितिन चौधरी और अभिषेक वाल्मीकि सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

ऑपरेशन कन्विक्शन को मिली बड़ी कामयाबी, न्याय की मिसाल बने जज कुलदीप सिंह और एडीजीसी अंजू सिंह

रामपुर। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत रामपुर को एक बड़ी सफलता मिली है। 7 साल पुराने नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में न्याय की जीत हुई है।

27 जून 2019 को थाना टांडा क्षेत्र के ग्राम फत्तावाला निवासी रोहित उर्फ रोकेट पुत्र पप्पू सिंह सैनी ने एक नाबालिग बच्ची की लज्जा भंग करने की नीयत से उसके घर में घुसकर छेड़छाड़ की थी। इस घिनौने कृत्य पर थाना टांडा पर मुकदमा अपराध संख्या 272/19 धारा 452, 354(ख) ढ्ढक्क्ष्ट व 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज हुआ था।

इस मामले में असली हीरो बनकर सामने आए न्यायालय-ष्ठछ्व / स्नञ्जष्ट-1 के जज कुलदीप सिंह और शासन की तरफ से पैरवी कर रही तेज-तर्रार एडीजीसी अंजू सिंह। एडीजीसी अंजू सिंह ने कोर्ट में बेहद सशक्त और प्रभावी तरीके से पीड़िता का पक्ष रखा, एक-एक सबूत को मजबूती से पेश किया और अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए दिन-रात मेहनत की। वहीं जज कुलदीप सिंह ने पीड़िता को न्याय देते हुए एक मिसाल कायम की और अभियुक्त रोहित उर्फ रोकेट को 5 साल के सश्रम कारावास और 10,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

जज कुलदीप सिंह के इस सख्त फैसले से अपराधियों में खौफ और आम जनता में न्याय के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। रामपुर पुलिस की मॉनिटरिंग सेल की प्रभावी पैरवी भी इस सजा में अहम रही।

वाटिका में गूंजे देशभक्ति के तराने, समूह गान प्रतियोगिता में बिलासपुर अव्वल

रामपुर। भारत विकास परिषद रोहिलखंड पश्चिमी प्रांत के तत्वावधान में वाटिका रिजॉर्ट में प्रांत स्तरीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन की मेजबानी रामपुर शाखा ने की।

प्रतियोगिता में प्रांत भर के सात विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने हिंदी व संस्कृत में देशभक्ति गीतों की जोशीली प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में आरएएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर ने प्रथम, केसीएम स्कूल मुरादाबाद ने द्वितीय तथा आर्यन इंटरनेशनल मुरादाबाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में आदर्श भटनागर, संदीप सक्सेना व गुलशन वार्ष्णेय शामिल रहे। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक के रूप में क्षेत्रीय संयोजक संस्कार पाल मेहता, क्षेत्रीय संयोजक संपर्क जगन्नाथ चावला, क्षेत्रीय संयोजक सेवा निर्मल मेहता मौजूद रहे। अध्यक्षता रामपुर शाखा अध्यक्ष विनोद कुमार एडवोकेट ने की, जबकि संचालन शाखा सचिव आरपी सिंह व प्रांतीय सहसंयोजक शिल्पी अग्रवाल ने किया। इस दौरान प्रांत के अजय कट्टा, नीरज मित्तल, राहुल वार्ष्णेय, राजुल अग्रवाल, माधव गुप्ता, रविंद्र पाल सिंह, दीपक पुंडीर समेत अन्य दायित्वधारी उपस्थित रहे।

वैश्य सभा का धमाकेदार करवा चौथ उत्सव, अनुपम गुप्ता बनीं करवा क्वीन

रामपुर। वैश्य सभा द्वारा अन्नपूर्णा सिटी हॉल में करवा चौथ के पावन पर्व पर एक भव्य और रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीता अग्रवाल ने की, जबकि कुशल संचालन अलका गुप्ता ने किया।

कार्यक्रम में हंसी-ठहाकों के बीच महिलाओं ने खूब मस्ती की। हाउजी, मजेदार गेम्स, धमाकेदार डांस और मधुर संगीत ने माहौल को खुशनुमा बना दिया।

गेम्स में प्रथम - सुमन, द्वितीय - पुष्पा गुप्ता और तृतीय - प्रतिभा गुप्ता रही। सबसे आकर्षक पल रहा जब करवा चौथ का ताज अनुपम गुप्ता के सिर पर सजाया गया और वे %करवा क्वीन% बनीं। इस मौके पर पुष्पा गुप्ता ने करवा चौथ पर्व के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर सुषमा अग्रवाल, अनीता वैश्य, मीनू, बीना, एकता, सीमा गुप्ता, लक्ष्मी, सरोज, बबीता, रिमझिम, कामिनी, अरुण मांगलिक, यामिनी, सरिता विश्नोई, नेहा रानी सहित वैश्य सभा की बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

भगवान वाल्मीकि के जयकारों से गूंजा मिलक नगर, धूमधाम से निकली भव्य शोभायात्रा

मिलक। भगवान वाल्मीकि के जयकारों और श्रद्धालुओं के उत्साह के बीच मिलक नगर में वाल्मीकि समाज की ओर से भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने फीता काटकर किया। इसके बाद शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस वाल्मीकि बस्ती पहुंची, जहां धार्मिक उल्लास के बीच इसका समापन हुआ। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। भगवान वाल्मीकि के प्रति श्रद्धा और भक्ति का भाव लिए लोग पूरे उत्साह के साथ आयोजन में शामिल हुए। नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरने वाली शोभायात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल जगह-जगह मुस्तैद रहा। पुलिस की सतर्कता के बीच कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जयपाल वाल्मीकि, सभासद शिवा वाल्मीकि, मनोज वाल्मीकि, उत्तम वाल्मीकि, पप्पू, महेश, सुनील वाल्मीकि, उदय, विक्की, अरुण, विकास, धर्मेंद्र वाल्मीकि, सभासद चंद्रभान मित्तल सहित समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

शरद पूर्णिमा पर आरएसएस ने किया खीर भोज का आयोजन

बिलासपुर। शरद पूर्णिमा के अवसर पर बीती रात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।नगर के मौहल्ला डाम कॉलोनी स्थित ब्रह्मदत्त सरस्वती विद्या मंदिर में रविवार की रात संघ के स्वयंसेवकों ने शाखा लगाकर पर्व मनाया।कार्यक्रम में नगर पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल भी शामिल हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वज प्रणाम और प्रार्थना के साथ हुआ।इसके बाद स्वयंसेवकों ने हवन किया और भजन-कीर्तन के साथ धार्मिक वातावरण बनाया।स्वयंसेवकों द्वारा तैयार की गई स्वादिष्ट खीर का वितरण भी किया गया।कृष्णलीला चौराहे पर भी हवन और भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ।नगर संचालक प्रदीप मित्तल ने बताया कि शरद पूर्णिमा का आयोजन सामाजिक और संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।खीर भोज सामाजिक समरसता का प्रतीक है, जिसमें सभी वर्गों और जातियों के लोग एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करते हैं।उन्होंने कहा कि दूध, चावल और चीनी से बनी खीर अलग-अलग गुणों के समन्वय का प्रतीक है।कार्यक्रम में नगर कार्यवाह सुमित गोयल,पवन शर्मा, सतीश बंसल,अनिल मदान, राजेश कुमार,नीरज अग्रवाल,राजाराम,नीरज कश्यप,पंकज भारद्वाज, समर्थ अग्रवाल,वीर,महिपाल सिंह,अभय प्रताप,नेमचंद्र, राजेंद्र सिंह और संजीव जैन सहित अनेक स्वयंसेवक मौजूद रहे।

घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट और गाली-गलौज, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सैफनी। क्षेत्र के ग्राम रवान की रहने वाली सुगरा बेगम पत्नी शमशाद हुसैन ने थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। घटना 21 अक्टूबर 2026 की है, जब पीड़िता अपनी बेटी मोनिश के साथ एक मामले की पैरवी के सिलसिले में रामपुर कचहरी गई हुई थी और उसके बेटे खेत पर काम करने गए थे। तहरीर के मुताबिक, घर पर उनकी दो पुत्रियां नरगिश और समरीन मौजूद थीं। इसी दौरान सुबह करीब 10:00 बजे गांव के ही मुनाजिर हुसैन पुत्र मुददी, उनकी पत्नी किसवरी और पुत्री गुलिस्ता व शाइस्ता लाठी-डंडे लेकर उनके घर में जबरन घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने घर में घुसकर गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और दोनों युवतियों के साथ जमकर मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर गुम चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

हाईवे पर कार ने अर्टिगा को मारी टक्कर, रिपोर्ट दर्ज

बिलासपुर। हाईवे पर रॉंग साइड से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही अर्टिगा कार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में अर्टिगा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि चालक व एक अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर प्राप्त होने पर रिपोर्ट दर्ज की है।जनपद बरेली के थाना बिथरी चैनपुर अंतर्गत मुहल्ला रामबेली निवासी संगम सिंह की अर्टिगा कार को उनका चालक गुलशन कुमार महरौत्रा दो सवारियों को लेकर रुद्रपुर की तरफ जा रहा था। इसी दौरान नैनीताल हाईवे पर सामने से गलत दिशा से आ रही फोर्ड इकोस्पोर्ट कार के चालक ने तेजी व लापरवाही से अर्टिगा में सामने से टक्कर मार दी। हादसे में चालक गुलशन कुमार को गंभीर चोटें आईं, जबकि कार में सवार यात्री मुहम्मद आसिफ निवासी बरा किच्छा, उधमसिंहनगर भी घायल हो गया। दुर्घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में तहरीर दी।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि अज्ञात कार चालक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

बंद मकान में हुई चोरी की पुलिस ने की प्राथमिकी दर्ज

बिलासपुर। सद्गुरु इंक्लेव कॉलोनी में बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी के मामले में अज्ञात चोर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है।कालोनी निवासी जयवीर सिंह बीती 22 अक्टूबर को अपनी पत्नी आरती के साथ पड़ोसी राज्य ऊधम सिंह नगर स्थित ससुराल गए थे। 23 अक्टूबर की दोपहर घर लौटे तो अंदर का सामान बिखरा पड़ा था।चोर अलमारी तोड़कर उसमें रखी सोने की चेन, मंगलसूत्र, दो अंगूठियां, सोने की बालियां, चांदी की दो जोड़ी पायल, साड़ियां और कीमती पीतल के बर्तन चोरी कर ले गए थे। पीड़ित द्वारा सूचना दिए जाने के बाद कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। साथ ही पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की थी।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि गृहस्वामी की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सीसीटीवी कैमरों सहित आदि की जांच की जा रही है।जल्द ही घटना का राजफाश कर दिया जाएगा। साथ ही घटना की जांच उपनिरीक्षक केशु शर्मा को सौंपी गई है।

सरस्वती विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती

मिलक, रामपुर। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष डॉ. राजकुमार माहेश्वरी, प्रबंधक सुरेश चंद्र गंगवार, उप प्रबंधक हरिओम अग्रवाल और प्रधानाचार्य आनंदपाल सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया।मुख्य वक्ता चंद्रकेश ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डाला। डॉ. राजकुमार माहेश्वरी ने उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। सुरेश चंद्र गंगवार और हरिओम अग्रवाल ने भी विचार रखे। शिक्षक आशीष कुमार और शुभम सक्सेना ने भजन प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य आनंदपाल सिंह ने महर्षि वाल्मीकि को आदिकवि बताते हुए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन ढाकन लाल ने किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे।

सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत कॉलेज स्टाफ ने ली शपथ

मिलक, रामपुर। नगर स्थित डॉ. राम बहादुर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में 26 अक्टूबर 2026 को सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार सहित समस्त स्टाफ ने ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों को अपनाने की शपथ ली। शपथ ग्रहण के दौरान सभी ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी बरतने, कानून के नियमों का पालन करने तथा न तो रिश्वत लेने और न ही रिश्वत देने का संकल्प लिया। साथ ही भ्रष्टाचार से दूर रहने और अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार के साथ शिशुपाल, शुभम गुप्ता, गौरव पाण्डेय, श्रवण कुमार पाण्डेय, कल्पना शर्मा, गजेन्द्र पाल, धर्मेन्द्र कुमार, शिवओम, जितेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र पाल सहित कॉलेज के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम का उद्देश्य सभी को ईमानदारी, जवाबदेही और भ्रष्टाचार मुक्त कार्यसंस्कृति के प्रति जागरूक करना रहा।

ग्राम हुरमतनगर में श्रीरामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ

बिलासपुर/केमरी। ग्राम हुरमतनगर में रविवार की रात श्रीरामलीला महोत्सव का शुभारंभ धार्मिक आस्था और उत्साह के बीच हुआ।भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने फीता काटकर महोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया।इस दौरान उन्होंने प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में ग्रामवासियों सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।महोत्सव के शुभारंभ पर भगवान श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि श्रीरामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं,बल्कि भारतीय संस्कृति,संस्कारों और आदर्शों को पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, मर्यादा,त्याग और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा कि रामलीला के मंचन से नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं से परिचित होने का अवसर मिलता है।भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को मजबूत किया जा सकता है।ग्राम हुरमतनगर में आयोजित महोत्सव के माध्यम से सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का संदेश दिया गया।

तुरैहा मछुआ समाज ने श्रद्धापूर्वक मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

बिलासपुर। तुरैहा मछुआ समाज शाखा के तत्वावधान में सोमवार को तहसील अध्यक्ष बालकिशोर तुरैहा के आवास पर आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई।कार्यक्रम में उपस्थित समाज के लोगों ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष बालकिशोर तुरैहा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की प्रेरणादायक शिक्षाएं भारतीय संस्कृति की मूल धरोहर हैं, जो हर युग में मानवता का मार्गदर्शन करती रहेंगी।उनके द्वारा रचित रामायण धर्म, सत्य, कर्तव्य और मानवीय आदर्शों का संदेश देती है। इसी कारण उन्हें आदिकवि कहा जाता है।संगठन के जिला महामंत्री गोविंद राम तुरैहा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की प्रेरणा से समाज में शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा मिला है।उन्होंने समाज के लोगों से बच्चों को शिक्षित करने और एकजुट रहने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि शिक्षा और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के अभाव में समाज पिछड़ रहा है।समाज के विकास के लिए शिक्षा, रोजगार और एकता पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।कार्यक्रम में मनोहर लाल तुरैहा,राजाराम तुरैहा, शिवम तुरैहा,राजेश तुरैहा,नन्दराम तुरैहा,मोनू और विजय तुरैहा सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सैफनी में निकली भव्य शोभायात्रा, गूंजे भक्ति गीत

सैफनी। नगर में सोमवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर वाल्मीकि समाज की ओर से एक भव्य एवं मनमोहक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि शारिफ खान ने फीता काटकर किया। इसके उपरांत डीजे की धुन और ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ शोभायात्रा भक्तिमय वातावरण में आगे बढ़ी। शोभायात्रा नगर के मोहल्ला स्थित वाल्मीकि मंदिर से प्रारंभ होकर डेरा, कायस्थान, छिड़िया, पुलिस चौकी, सर्राफा मार्केट और बस स्टैंड सहित नगर के विभिन्न प्रमुख मोहल्लों व मार्गों से होती हुई पुन: वाल्मीकि मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में महर्षि वाल्मीकि, लव-कुश और सुदामा समेत अनेक धार्मिक एवं पौराणिक प्रसंगों पर आधारित सजीव झांकियां सजाई गई थीं, जो पूरे आयोजन के दौरान लोगों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी रहीं। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, बच्चे और युवा उत्साह के साथ शामिल हुए। श्रद्धालुओं के जयघोष और भक्ति गीतों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा और चारों तरफ श्रद्धा व उल्लास का माहौल देखने को मिला। नगर भ्रमण के दौरान स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों द्वारा स्थान-स्थान पर शोभायात्रा का फूल-मालाओं और पुष्पवर्षा के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सुरक्षा व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक पंकज पंत, राजेश वाल्मीकि, रामचरण वाल्मीकि, नरेंद्र दिवाकर, अंकित चौहान, नरेश वाल्मीकि, महेश वाल्मीकि, रामौतार, प्रमोद, रंजीत, भूपेंद्र, राजीव, मुकेश, रमेश, रवि, संतोष सहित वाल्मीकि समाज के अनेक गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

मिलक में फिल्मी अंदाज में बाइक चोरी

मिलक रामपुर- नगर में रंगोली मंडप के पास स्थित एक सैलून में सेविंग करा रहे परवेज पुत्र लियाकत निवासी रौरा कला की स्प्लेंडर बाइक को अज्ञात चोर लेकर फरार हो गया। बाइक का नंबर उत्तर प्रदेश अमरोहा का बताया जा रहा है। घटना रात करीब 9:30 बजे की है। बताया जा रहा है कि एक युवक ने चोर को रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन वह भागने में सफल रहा। बाइक चोरी की पूरी वारदात पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश की जा रही है। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त है।

रामपुर में धूमधाम से निकली वाल्मीकि संदेश यात्रा, शिक्षा और मानवता का दिया संदेश

मिलक रामपुर। महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव के अवसर पर 26 अक्टूबर को आदि धर्म समाज (आधस) रामपुर द्वारा मोहल्ला तोपखाना वाल्मीकि बस्ती से वाल्मीकि संदेश यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सना खानम, भारत भूषण गुप्ता, मामून शाह खान और विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अमरनाथ वाल्मीकि ने फीता काटकर किया।

यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों बापू मॉल, नोदरा चौकी, किला पश्चिम गेट, सर्राफा बाजार, शादाब मार्केट, मिष्ठन गंज, चौकी हाजियानी, सराय गेट और घोसियान से होते हुए पुन: वाल्मीकि बस्ती पहुंची, जहां यह सभा में परिवर्तित हो गई। सभा में राष्ट्रीय धर्म प्रचारक वीर श्रेष्ठ अमर आदिवासी ने कहा कि समाज की उन्नति के लिए महर्षि वाल्मीकि के शिक्षा और कलम के संदेश को अपनाना जरूरी है। उन्होंने शिक्षा, सम्मान, विकास और मानवता के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। यात्रा में नवीन राही, राजेश रत्न, अरुण कटारिया, दीप लव, विमल द्रविड़, अमरनाथ वाल्मीकि, सुधीश भारती सहित अनेक लोग और महिलाएं शामिल रहीं। रास्ते में विभिन्न स्थानों पर यात्रा का स्वागत किया गया और पुष्पवर्षा की गई।

दीक्षा गंगवार ने फीता काटकर किया भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव एवं शोभायात्रा का शुभारंभ

मिलक। खातानगरिया में भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव एवं शोभायात्रा का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका परिषद मिलक की अध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने फीता काटकर किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भगवान वाल्मीकि के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की और उत्सव में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने फीता काटकर शोभायात्रा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों एवं समाज के सदस्यों की उपस्थिति रही। आयोजन के माध्यम से भगवान वाल्मीकि के प्रकट उत्सव को श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम स्थल पर उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह दिखाई दिया। इस अवसर पर सभासद चंद्रभान मित्तल, मंडल मंत्री बसंत कुमार एडवोकेट, शुभम गंगवार, प्रशांत पटेल, रमन वाल्मीकि, अमित राणा, सुनील वाल्मीकि एवं प्रेमपाल वाल्मीकि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सर्वसम्मिति से नए मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रस्ताव पास

बदायूं- मतदेय स्थलों के आलेख्य सूची का प्रकाशन 19 अक्टूबर 2026 को किया गया था। मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची पर किसी भी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल की ओर से कोई आपत्ति या सुझाव प्राप्त नहीं होने पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मिति से आलेख्य सूची के अनुसार नए मतदेय स्थलों का प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को भेजने पर सहमति व्यक्त की है।

सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित हुई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी सहित समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार 1200 मतदाताओं के आधार पर मतदेय स्थलों का सम्भाजन किया जा रहा है। इसके तहत मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन, पुनर्निर्धारण तथा नए मतदेय स्थल स्थापित करने के लिए भवनों का चिन्हांकन किया गया। मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन 19 अक्टूबर 2026 को किया गया था। इस पर आपत्ति एवं सुझाव प्राप्त करने की अंतिम तिथि 26 अक्टूबर निर्धारित की गई थी, लेकिन कोई भी आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुआ है, जिसपर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदेय स्थलों का प्रस्ताव 27 अक्टूबर 2026 को सभी आवश्यक अभिलेखों सहित मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश, लखनऊ को अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा।

विशेष अभियान की तिथियां फिर हुईं घोषित- 01 जनवरी 2027 के आधार पर होने वाले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के संबंध में भी जानकारी दी गई कि निर्वाचन आयोग ने विशष संक्षित पुनरीक्षण कार्यक्रम को माह नवम्बर में चलाने हेतु 21, 22, 28 एवं 29 नवंबर 2026 को विशेष अभियान की तिथियां घोषित की हैं। इन तिथियों में प्रत्येक बूथ पर बीएलओ सहित सभी सम्बंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। निश्चित निधि के आधार पर अपना वोट बनवाने, परिवर्तन कराने तथा संशोधन कराने के लिए बूथ पर पहुंचकर फार्म भर सकते हैं।

निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 12 नवंबर 2026 को होगा तथा 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 04 जनवरी 2027 को किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से विशेष अभियान में सहयोग करने तथा जनपद की सभी छह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं एवं महिला मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में जुड़वाने के लिए सक्रिय प्रयास करने की अपील की। उन्होंने सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदेय स्थलवार बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करने को कहा है।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि अशोक यादव, भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री शैलेन्द्र मोहन शर्मा, आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष दिनेश सिंह राठौर, बहुजन समाज पार्टी के जिला सचिव अरविन्द प्रधान, कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सूरज पाल सिंह सोलंकी सहित उप जिलाधिकारी दातागंज विनोद सिंह, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

वेयरहाउस का किया बाहय निरीक्षण- जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने सोमवार को राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित वीवीपैट एवं ईवीएम वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोदाम की सुरक्षा व्यवस्था, परिसर की साफ-सफाई, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अग्निशमन उपकरणों तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वीवीपैट एवं ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा से जुड़े सभी मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि गोदाम परिसर में सुरक्षा व्यवस्था लगातार प्रभावी बनी रहे तथा सीसीटीवी कैमरे, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक संसाधन सदैव क्रियाशील स्थिति में रहें।

दोहरी हत्या के मामले में चार दोषियों को आजीवन कारावास

चन्दौसी। जुनावई थाना क्षेत्र में वर्ष 2023 में हुई गोलीबारी के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह ने चार अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने प्रत्येक दोषी पर एक-एक लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। वहीं, आयुध अधिनियम की धारा 25/27 के तहत तीन अभियुक्तों को तीन-तीन वर्ष के कारावास और दस-दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

मामला मुकदमा अपराध संख्या 301/2023, थाना जुनावई, जनपद संभल से संबंधित है। वादी क्रांति पुत्र गंगासहाय निवासी ग्राम लावर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 28 अगस्त 2023 की रात करीब दो बजे उसका भाई प्रताप घेर में पेड़ के नीचे सो रहा था। इसी दौरान गांव के जयनारायन, विजयपाल, हरिओम, जयपाल, कालीचरन उर्फ काली और दो अन्य लोग लाठी-डंडों व बंदूक से लैस होकर वहां पहुंचे और प्रताप को गोली मार दी। गोली चलने की आवाज सुनकर क्रांति और प्रताप की पत्नी तोहफा देवी ने शोर मचाया तो आरोपी भाग गए। कुछ देर बाद दोबारा गोली चलने की आवाज आई। परिजनों ने मौके पर जाकर देखा तो घर से करीब 60 मीटर दूर सो रहे भतीजे उमेश को भी गोली मार दी गई थी। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने प्रताप को मृत घोषित कर दिया, जबकि उमेश को अलीगढ़ रेफर किया गया।

मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने जयनारायन, विजयपाल, कालीचरन उर्फ काली और जयपाल को हत्या के अपराध में दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

धूमधाम से मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती, निकाली भव्य शोभायात्रा

चन्दौसी। नगर में सोमवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। खुर्जा गेट मोहल्ले में सफाई कर्मचारी ट्रेड यूनियन के जिलाध्यक्ष एवं भाजपा नेता नंदू वाल्मीकि के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। वहीं, महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव समारोह समिति के तत्वावधान में संजय बस्ती से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। दोनों आयोजनों में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर महर्षि वाल्मीकि को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

खुर्जा गेट में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण की रचना कर मानवता को आदर्श जीवन, नैतिकता और सदाचार का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज का मार्गदर्शन करते हैं। सभी को उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करना चाहिए। नंदू वाल्मीकि ने समानता और सद्भाव पर जोर दिया, जबकि अंबेडकर सेवा दल के जिलाध्यक्ष प्रवीन कुमार बंटी ने शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से समाज को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदनलाल दूरदर्शन ने की और संचालन ज्ञान प्रकाश वाल्मीकि ने किया।

वहीं संजय बस्ती स्थित वाल्मीकि मंदिर में 25 अक्टूबर की रात कीर्तन और आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। सोमवार को शोभायात्रा का शुभारंभ राज्यमंत्री गुलाब देवी, साध्वी गीता प्रधान और पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने फीता काटकर किया। समिति अध्यक्ष अमित वाल्मीकि ने अतिथियों को पगड़ी, प्रतीक चिह्न और रामायण पुस्तक भेंटकर सम्मानित किया। शोभायात्रा संजय बस्ती से शुरू होकर खुर्जा गेट, अंजता रोड, बह्नम बाजार, बड़े बाजार, फुलवारा चैक और संभल गेट सहित विभिन्न मार्गों से गुजरी। रास्ते में जगह-जगह स्वागत किया गया। आयोजकों ने सहयोग के लिए सभी का आभार जताया।

01 नवम्बर को होगा बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन

बदायूँ। मा0 राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ?प्र? राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुपालन में एवं श्री विवेक संगल, माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के आदेशानुक्रम में 01 नवम्बर 2026 को मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा।

शिविर के आयोजन के सन्दर्भ में अपर सिविल जज (सी0डि0)/त्वरित न्यायाधीश/प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ द्वारा अवगत कराया गया कि इस मेगा शिविर में समस्त प्रशासनिक विभागों से समन्वय स्थापित कर आम-जनमानस को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किये जाने वाले पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जायेगा। मेगा शिविर के आयोजन का पप्पलेट, पोस्टर, बैनर इत्यादि प्रचार सामिग्री के माध्यम से भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

उन्होंने बताया है कि 01 नवम्बर 2026 को मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के सफल आयोजन के सन्दर्भ में सोमवार को बैठक आयोजित की गई, जिसमें बृहद शिविर के सफल आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

बैठक में प्रतिसार निरीक्षक, रिर्जव पुलिस लाइन, बदायूँ के साथ न्यायिक शिविर समिति की माननीय अध्यक्षा, सुश्री रिन्कू प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बदायूँ व सदस्यगण श्री राजवीर सिंह, विषेष न्यायाधीष, एस0सी0/एस0टी0 (पी0ए0) एक्ट, बदायूं, श्री ऋषि कुमार, शष्टम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीष/विशेष न्यायाधीश, गैगस्टर एक्ट, बदायूं, श्री अंकित रस्तोगी, अपर सिविल जज (सी0डि0)/त्वरित न्यायाधीष/प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ, व श्री सागर तायल, न्यायिक मजिस्टेट्र-प्रथम, बदायूं मौजूद रहे। उन्होंने जनपद के सभी जन-सामन्य से अपील है कि 01 नवम्बर 2026 रविवार को आयोजित होने वाले मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में उपस्थित होकर लाभान्वित हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा स्निफर डॉग (खोजी कुत्ता) के माध्यम से सम्पूर्ण जनपद न्यायालय, परिसर बदायूं की सुरक्षा की दृष्टि से जॉच-पड़ताल की गयी।

राज्य सूचना आयुक्त ने कल्किधाम में किया शिला पूजन

संभल। राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि समग्र विकास से संभल की तस्वीर बदल रही है। जन सूचना अधिकारी सूचना प्रदान करने के दायित्व निर्वाह के साथ ही जरूरतमंदों की समस्याओं का समाधान भी करें। राज्य सूचना आयुक्त ने लोक निर्माण निरीक्षण गृह में जन सूचना अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संभल की अपनी प्रत्येक यात्रा में विकास की कोई न कोई सौगात देते हैं। सरकार संभल की ऐतिहासिक और पौराणिक पहचान को विश्व पटल पर और धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित कर रही है। मुख्यमंत्री ने 52 किलोमीटर लंबे चौबीस कोसीय परिक्रमा मार्ग का लोकार्पण किया था। पर्यटन विभाग और वंदन योजना से संभल के 68 तीर्थों में से चार प्रमुख तीर्थों पर विकास कार्य प्रगति पर है। राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे प्लान किए गए संभल इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर के माध्यम से संभल का औद्योगिक विकास भी हो रहा है। इन सबके दृष्टिगत जन सूचना अधिकारियों को भी कार्य करना चाहिए।

एक दिवसीय किसान संगोष्ठी आयोजित

बिसौली। नगर के वृंदा कोल्ड स्टोरेज परिसर में सोलिस ट्रैक्टर द्वारा आयोजित एक दिवसीय किसान संगोष्ठी में उपस्थित कृषि विशेषज्ञों और तकनीकी प्रतिनिधियों ने किसानों को पैदावार बढ़ाने और लागत कम करने के गुर सिखाए। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने सोलिस ट्रैक्टर की तकनीकी विशेषताओं और आधुनिक खेती में इसकी उपयोगिता के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी। डिविजनल हैड संजीव मिश्रा ने बताया कि सोलिस ट्रैक्टर अपनी उच्च लिफ्टिंग क्षमता, कम ईंधन खपत, शक्तिशाली इंजन और एडवांस फोर-व्हील ड्राइव तकनीक के लिए जाना जाता है। यह ट्रैक्टर रोटावेटर, कल्टीवेटर और हैवी-ड्यूटी इम्प्लीमेंट्स के साथ बेहतरीन प्रदर्शन करता है, जिससे किसानों का समय और डीजल दोनों बचता है। ?संगोष्ठी में आधुनिक खेती के महत्व पर जोर देते हुए वक्ताओं ने कहा कि पारंपरिक खेती की जगह आधुनिक तकनीकों और स्मार्ट कृषि यंत्रों को अपनाकर किसान अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। वी. आर. ट्रेडर्स के स्वामी जतिन अग्रवाल ने कहा कि सोलिस ट्रैक्टर जैसी आधुनिक मशीनें न केवल किसानों का समय और ईंधन बचाती हैं, बल्कि खेतों में काम को आसान और अधिक उत्पादक बनाती हैं। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य किसानों तक सही तकनीक पहुंचाकर उनकी आय में वृद्धि करना है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय किसान मौजूद रहे, जिन्होंने सोलिस ट्रैक्टर के फीचर्स और आधुनिक उपकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की। किसान संगोष्ठी में जतिन अग्रवाल, डिवीजनल हैड संजीव मिश्रा, स्टेट हैड बीरेन्द्र सिंह, एक्टिविटी हैड विनय मदन, टेरिटरी मैनेजर विशाल मिश्रा, विष्णुकांत अग्रवाल, शोभित अग्रवाल, प्रणय अग्रवाल, केशव अग्रवाल समेत सोलिस टीम उपस्थित रही।

गणेश शंकर विद्यार्थी की निडर पत्रकारिता और महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों को किया याद

चन्दौसी। महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल में महान स्वतंत्रता सेनानी एवं पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी तथा महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दोनों महापुरुषों के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अध्यक्षता डॉ. महेश कुमार गुप्ता ने की तथा संचालन डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता ने किया। आयोजक पंडित सुरेश चंद्र शर्मा रहे। मुख्य वक्ता माधव मिश्र ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी ने अपनी लेखनी से ब्रिटिश शासन की नींव हिला दी थी। उन्होंने 'प्रताप' समाचार पत्र के माध्यम से गरीबों, किसानों और मजदूरों के शोषण के खिलाफ आवाज उठाई। उनकी निडर एवं निष्पक्ष पत्रकारिता आज भी पत्रकारों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कानपुर में सांप्रदायिक दंगों के दौरान लोगों की जान बचाते हुए 25 मार्च 1931 को अपना बलिदान दिया। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वाल्मीकि रामायण की रचना कर उन्होंने भारतीय साहित्य को अमूल्य धरोहर प्रदान की। उन्हें आदिकवि के रूप में जाना जाता है। उनके जीवन से सत्य, तपस्या और ज्ञान की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में डॉ. निशा गुप्ता, डॉ. नितिन कौशिक, हिमांशु यादव, विकास यादव, शिवकुमार, आशीष कश्यप, अंकित वार्ष्णेय सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

मिशन शक्ति के तहत चैपाल लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

चन्दौसी। उत्तर प्रदेश शासन की ओर से महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन एवं सशक्तीकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के तहत सोमवार को जनपद संभल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मिशन शक्ति केंद्रों पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों ने थाना क्षेत्रों में चैपाल लगाकर बालिकाओं को जागरूक किया और महिलाओं से संबंधित समस्याओं के निस्तारण की जानकारी दी। वहीं एंटी रोमियो टीम ने प्रमुख बाजारों, कस्बों, चैराहों, स्कूल-कॉलेजों और धार्मिक स्थलों सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा एवं स्वावलंबन से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पुलिसकर्मियों ने वीमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के पंपलेट वितरित कर उनके उपयोग के बारे में बताया।

सफाई कर्मचारियों को दीपावली पर विशेष सफाई के निर्देश दिए

रुदायन (बदायूं) नगर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए दर्जनभर वाहन जनता को समर्पित करते हुए नगर चेयरमेन सीमा चौधरी ने सफाई कर्मचारियों को दीपावली पर विशेष सफाई के निर्देश दिए हैं एक साथ नगर पंचायत में इतने वाहन आने से जनता में खुशी की लहर है

बताते हैं कि नगर पंचायत में लंबे समय से वाहनों की कमी के कारण सफाई व्यवस्था चरमरा रही थी धन का अभाव होने के कारण चाहकर भी नगर पंचायत प्रशासन सफाई वाहन नहीं खरीद पा रहा था बताते हैं कि वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता ने नगर की सफाई की समस्या को गंभीरता से लेते हुए शासन से सफाई उपकरण खरीदने की मांग की शासन द्वारा स्वीकृति देने के बाद नगर में दो छोटे ट्रैक्टर एक बड़ा ट्रैक्टर पांच ई रिक्शे की खरीददारी कराई गई। आज नगर चेयरमेन सीमा चौधरी ने दीपावली से पूर्व नगर वासियों को तोहफा देते हुए सभी वाहनों को हरि झंडी दिखाते हुए जनता को समर्पित कर दिया। इस अवसर पर उन्होंने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वाहनों की कमी खत्म हो गई है अब कर्मचारी दीपावली पर नगर में बेहतर साफ सफाई करें कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता,ठाश्व अनूप सिंह, संजीव गुप्ता मंत्री, डॉ अजीत मोहन गुप्ता, अशोक यादव, जय कृष्ण गुप्ता,नरेंद्र गुप्ता, भीकम सिंह, विद्या रतन चौधरी, विष्णु गुप्ता हलवाई, महाकालेश्वर, चौधरी ठाकुर दास, किशनलाल गुप्ता समेत अनेक लोग उपस्थित रहे

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 295 जोड़े बने हमसफर, 14 का हुआ निकाह

बदायूँ। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत आयोजित समारोह में 281 हिन्दू व 14 मुस्लिम जोड़े सहित कुल 295 जोड़े एक दूसरे के हमसफर बन गए हैं। सरकार द्वारा एक लाख रुपये की धनराशि का लाभ इस योजना अन्तर्गत नवविवाहित जोड़ों को दिया जाता है, जिसमें 21000 रुपए की उपहार सामग्री होती है, 15000 रुपए प्रति जोड़ा आयोजन में व्यय होता है और शेष 64000 रुपए की धनराशि बधु के खाते में जमा की जाती है। सोमवार को स्थानीय पूनम लॉन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता एवं बिल्सी विधायक हरीश शाक्य सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि जितने भी लोगों का आज विवाह सम्पन्न हुआ है, मेरी शुभकामनाएं है कि हरिबोल महाराज की इन सभी पर कृपा बनी रहें। मैं बेटियों से कहना चाहुंगा कि अपने ससुराल में सबका मान रखना और अपने परिवार से बढ़कर उनका ख्याल रखना वहीं बेटे भी समझलें कि अपने जीवनसाथी के अलावा उनके मायके वालों को भी बराबर का सम्मान देना है, क्योंकि अच्छा सोचो अच्छा होगा आज नहीं तो कल होगा। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि आज का यह अवसर हम सभी के लिए अत्यंत खुशी और हर्ष का अवसर है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से आज अनेक नवविवाहित जोड़े अपने जीवन के एक नए अध्याय की शुरूआत कर रहे हैं। सभी नवविवाहित दंपतियों को हार्दिक बधाई एवं सुखद वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं, साथ ही आज जिन परिवारों ने इस योजना के माध्यम से अपने बच्चों का विवाह संपन्न कराया है, उन्हें मैं पुन: बधाई देता हूं। मेरी कामना है कि सभी नवविवाहित दंपतियों का जीवन प्रेम, विश्वास, समृद्धि और खुशियों से भरा रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतीकात्मक रूप से कुछ जोड़ों के लिए विवाह प्रमाण पत्र एवं उपहार सामग्री का वितरण किया गया। सभी अतिथिगणों व अधिकारियों द्वारा नव विवाहित जोड़ों के ऊपर पुष्प वर्षा करके ईश्वर से प्रार्थना की गई कि इनका गृहस्थ जीवन सुखमय हो। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला, पूर्व एमएलसी जितेन्द्र यादव, पीडी डीआरडीए सतेन्द्र सिंह, डीसी एनआरएलएस रवि प्रकाश तथा ब्लॉक प्रमुख कादरचौक वीरेन्द्र राजपूत, ब्लॉक प्रमुख अम्बियापुर रेखारानी, जिला समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा सहित संबंधित खंड विकास अधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन समाज कल्याण विभाग के महाराज सिंह ने किया।

शरद पूर्णिमा का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, श्रद्धा और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया

बिसौली। नगर में शरद पूर्णिमा का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, श्रद्धा और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। मान्यता है कि इस रात्रि में आकाश से अमृत वर्षा होती है, जिसके चलते श्री लक्ष्मी नारायण बड़ा मंदिर में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने रातभर जागकर भगवान की आराधना की और चंद्रमा के दर्शन किए। शरद पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर में विशेष सजावट की गई थी। ठाकुर जी के दरबार में फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से झांकियां सजाई गईं। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शाम ढलते ही भजन-कीर्तन और संकीर्तन के कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भक्तिमय गीतों और भजनों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। ?शरद पूर्णिमा की मुख्य विशेषता माने जाने वाले 'दूध और पोहे' (या खीर) का प्रसाद तैयार कर भगवान को अर्पित किया गया। मंदिर परिसर में चांदनी रात में खुले आसमान के तले खीर और दूध का प्रसाद रखा गया, जिसे बाद में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। लोगों का मानना है कि इस प्रसाद को ग्रहण करने से आरोग्यता और मानसिक शांति की प्राप्ति होती है। इस मौके पर सुभाष चंद्र अग्रवाल, ममता अग्रवाल, रवि प्रकाश अग्रवाल, लता अग्रवाल, गायत्री अग्रवाल, संजय गर्ग, अरविंद अग्रवाल, रितु अग्रवाल, विनय गर्ग, प्रशांत गर्ग, विवेक गर्ग, अंजू गर्ग, केशव अग्रवाल, विभूति अग्रवाल, प्रणय अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, राधिका अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, आशीष गर्ग आदि प्रमुखता से मौजूद रहे।

वाल्मीकि जयंती पर एसपी ने किया जुलूस मार्ग का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था परखी

चन्दौसी। वाल्मीकि जयंती के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक संभल विकास चंद्र त्रिपाठी ने चन्दौसी और हयातनगर थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जुलूस के मार्ग का जायजा लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था परखी और कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने आयोजनकर्ताओं से संवाद कर जुलूस को सकुशल, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के संबंध में चर्चा की। उन्होंने जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि पर सतर्क नजर रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता और मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने को कहा। एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जुलूस के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, जिससे वाल्मीकि जयंती का आयोजन शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

ट्रांसफार्मर चढ़ाते समय शटडाउन के बीच एसएसओ पर लाइन लगाने का आरोप

चन्दौसी। थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र तथा उपखंड सहसपुर के गांव पैगारफातपुर में रविवार अपराह्न एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकारी नलकूप गागन-15 पर ट्रांसफार्मर चढ़ाने का कार्य चल रहा था। इसके लिए लाइन का शटडाउन लिया गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लाइनमैन संजीव कुमार ट्रांसफार्मर पर कार्य कर रहे थे और नीचे ट्रांसफार्मर लेकर आये सीटीआर कम्पनी के कर्मचारी कृष्णा चेन खींच रहे थे। तभी अचानक लाइन में बिजली आ गई। बिजली आते ही लाइन के झम्पर में स्पार्किंग होते ही ट्रांसफार्मर के नीचे आग लग गई। लोहे के डबल पोल ट्रांसफार्मर पर काम कर रहे संजीव कुमार नीचे कूद गये। गनीमत रही कि लाइनमैन संजीव कुमार व नीचे काम कर रहे कृष्णा बाल-बाल बच गए, अन्यथा बड़ी अनहोनी हो सकती थी। प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों व टीएफ पर काम कर रहे विधुत कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि शटडाउन के दौरान बिजलीघर स्योंडारा पर एसएसओ ने लाइन जोड़ दी, जिससे यह स्थिति बनी। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत मुरादाबाद में 315 जोड़ों का विवाह संपन्न

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सोमवार को जनपद मुरादाबाद के बुद्धि विहार में सर्किट हाउस के पीछे स्थित एमडीए ग्राउंड में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में कुल 315 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधे। इस समारोह में नवदंपतियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ अपने वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत की। आयोजन में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद एवं खुशहाल दांपत्य जीवन की कामना की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बेटियों के विवाह में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना तथा विवाह समारोह को गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न कराना है। प्रति जोड़ा एक लाख रुपये के निर्धारित मानक के अनुरूप 315 जोड़ों के लिए कुल 3 करोड़ 15 लाख रुपये की धनराशि का प्रावधान रहा।

योजना के तहत नकद सहायता, उपहार सामग्री और आयोजन की व्यवस्था

योजना के निर्धारित प्रावधानों के अनुसार प्रति जोड़ा एक लाख रुपये की धनराशि में से 64 हजार रुपये वधू के बैंक खाते में अंतरित करने का प्रावधान है।

इसके अतिरिक्त शासनादेश के अनुरूप 21 हजार रूपए में निर्धारित सामग्रियों के अतिरिक्त अन्य जरूरी घरेलू सामग्रियां भी प्रशासनिक स्तर से उपहार के रूप नवदंपति को उपलब्ध कराई गईं, जबकि 15 हजार रुपये प्रति जोड़ा विवाह समारोह की व्यवस्थाओं, खानपान एवं अन्य आवश्यक आयोजन संबंधी खर्चों के लिए व्यय करने की योजना है।

इस व्यवस्था से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को विवाह के अवसर पर महत्वपूर्ण आर्थिक सहायता मिलती है।

एक ही पंडाल में विवाह और निकाह, सामाजिक समरसता का संदेश समारोह में सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द का विशेष अवसर देखने को मिला। हिंदू जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया, जबकि मुस्लिम जोड़ों का निकाह उनकी धार्मिक परंपराओं के अनुसार कराया गया। सभी जोड़ों को उनकी परंपराओं और मान्यताओं के अनुरूप सम्मानपूर्वक वैवाहिक जीवन में प्रवेश कराया गया। यह आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा सामाजिक समरसता को मजबूत करने का प्रेरक उदाहरण बना।

जनप्रतिनिधियों ने नवदंपतियों को दिया आशीर्वाद

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विधायक श्री रितेश गुप्ता, एमएलसी श्री गोपाल अंजान, एमएलसी डॉ जयपाल सिंह व्यस्त सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। मुरादाबाद शहर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए महत्वपूर्ण सहारा है। योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को बेटियों के विवाह में आर्थिक कठिनाइयों से राहत मिलती है और वे सम्मानपूर्वक विवाह समारोह संपन्न करा पाते हैं।

एमएलसी श्री गोपाल अंजान ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना जरूरतमंद परिवारों की चिंताओं को कम करने और बेटियों के विवाह को गरिमापूर्ण बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, परियोजना निदेशक श्री श्वेतांग पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा बाजपेयी सहित संबंधित अधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

रंजिशन युवक पर चाकू से हमला, घायल

मुरादाबाद। गलशहीद थाना क्षेत्र में रविवार रात करीब नौ बजे रंजिश के चलते युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर लिया। घायल युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मामले में युवक के परिजनों की ओर से तीन नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। थाना गलशहीद के असालपुरा बड़ा अहाता निवासी फरदीन (19) पुत्र जीशान उर्फ भूरा पीतल पर कलर का काम करता है। पिता मीट विक्रेता हैं। पुलिस ने बताया कि शनिवार रात फरदीन की स्कूटी मेहंदी का चौराहा पर बकरी का हाता निवासी अदीप बालम की मोटर साइकिल से टकरा गई थी।

आरोप है कि उसी के बाद अदीब आलम रंजिश मानकर बैठा था। फरदीन के पिता ने बताया कि रविवार रात नौ बजे फरदीन पेट्रोल डलवाने गया था। वहां उसे दोस्त रिहान रेलवे ट्रैक की ओर ले गया। वहां रेलवे ट्रैक के पास अदीब आलम, ट्यूबा और एक अन्य युवक पहले से मौजूद थे। आरोपियों ने फरदीन को देखते ही मारपीट शुरू कर दी। चाकू से जान से मारने की नियत से उसके ऊपर कई वार किए, जिससे वह लहुलूहान हो गया। पुलिस ने घायल फरदीन को जिला अस्पतला पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। फरदीन के सिर, गर्दन और पीठ पर चाकू के निशान हैं। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि एक युवक चाकू के हमले में घायल हुआ है। परिजनों की तहरीर पर तीन नामजद समेत चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया जा रहा है।

मुरादाबाद मंडल में 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026' का शुभारंभ

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। आज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुरादाबाद में 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026' का शुभारंभ किया गया। यह सप्ताह 01 नवंबर 2026 तक मनाया जाएगा।

इस वर्ष केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा निर्धारित थीम सत्यनिष्ठा से समृद्धि卐क्क्ष्श्ड्ढद्धह्ल4 द्धश्ह् क्क्ष्श्ह्यश्चद्दह्लद्धह्ल4) के माध्यम से कार्यप्रणाली में ईमानदारी, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का संदेश दिया जा रहा है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के प्रथम दिन प्रात: 11ः30 बजे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर स्थित गांधी मूर्ति के समक्ष शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक महोदया ने मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध सजग रहने, अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी एवं निष्पक्षता से करने तथा राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने की शपथ दिलाई। उपस्थित रेलकर्मियों ने कार्यस्थल पर पारदर्शिता, सत्यनिष्ठा एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

इसी क्रम में सतर्कता के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपराह्न मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के 'मनन सभागार' में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अपराह्न 3ः00 बजे प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा 4ः00 बजे वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। मंडल की विभिन्न शाखाओं के कर्मचारियों ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया और भ्रष्टाचार उन्मूलन, नैतिक आचरण तथा पारदर्शी कार्यप्रणाली जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

इन कार्यक्रमों का उद्देश्य रेलकर्मियों को दैनिक कार्यों में सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा भ्रष्टाचार मुक्त कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आगामी दिनों में भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के माध्यम से कर्मचारियों और संबंधित हितधारकों को सतर्कता के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा।

गोवर्धन फन सिटी के रोमांचक भ्रमण पर बच्चों ने उठाया मनोरंजन का लुत्फ, संस्कारों की भी मिली सीख

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित मदन मोहन विद्या मंदिर द्वारा 25 अक्टूबर 2026 को विद्यार्थियों के लिए गोवर्धन फन सिटी के मनोरंजक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में विद्यालय के लगभग 90 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अनिल गुप्ता एवं रामगोपाल के सहयोग से बच्चों और विद्यालय स्टाफ के लिए यात्रा की व्यवस्था की गई। इस दौरान प्रधानाचार्य श्रीमती शर्मिष्ठा भाटी सहित शिक्षकगण मौजूद रहे।

गोवर्धन फन सिटी पहुंचने पर बच्चों और स्टाफ का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत खिचड़ी वितरण से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों को संस्कारों, सामाजिक दायित्वों और नैतिक मूल्यों की प्रेरणा देने वाली फिल्म दिखाई गई। फिल्म के माध्यम से बच्चों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का संदेश मिला। इसके बाद बच्चों ने वर्चुअल रियलिटी, झूमर एवं महाराजा झूला, जिप लाइन, स्विमिंग पूल और बोटिंग जैसी विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लिया। फिल्म पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भी बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को उपहार प्रदान किए गए। बच्चों के लिए स्वादिष्ट लंच और डिनर की भी समुचित व्यवस्था की गई।

यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए मनोरंजन के साथ-साथ संस्कार, सामाजिक जिम्मेदारी और आपसी सहयोग की भावना विकसित करने वाला यादगार अनुभव रहा।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य शर्मिष्ठा भाटी के साथ विद्यालय स्टाफ से बलबीर, प्रीति, आशा, सीमा, हेमलता, दीप्ति, नीतू, शिखा, सोना, अजय, पारुल, अनुराधा, सुन्दरी, पूजा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

युवती को अगवा करके ले गया युवक

मुरादाबाद। मुरादाबाद के थाना सिविल लाइंस के गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी 24 अक्तूबर को जंगल में चारा लेने गई थी। वहां से गांव महलकपुर निजामपुर निवासी अरविंद नाम का युवक उसे बहलाफुसला कर अगवा कर ले गए। धनुष और शिवम ने भी उसका साथ दिया। पीड़िता के अनुसार आरोपियों के घर जाकर जानकारी करनी चाही तो उनके परिजनों ने गाली गलौज कर धमकी देते हुए भगा दिया। एसएचओ सिविल लाइंस हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर किशोरी की बरामदगी के लिए प्रयास किया जा रहा है।

आइएफटीएम में पुस्तक का विमोचन

मुरादाबाद। आईएफटीएम विश्ववि ?द्यालय के स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डा. बीके सिंह की लिखी पुस्तक %ए टेक्स्टबुक ऑफ ऑपरेशंस रिसर्च का विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय द्वारा विमोचन किया गया। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने कहा कि यह पुस्तक शिक्षकों और वि ?द्यार्थियों दोनों के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध होगी। डॉ. सिंह की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. संजीव अग्रवाल, प्रतिकुलपति- एक्सटर्नल अफेयर्स डा. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति- एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डा. वैभव त्रिवेदी, प्रतिकुलपति- रिसर्च एंड डेवलपमेंट डा. नवनीत वर्मा ने भी डॉ. सिंह का उत्साहवर्धन किया। कुलसचिव डा. अग्रवाल ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय के और शिक्षकों को भी पुस्तक लेखन में आगे आना चाहिए।

एनएचएम के संविदा कर्मचारियों को मिली स्पेशल लीव

मुरादाबाद। अपनी मांगों को लेकर पिछले दिनों पर हड़ताल पर रहे एनएचएम के संविदा कर्मचारियों को शासन की तरफ से पंद्रह दिन की स्पेशल लीव जारी की गई हैं। इसके चलते हड़ताल की अवधि का वेतन कटने की उनकी आशंका अब खत्म हो गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों और एएनएम को इसका लाभ मिलेगा। मुरादाबाद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रघुवीर सिंह ने बताया कि हड़ताल की अवधि के दौरान हुई गैरहाजिरी को पूर्व में कैजुअल लीव से एडजस्ट करने के निर्देश शासन द्वारा प्राप्त हुए थे। लेकिन, कई कर्मचारियों का कैजुएल लीव बैलेंस काफी कम होने के कारण हड़ताल के कई दिनों का वेतन कटने की संभावना बढ़ गई थी।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर डीएम ने किया माल्यार्पण, बोले— रामायण के आदर्शों को जीवन में अपनाए

मेरठ। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने रजबन स्थित वाल्मीकि मंदिर (महर्षि वाल्मीकि चौक) में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल एवं अन्य अधिकारियों ने महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को महर्षि वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में महर्षि वाल्मीकि से संबंधित मंदिरों एवं स्थलों पर रामायण के अखंड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रम आपसी सद्भाव, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित किए जाएं, जिससे समाज में एकता और सामाजिक समरसता को और मजबूती मिले।

अनुदान पर बीज प्राप्त करे कृषक

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। रबी सीजन 2026 में किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा मिशन फॉर आत्म निर्भरता इन पल्सेस योजनान्तर्गत दलहन फसलों को बढ़ावा देने हेतु जनपद में सभी राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर चना पर 08 वर्ष से कम की प्रजाति पर 75 प्रतिशत, 10 वर्ष से कम अवधि पर 50 प्रतिशत, तथा मटर पर 08 वर्ष से कम अवधि पर 75 प्रतिशत, 10 वर्श से कम अवधि की प्रजाति पर 50 प्रतिशत एवं मसूर के बीजों पर 08 वर्श से कम अवधि पर 100 प्रतिशत, 10 वर्श से कम अवधि पर 75 प्रतिशत के अनुदान पर उपलब्ध हैं तथा गेहूं पर 10 वर्श से कम अवधि पर 50 प्रतिशत, 10 वर्ष से अधिक की अवधि की प्रजाति 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध है। संबंधित बीज की आपूर्ति जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों पर कर दी गई है। जिन कृषकों को इन फसलों की बुवाई करनी है वे कृषक जनपद के सम्बन्धित विकास खण्ड के राजकीय कृषि बीज भण्डारों से अनुदान पर बीज प्राप्त कर ससमय बुबाई कर सकते हैं।

कांग्रेसियों ने मनाई महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती, प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

हापुड़। आज कांग्रेस जनों ने रेलवे स्टेशन स्थित महर्षि वाल्मीकि जी के मंदिर में जाकर उनकी जयंती मनाई। कांग्रेस जनों ने महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद लिया और उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन के बारे में वर्णन करते हुए बताया कि महर्षि वाल्मीकि भगवान राम के समकालीन थे। जब श्रीराम ने माता सीता का परित्याग किया, तब महर्षि ने ही उन्हें अपने आश्रम में आश्रय दिया था। यहीं पर उनके जुड़वां बेटों, लव और कुश का जन्म हुआ, जिन्हें वाल्मीकि जी ने रामायण का ज्ञान सिखाया।

शहर अध्यक्ष इरफान अहमद ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि वैदिक काल के एक महान हिंदू ऋषि और संस्कृत साहित्य के %आदिकवि% (प्रथम कवि) के रूप में विश्वविख्यात हैं। उन्होंने संसार के सबसे महान और पवित्र महाकाव्यों में से एक %रामायण% (वाल्मीकीय रामायण) की रचना की, जो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के सत्य, धर्म और कर्तव्य से भरे जीवन का दर्शन कराती है।

ये लोग उपस्थित रहेः

पूर्व विधायक गजराज सिंह, पूर्व पीसीसी नवरत्न त्यागी, पूर्व धौलाना विधानसभा प्रत्याशी पंडित अरविंद शर्मा, वाई के शर्मा, सुबोध शास्त्री, यशपाल ढीलोर, रजत शर्मा, पवनजीत सिंह, गौरव गर्ग, रश्मि चौधरी, नरेश भाटी, खुशनूद अली, विकास दयाल, संदीप कुमार, अली मुर्तजा, सुशांत सिंह, सुखपाल गौतम, सविता गौतम, देवेंद्र कुमार, सुरेंद्र सिंह, गोपाल भारती, महबूब अली, अमित कश्यप आदि।

जिलाधिकारी ने निर्वाचन के संबंध में अधिकारियों एवं राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

हापुड़। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती कविता मीना (द्ब.ड्डह्य.) की अध्यक्षता में आगामी विधानसभा निर्वाचन के संबंध में अधिकारियों एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी महोदया द्वारा मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, नाम विलोपन एवं संशोधन की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों से अपील की कि वे अपने बूथ लेवल एजेंट (क्चरु) नियुक्त कर मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाने में सहयोग प्रदान करें।

जिलाधिकारी महोदया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा निर्वाचन से संबंधित सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए गए, जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी महोदया द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

आगामी कार्तिक पूर्णिमा मेला की तैयारियों का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

हापुड़। जिलाधिकारी श्रीमती कविता मीना (द्ब.ड्डह्य.) के द्वारा तहसील गढ़मुक्तेश्वर में लगने वाले आगामी कार्तिक पूर्णिमा मेला की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदया ने मेला स्थल, गंगा घाटों, पार्किंग स्थलों, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं स्वास्थ्य शिविरों के लिए चिन्हित स्थानों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

नजीबाबाद चीनी मिल के विस्तारीकरण को लिखी चिट्ठी

भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने अपर मुख्य सचिव गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग को लिखी चिट्ठी

किसानों का भुगतान न करने वाली बिलाई चीनी मिल के पर्याप्त सेंटर न काटे जाने पर जताई नाराजगी, अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से एक ही पद पर गन्ना आयुक्त कार्यालय में जमे अधिकारियों को हटाने की मांग

आज समाचार सेवा

बिजनौर। भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने अपर मुख्य सचिव गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग उत्तर प्रदेश को चिट्ठी लिखी है। किसान नेता दिगम्बर सिंह ने बताया कि चिट्ठी में गन्ना विभाग में भ्रस्टाचार के चलते पिछले तीन वर्षों से सरकारी, सहकारी,अर्ध सरकारी चीनी मिलों को सुनियोजित तरीके से बंद कराने में लिप्त अधिकारियों की जांच कराने, किसानों की बकायेदारों शुगर मिलों को गन्ना आवंटित कराने सहित पिछले तीन वर्षों से अधिक एक ही पद पर गन्ना आयुक्त कार्यालय में जमे अधिकारियों को हटाने की मांग की है। दिगम्बर सिंह ने चिट्ठीर के माध्यम से आरोप लगाए कि भुगतान न करने वाली बजाज ग्रुप की बिलाई चीनी मिल के पर्याप्त सेंटर नहीं कटे हैं। इसमें लिप्त अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। भाकियू अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगम्बर सिंह ने कहा चिट्ठी में कहा कि पिछले तीन पेराई सत्रों के गन्ना सुरक्षण आदेशों एवं क्रय केंद्र आवंटन की स्वतंत्र उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, सरकारी एवं सहकारी मिलों के आरक्षित क्षेत्रों में निजी मिलों को क्रय केंद्र दिए जाने के मामलों की नियमवार समीक्षा कराई जाए, दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल, मोरना तथा नजीबाबाद चीनी मिल की गन्ना उपलब्धता, विस्तारीकरण एवं आधुनिकीकरण की स्थिति की समीक्षा कर समयबद्ध कार्ययोजना जारी की जाए। किसान नेता दिगम्बर सिंह ने चिट्ठी में मांग की है कि किसानों के गन्ना मूल्य के बकायेदार मिल समूहों के भुगतान रिकॉर्ड को आवंटन प्रक्रिया में प्रभावी आधार बनाया जाए तथा लंबित भुगतान की वसूली के लिए कार्रवाई की जाए, गन्ना आयुक्त कार्यालय में तीन वर्ष या उससे अधिक समय से एक ही पद पर तैनात अधिकारियों की सूची तैयार कर नियमानुसार तत्काल पद परिवर्तन एवं स्थानांतरण किया जाए व दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय एवं आवश्यकतानुसार विधिक कार्रवाई की जाए तथा जांच की समयसीमा निर्धारित कर उसकी रिपोर्ट तथा की गई कार्रवाई से संबंधित तथ्य सार्वजनिक किए जाएं।

सहकारी चीनी मिलों के क्रय केन्द्र निजी मिलों को किए आवंटित: *दिगम्बर सिंह*

पिछले तीन वर्षों से उत्तर प्रदेश में गन्ना विभाग द्वारा सरकारी एवं सहकारी चीनी मिलों को सुनियोजित तरीके से गन्ना सुरक्षण आदेश के माध्यम से बंद करने का संगठित अपराध किया जा रहा है। सरकारी सहकारी चीनी मिलों के रिजर्व एरिया में भी भ्रस्टाचार के चलते निजी मिलों को क्रय केंद्र आबंटित कर दिए है लेकिन इसके विपरित एक भी निजी चीनी मिल के क्षेत्र में किसी दूसरे शुगर मिल को आबंटन नहीं होगा विभागीय भ्रष्टाचार को दशार्ता है। उत्तर प्रदेश में सहकारी संघ की द गंगा सहकारी चीनी मिल मोरना जनपद मुजफ्फरनगर,नजीबाबाद शुगर मिल जनपद बिजनौर का विस्तारीकरण स्वीकृत होने के बाद केवल गन्ना कम होने के कारण रोक दिया गया है, जिससे किसानों को भारी नुकसान है।

आजाद समाज पार्टी ने मनाया महर्षि वाल्मीकि का प्रकट दिवस

आज समाचार सेवा

किरतपुर। किरतपुर स्थित साहिल मेहरा प्रदेश सचिव आजाद समाज पार्टी के कैंप कार्यलय पर महऋषि वाल्मीकि जी का प्रकट दिवस दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर प्रकट दिवस मनाया गया.. तत्पश्चात वाल्मीकि जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओ ने अपनी अपनी बात रखी.. इस अवसर पर प्रदेश सचिव साहिल मेहरा,प्रदेश कोर कमेटी सदस्य भीम सेन हलदिया, जिलाध्यक्ष सतेंद्र कुमार, रोहित सागर, दीपक कुमार, रीपा देवी,सरफराज मलिक,बाबू जगराम,सलीम राशिद, अशरफ जमील, नवीन भारती, राजन वाल्मीकि, राजीव प्रसाद, मुनाज्जीर हुसैन,फहाद खान, जितेंद्र राणा, अशोक कुमार, सोनू आदि काफी संख्या मे लोग उपस्तिथ रहे।

बकाया किश्तों के नाम पर बाइक छीनने में छठा मुकदमा दर्ज हुआ

आज समाचार सेवा

नगीना। कथित रूप से कलेक्शन एंड रिकवरी एजेंट बनकर फाइनेंस वाहनों को छीनने वाले गिरोह के खिलाफ छठा मुकदमा दर्ज किया गया है।आरोपी पहले से ही जेल में बंद हैं।

बढ़ापुर की हरिजन बस्ती निवासी नितेश कुमार पुत्र तारा सिंह ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि 6 अगस्त को वह अपनी पत्नी प्राची का अल्ट्रासाउंड कराने धामपुर गया था।धामपुर से वापस लौटते समय नगीना में इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर अपने भाई रवि से मांगी हुई सुपर स्प्लेंडर बाइक नंबर यूपी 20 सीएफ 5847 में करीब दो बजे पैट्रोल भरवा रहा था। तभी वहां पर तीन लड़के आए और कहने लगे कि यह मोटरसाइकिल किश्तों पर है और इसकी किश्तें टूटी हुई हैं। तीनों ने 55000 रुपए देने पर बाइक देने की बात करते हुए अपने ऑफिस राणा जी एसोसिएट लेकर चले गए और बाइक छीनकर एक रसीद देकर कहा कि 55000 रुपए दे जाना और बाइक ले जाना। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर इनके नामों की जानकारी हुई।

जिनके नाम विभू सेठी पुत्र सुनील सेठी निवासी मौहल्ला पाधान नगीना, अनुराग सक्सेना पुत्र राकेश सक्सेना निवासी आशियाना कॉलोनी फेज 2 थाना सिविल लाइन मुरादाबाद, पुष्पेंद्र पुत्र मुनिराज निवासी ग्राम कस्बा कोटरा थाना नगीना व एक अज्ञात व्यक्ति जिसका मोबाइल नंबर 96907..... है।

सीओ राजेश सिंह सोलंकी ने बताया कि पीड़ित नितेश कुमार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। नामजद आरोपी पहले से ही जेल में बंद हैं।

जिले में धान क्रय केन्द्रों का संचालन न होने पर भाकियू ने गहरी नाराजगी जताई

आज समाचार सेवा

किसान अपना धान जिलाधिकारी और एसडीएम कार्यालय पर तुलवाने को मजबूर होंगे

नहटौर। जिले में धान क्रय केंद्रों का संचालन न होने पर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने गहरी नाराजगी जताई है। भाकियू के जिला प्रवक्ता राजेंद्र सिंह ने कड़ी चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द धान क्रय केंद्र नहीं खोले गए, तो किसान अपना धान जिलाधिकारी और एसडीएम कार्यालय पर तुलवाने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। रविवार को श्री शिव विहार में आयोजित एक आवश्यक वार्ता में जिला प्रवक्ता राजेंद्र सिंह मटोरामान ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार का सिस्टम पूरी तरह फेल हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार नहीं चाहती कि किसान अपने पैरों पर खड़ा हो, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण धान क्रय केंद्रों का समय पर शुरू न होना है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मुनेंद्र काकरान ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि धान भरकर बेचने के लिए जा रहे किसानों की ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को एआरटीओ द्वारा बेवजह रोकने का काम किया जा रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। घ्भारतीय किसान यूनियन इस पूरे मामले को लेकर अपनी आगे की रणनीति तैयार कर रही है, और जल्द ही किसानों के हित में एक बड़ा और कड़ा निर्णय लिया जाएगा।

रोटरी क्लब ने अपने संस्थापक सदस्य ऐरन की पुण्य तिथि पर रक्तदान शिविर *आयोजित किया*

आज समाचार सेवा

हल्दौर। हल्दौर रोटरी क्लब ने आज अपने संस्थापक सदस्य स्व0 रजनीश चंद्र ऐरण जी की पुण्य तिथि के अवसर पर रक्त दान शिविर का आयोजन कर 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया। रविवार को शिविर संयोजक डॉ0 हेमचंद राणा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जनता चेरिटेबल ब्लड सेंटर ,नूरपुर के सहयोग से रोटरी क्लब हल्दौर ने अपने संस्थापक सदस्य स्व0 रजनीश चंद्र ऐरन जी की पुण्य तिथि पर आज राणा क्लिनिक पर एक रक्त दान शिविर का आयोजन कर 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया। रोटरी क्लब अध्यक्ष अभिषेक कुमार,सचिव विकास मारवाड़ी,कु प्रदीप सिंह तथा समाज सेवी राजीव कुमार ने रक्त दान किया। जनता चेरिटेबल ब्लड सेंटर नूरपुर की ओर से डॉ राजकुमार, मो सादान,राहुल कुमार, यश कुमार,दीपक कुमार व जागेश कुमार ने शिविर में विशेष सहयोग प्रदान किया। रोटरी क्लब हल्दौर की ओर से देवेंद्र रस्तोगी, अनिल सिंह, संदीप रस्तोगी, प्रदीप सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह, प्रवीण रस्तोगी, अशोक कुमार, नवीन कुमार, डॉ राजीव शरण शर्मा दिवाकर रस्तोगी व अनुज मारवाड़ी उपस्थित रहे।

रोटरी क्लब द्वारा आई कैंप मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 90 मरीजों को चयनित किया गया

आज समाचार सेवा

हल्दौर। रोटरी क्लब हल्दौर द्वारा सी डी इंटर कॉलेज में लगाए गए निःशुल्क आई कैंप में 180 मरीजों का चैकअप किया गया। उक्त जानकारी कैंप संयोजक रो0 जितेंद्र कुमार मारवाड़ी ने देते हुए बताया कि निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से लगाए गए निःशुल्क आई कैंप में आज 180 मरीजों का चैकअप कर मोतियाबिन्द के आपेरशन को 90 मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए छांटा गया। जिनमें से 58 मरीजों को 27 अक्टूबर को तथा शेष मरीजों को 29 अक्टूबर को ऋषिकेश ले जाया जाएगा। 29 अक्टूबर को नए मरीजों को भी देखा जाएगा। निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश की ओर से तकनीशियन यदि और निशांत ने मरीजों का चैकअप किया। रोटरी अध्यक्ष अभिषेक कुमार, सचिव विकास मारवाड़ी, रो देवेंद्र रस्तोगी, रो संदीप रस्तोगी, डॉ हेमचंद राणा, डॉ राजीव शरण शर्मा,अनुज मारवाड़ी, सुरेंद्र पाल सिंह, प्रवीण रस्तोगी, भवानी प्रसाद मारवाड़ी तथा समाज सेवी राजीव कुमार का कैंप के आयोजन में विशेष सहयोग रहा।

जाम की स्थिति से निजात दिलाने के लिए भारी वाहनों के प्रवेश पर दिन में रोक लगा दी गई

आज समाचार सेवा

नहटौर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशों का अनुपालन करते हुए आगामी त्योहारों के मद्देनजर बाजारों में होने वाली भारी भीड़-भाड़ व संभावित सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने कड़ा कदम उठाया है। कस्बे के मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति से निजात दिलाने के लिए भारी वाहनों के प्रवेश पर दिन में रोक लगा दी गई है। थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि अक्सर दिन के समय भारी वाहनों के गुजरने से मुख्य मार्ग, कस्बे के संकरे रास्तों और बाजारों में गंभीर जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। त्योहारों का सीजन नजदीक होने के कारण बाजारों में आम जनता और पैदल राहगीरों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसी स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए कस्बे को सुचारू और सुरक्षित बनाए रखने के लिए बड़े वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया है। घ्यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए हल्दौर चैराहे से लेकर गगन नदी के पुल तक सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश को पूरी तरह रोक दिया गया है। हल्दौर चैराहे व गगन नदी पर पुलिस बल तैनात किया गया है, और धामपुर जाने वाले भारी वाहनों को नूपुर मार्ग की तरफ डायवर्ट किया जा रहा है। इस निर्धारित समय सीमा के दौरान यदि कोई भी भारी वाहन चालक प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश करेगा या नियमों की अनदेखी करेगा, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घ्दिन के समय केवल दोपहिया, चारपहिया निजी वाहनों और आवश्यक सेवाओं को ही शहर के भीतर से आवाजाही की अनुमति दी जा रही है। वहीं गगन नदी के पुल पर भी बैरियर लगाकर पुलिस तैनात की गई है। पुलिस की इस मुस्तैद व्यवस्था से स्थानीय दुकानदारों और आम जनता ने राहत की सांस ली है।

एसपी के निर्देशों का अनुपालन किया जा रहा

इसके साथ ही थानाप्रभारी वीरेंद्र कुमार ने ई-रिक्शा चालकों को भी कड़ी हिदायत दी है कि वे मुख्य सड़कों और चैराहों पर बेतरतीब तरीके से वाहन खड़ा न करें और बाजारों के संकरे रास्तों में एक साथ घुसने से बचें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनावश्यक रूप से सड़क पर या बीच बाजार में ई-रिक्शा खड़ा करने वाले और नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने व्यापारियों से भी सहयोग की अपील की है ताकि त्योहारों में बाजार सुगम रह सकें।

उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) फॉर माइक्रो एंटरप्रेन्योर्स में तेरह दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया

आज समाचार सेवा

हल्दौर। सोमवार को पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हल्दौर द्वारा जनपद बिजनौर के सफल उद्यमी महिला व पुरुषों को उद्यमिता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) फॉर माइक्रो एंटरप्रेन्योर्स में तेरह दिवसीय विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। संस्थान के निदेशक मनीष कुमार गौतम के द्वारा नीतू, गरिमा,रमा गुप्ता, पूनम देवी,सरला, नीति मलिक, रुखसाना रिंकी, लक्ष्मी,मंदीप, जगवेंद्र,विजेन्द्र सलमान, नितिन, अनमोल, अतुल, अभिषेक, नरेंद्र कुमार, निकलेश,विपुल यादव, यशवीर, अनुज आदि 27 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसमें एमओआरडी की तरफ से परीक्षा भी ली गई है प्रशिक्षण में सभी प्रतिभागियों को बैंकिंग योजनाएं व स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया। प्रशिक्षण में उद्यमी गुण,सामाजिक सुरक्षा, बीमा, पेंशन, गेम्स ,मार्केट सर्वे, बिजनेस प्रोजेक्ट रिपोर्ट,बैंकिंग क्षेत्र आदि की विस्तार से जानकारी दी गई। ये उद्यमी जिला बिजनौर के सफल उद्यमी बनकर जिले का नाम रोशन करेंगे। जो स्वरोजगार कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सहयोग प्रदान करेंगे। सरकार की स्वरोजगार योजना में बढ़ाने के लिए ये उद्यमी एक अनमोल सितारा के रूप में चमकेंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में आरसेटी स्टॉफ सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

हेल्थ एंड एजुकेशन प्रमोशन ट्रस्ट (हैप्ट) के स्वस्थ मिशन के अंतर्गत डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर जागरूकता कार्यक्रम का चौथा चरण सफलतापूर्वक पूरा

आज समाचार सेवा

नहटौर। हेल्थ एंड एजुकेशन प्रमोशन ट्रस्ट (हैप्ट) के स्वस्थ मिशन के अंतर्गत डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर जागरूकता कार्यक्रम का चैथा चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस कार्यक्रम के दौरान एक विशेष सीपीआर वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के इस चैथे चरण में वीके इंटरनेशनल स्कूल और बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इसके साथ ही, अब तक कुल 8 संस्थानों के 631 विद्यार्थी और 38 शिक्षक इस अभियान से जुड़ चुके हैं। श्हैप्टश संगठन का मुख्य लक्ष्य 12 सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के 700 से 800 विद्यार्थियों तक अपनी पहुंच बनाना है। बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति समझ और जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने सभी को संतुलित आहार लेने, नियमित कसरत करने, पर्याप्त नींद लेने और तनाव से दूर रहने की सलाह दी। उल्लेखनीय है कि इस अभियान के पहले तीन चरणों में 6 स्कूलों के 444 विद्यार्थी और 28 शिक्षक जुड़े थे। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में फराज खुर्शीद और अब्दुल कादिर के नेतृत्व में हैप्ट की टीम ने सक्रिय सहयोग दिया।

विशेष सीपीआर वर्कशॉप का भी आयोजन किया गया

गोल्डन लायनेस नवशक्ति क्लब द्वारा डीसीपी विजिट एवं इंस्टॉलेशन समारोह का भव्य आयोजन हुआ

आज समाचार सेवा

हल्दौर। रविवार की देर शाम गोल्डन लायनेस नवशक्ति क्लब, हल्दौर द्वारा आशियाना होटल में डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन डी सी पी विजिट एवं इंस्टॉलेशन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की थीम ङ्कउड़ान – सपनों से सफलता तकङ्क रही, जिसके अन्तर्गत सभी प्रोजेक्ट एवं गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस अवसर नीतू जैन अपनी साथी जी एल सरिता जैन के साथ पधारीं। क्लब की और से डी सी पी का स्वागत-सत्कार किया गया। कार्यक्रम की बागडोर विधि कुमार ने कुशलतापूर्वक से संभाली।विजिट के दौरान छ प्रमुख प्रोजेक्ट आयोजित किए गए।

जैसे यंग हीरोज अवार्ड, कैंडल मैकिंग प्रतियोगिता, गरीब कन्या विवाह, रिपोर्ट्स अवार्ड,गरबा उत्सव, एंजॉय ऑफ दिवाली,इन सभी प्रोग्रामो के अन्तर्गत सभी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें क्रमश प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को सम्मानित किया।

और एक गरीब कन्या की शादी के लिए क्लब सदस्यों ने उपयोगी सामान दिया। और नये सदस्यों की नियुक्ति भी की गई। और डी सी पी ने नये सदस्यों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इसके अलावा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण रही। कार्यक्रम में प्रियंका,रीना रस्तोगी,शिवि रस्तोगी, विधि कुमार एव शिखा रस्तोगी ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया।

वहीं, प्रिया रस्तोगी ने ऊढ विजिट की थीम उड़ान – सपनों से सफलता तक के अन्तर्गत डी सी पी मैम के लिए सुंदर शायरी प्रस्तुत की, जिसने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा।

कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों मे क्लब अध्यक्ष कविता चौहान, सचिव रीना रस्तोगी, कोषाध्यक्ष रेखा मारवाड़ी, विधि कुमार,शिखा रस्तोगी, प्रिया रस्तोगी, शिवि रस्तोगी, सरिता शर्मा, पवन ठाकुर, प्रियंका, नमिता रस्तोगी, सोमाली अग्रवाल और बच्चों में अक्षरा और रौनक सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संदीप चौहान का विशेष सहयोग रहा।

चिंगारी की 41वीं वर्षगांठ पर पत्रकार ने सूर्यमणि रघुवंशी को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

बिजनौर। सांध्य दैनिक चिंगारी की 41वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर पत्रकार आसिफ अली ने चिंगारी के सम्पादक श्री सूर्यमणि रघुवंशी को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पत्रकार आसिफ अली ने कहा कि सांध्य दैनिक चिंगारी बिजनौर की शान है। अखबार ने निष्पक्षता और निर्भीकता के साथ पत्रकारिता के चार दशक से अधिक का सफर पूरा किया है। चिंगारी ने हमेशा आपसी भाईचारे, सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश दिया है। अखबार ने नफरत और सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने के बजाय समाज में सद्भाव का दीप जलाने का काम किया है। इसके लिए सम्पादक श्री सूर्यमणि रघुवंशी प्रशंसा के पात्र हैं। सम्पादक श्री सूर्यमणि रघुवंशी ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद सांध्य दैनिक चिंगारी अपनी आत्मा के दीप जलाए हुए 41 वर्षों का सफर पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अखबार निकालना लगातार चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। कागज और स्याही की कीमतों में बढ़ोतरी, समाचार पत्रों में काम करने वाले पत्रकारों की कमी तथा अखबारों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने इस क्षेत्र की चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि इन तमाम मुश्किलों के बावजूद चिंगारी ने अपने सफर को जारी रखा है। 41 वर्षों की यह यात्रा पाठकों के विश्वास, पत्रकारिता के प्रति समर्पण और विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों पर कायम रहने का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रसार व्यवस्थापक भारद्वाज जी भी मौजूद रहे।

सम्बन्ध विच्छेद

मेरा पुत्र शादाब अहमद मेरे कहने में नहीं है तथा कुसंगति में पड़ गया है। इसलिये मैंने उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से वेदखल कर उससे अपने सभी सम्बन्ध समाप्त कर लिये हैं।

रईस अहमद पुत्र श्री छिद्दू मिया निवासी गाजीपुर, मौज्जमपुर नारायण, थाना किरतपुर, जनपद बिजनौर।

कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा

नहटौर। क्षेत्र के ग्राम सदरूद्दीन नगर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चैथे दिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कथा व्यास पंडित आरती किशोरी ने प्रभु की बाल लीलाओं और महिमा का ऐसा सुंदर वर्णन किया कि पूरा पंडाल भक्ति के रंग में रंग गया। चतुर्थ दिवस की कथा के मुख्य यजमान विक्की एवं उनकी माता सुनीता देवी रहे, जिन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर व्यास पीठ का पूजन किया और कथा व्यास से आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा व्यास पंडित आरती किशोरी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ईश्वर की भक्ति में ही जीवन का सच्चा आनंद है। जब मनुष्य अपने मन और विचार को प्रभु के चरणों में समर्पित कर देता है, तो उसके जीवन के सभी कष्ट स्वतः समाप्त हो जाते हैं। कथा के दौरान प्रस्तुत किए गए भजनों पर पंडाल में मौजूद श्रद्धालु खुद को रोक नहीं पाए और झूमकर नाचने लगे। कथा के अंत में आरती के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। घ्इस अवसर पर टिंकू सैनी, धर्मेन्द्र चैधरी, अजय गुप्ता, जॉनी चैधरी, कुलदीप चैधरी, राजा चैधरी, लक्ष्मण सैनी, छोटू चैधरी, राकू, संजय सैनी, मोहित चैधरी, राजेश चैधरी, नरेश प्रधान जी, छोटू चैधरी, मुंकुष सैनी, संदीप चैधरी, देवेन्द्र सैनी, पवन सैनी, अंकित चैधरी, विपिन चैधरी, राहुल चैधरी, सुनील चैधरी, शिवम चैधरी, अंकित सैनी, हरिसिंह सैनी और आशु चैधरी सहित भारी संख्या में ग्रामीण व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए जनपद का खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग एक्शन में

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा 16 ऑनलाइन प्लेटफॉर्म वाले वेयरहाउस तथा स्टोरों को सुधार नोटिस जारी किए गए तथा 03 नमूनें लेकर जांच हेतु भेजे गए।

आज समाचार सेवा

गौतमबुद्धनगर। आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु संग्रहित कर रहे हैं।

इसी श्रृंखला में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा विभाग की अलग अलग टीमों द्वारा जनपद में 24 एवं 25 अक्टूबर 2026 को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के वेयर हाउस एवं स्टोरों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इकोटेक 3 ग्रेटर नोएडा स्थित बिग बॉस्केट एवं ब्लिंकिट के वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया, साफ सफाई व्यवस्था सही न मिलने व अन्य अभिलेख मौके पर न दिखाए जाने पर सुधार नोटिस दिए गए, इसके अतिरिक्त जोमेटो हाइपरमार्ट में खामियां मिलने पर उसे भी नोटिस दिया गया। दादरी स्थित स्विग्गी तथा जोमेटो हाइपरमार्ट को चेक किया गया और जोमेटो हाइपरमार्ट से पनीर का 01 नमूना लिया गया एवं साफ सफाई सही न होने तथा आवश्यक अभिलेख मौके पर प्रस्तुत न किए जाने पर सुधार नोटिस जारी किया गया।

इसी प्रकार सूरजपुर , बीटा-01 ग्रेटर नोएडा एवं सेक्टर-62 नोएडा स्थित ब्लिंकिट स्टोर पर भी साफ सफाई व्यवस्था उचित न होने व आवश्यक अभिलेख समय पर प्रस्तुत न किए जाने पर नोटिस जारी किया गया तथा सूरजपुर के स्टोर से मूंगफली के दाने का 01 नमूना लिया गया। सेक्टर 135 नोएडा स्थित जेप्टो स्टोर के निरीक्षण में कोल्ड रूम में सफाई न होने तथा अव्यवस्था होने पर आवश्यक सुधार होने तक कोल्ड रूम व्यवसाय का संचालन बंद कराया गया। इसके अतिरिक्त आवश्यक अन्य अभिलेख मौके पर प्रस्तुत न करने पर सुधार नोटिस भी जारी किया गया। पी -01 ग्रेटर नोएडा स्थित जिओ मार्ट, पी-03 ग्रेटर नोएडा स्थित के0वी0 इंटरप्राइजेज व जेप्टो स्टोर, इटहेरा इकोटेक-04 स्थित ए एंड डी नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड, सेक्टर 128 नोएडा स्थित पी वाई डी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड (स्विगी स्टोर) , शाहदरा नोएडा स्थित जेप्टो के डार्क स्टोर, मथुरापुर ग्रेटर नोएडा स्थित पी जे टी जे टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड तथा तुगलपुर स्थित अमेजन स्टोर की चेकिंग की गई, सभी के पास मौके पर आवश्यक अभिलेख यथा कामगारों के स्वास्थ्य प्रमाणपत्र , पेस्ट कंट्रोल रिपोर्ट, एक्सपायरी डेट से खाद्य पदार्थों को स्टोर से कितने दिन पहले हटाया जाना है संबंधी एसओपी मौके पर प्रस्तुत न किए जाने पर सुधार नोटिस जारी किए गए । पी जे टी जे टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड से तिल के तेल का 01 नमूना भी लिया गया । इस प्रकार कुल 18 ऑनलाइन प्लेटफॉर्म वाले वेयरहाउस तथा स्टोरों की चेकिंग की गई, जिनमें से 16 को सुधार नोटिस जारी किए गए तथा 03 नमूनें लेकर जांच हेतु भेजे गए। सभी को सख्त चेतावनी दी गई सभी आवश्यक अभिलेख स्टोरों पर सुरक्षित रखें जाए और मांगने पर प्रस्तुत किए जाएं तथा खाद्य सुरक्षा संबंधी प्राविधानों का पालन करते हुए ही खाद्य सामिग्री प्राप्त करें व उपभोक्ताओं को सप्लाई करें। कार्यवाही में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र द्विवेदी व खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओमपाल सिंह, अमर बहादुर सरोज, मुकेश कुमार, विजय बहादुर पटेल, श्री रविंद्र नाथ वर्मा, विशाल गुप्ता एवं रितु सक्सेना शामिल रहीं। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार से जिलाधिकारी के निर्देशन में जांच अभियान संचालित करते हुए नमूने संग्रहित करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि जनपद वासियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध हो सके।

अवैध निर्माण पर चलेगा प्राधिकरण का बुलडोजर

हाजीपुर, सालारपुर और भंगेल के 46 खसरा नंबर चिह्नित

आज समाचार सेवा

नोएडा। नोएडा में अवैध निर्माण और जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ प्राधिकरण ने सख्त रुख अपनाया है। हाजीपुर, सालारपुर और भंगेल क्षेत्र में 46 खसरा नंबरों को चिह्नित कर संबंधित जमीनों पर निर्माण की वैधता को लेकर चेतावनी जारी की गई है। प्राधिकरण के अनुसार, इन भूखंडों पर भवन निर्माण के लिए स्वीकृत नक्शे उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में यहां बनी संपत्तियों में निवेश करने वाले लोगों को आर्थिक नुकसान और कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। नोएडा प्राधिकरण ने 24 अक्टूबर 2026 को चिह्नित भूखंडों और निर्माण स्थलों से संबंधित जानकारी सार्वजनिक की। साथ ही, लोगों को किसी भी संपत्ति की खरीद-बिक्री से पहले उसके स्वामित्व, भूमि के निर्धारित उपयोग और निर्माण संबंधी स्वीकृतियों की जांच करने की सलाह दी गई है। प्राधिकरण का उद्देश्य अनधिकृत निर्माण पर रोक लगाने के साथ ही संभावित खरीदारों को जोखिम से आगाह करना है। सीलिंग के बाद ध्वस्तीकरण की तैयारी

नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्ण करुणेश के अनुसार, चिह्नित स्थलों पर नियमों के उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत पहले संबंधित इमारतों को सील करने और उसके बाद नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई किए जाने की तैयारी है। इस अभियान की जिम्मेदारी प्राधिकरण के वर्क सर्कल-8 को सौंपी गई है।कार्रवाई के दायरे में ऐसे निर्माण शामिल हैं, जहां अधिग्रहित या अधिसूचित भूमि पर आवश्यक मंजूरी के बिना फ्लैट, दुकानें और व्यावसायिक परिसर विकसित किए गए हैं। ऐसे निर्माणों में संपत्ति खरीदने वालों के लिए स्वामित्व, इस्तेमाल और भविष्य में हस्तांतरण से जुड़ी समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

हाजीपुर में मॉल और अन्य संपत्तियां चिह्नित हाजीपुर गांव में स्टर्लिंग मॉल के पास स्थित एक अन्य मॉल को खसरा नंबर 412 के अंतर्गत चिह्नित किया गया है। इसके अलावा, लेन नंबर-8 में खसरा नंबर 247 और 250 पर स्थित संपत्तियां भी प्राधिकरण की निगरानी में हैं। इन स्थानों पर हुए निर्माण की वैधता की जांच और नियमानुसार कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

सालारपुर में आवासीय और व्यावसायिक निर्माण पर नजर सालारपुर गांव में सेक्टर-107 स्थित लोटस 300 और प्रतीक एडिफिस सोसायटियों के आगे और पीछे बने निर्माण भी प्राधिकरण की सूची में शामिल हैं। प्राधिकरण के अनुसार, इन क्षेत्रों में छोटे बिल्डरों द्वारा आवासीय इकाइयां विकसित की गई हैं, जिनके निर्माण में आवश्यक स्वीकृतियों को लेकर सवाल उठे हैं।

प्रतीक एडिफिस के पीछे स्थित खसरा नंबर 759, 760, 762, 763 और 764 की जमीन भी चिह्नित की गई है। बताया गया है कि यह भूमि पहले महर्षि आश्रम से संबंधित थी। इसके अलावा, सालारपुर में खसरा नंबर 217 पर स्थित एक व्यावसायिक संपत्ति को भी सूची में शामिल किया गया है।

भंगेल समेत तीन क्षेत्रों के 46 खसरा नंबरों पर कार्रवाई की तैयारी हाजीपुर और सालारपुर के अलावा भंगेल क्षेत्र में भी अनधिकृत निर्माण को लेकर प्राधिकरण ने निगरानी बढ़ाई है। तीनों क्षेत्रों के कुल 46 खसरा नंबरों को चिह्नित किया गया है। प्राधिकरण की चेतावनी के मुताबिक, संबंधित भूखंडों पर निर्माण की स्वीकृति की स्थिति स्पष्ट नहीं होने के कारण वहां मौजूद संपत्तियों की वैधता जांच के दायरे में है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। फ्लैट या दुकान खरीदने से पहले इन दस्तावेजों की करें जांच

प्राधिकरण की इस चेतावनी के बाद इन क्षेत्रों में संपत्ति खरीदने की योजना बना रहे लोगों के लिए सतर्कता बरतना जरूरी है। केवल बिल्डर के आश्वासन या विज्ञापन के आधार पर निवेश करने के बजाय खरीदारों को निम्नलिखित दस्तावेजों और जानकारियों की पुष्टि करनी चाहिए:

जमीन के स्वामित्व और खसरा नंबर से संबंधित अभिलेख।

भूमि का निर्धारित उपयोग और संबंधित प्राधिकरण की मंजूरी।

भवन निर्माण योजना का स्वीकृत नक्शा।

संपत्ति की कानूनी स्थिति और रजिस्ट्री से संबंधित दस्तावेज।

यदि किसी संपत्ति पर सीलिंग या ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होती है, तो खरीदारों को आर्थिक नुकसान के साथ कानूनी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए किसी भी भुगतान या रजिस्ट्री से पहले संबंधित दस्तावेजों की स्वतंत्र जांच कराना जरूरी है।

एक नज़र

पूर्व कर्मचारी पर लैपटॉप चुराने का आरोप

नोएडा। सेक्टर-दो में लोन देने वाली कंपनी कार्यालय से लैपटॉप चोरी चुराने का मामला सामने आया है। आरोप पूर्व कर्मचारी पर लगा है। कंपनी प्रबंधक ने आरोपी और उसके दोस्त के खिलाफ सोमवार को फेज-वन थाने में केस दर्ज कराया है। कंपनी के प्रबंधक अफजल अली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सेक्टर-दो में फिनटेक क्लाउड कंपनी का कार्यालय है। इसकी सहायक कंपनी डिजायर लोन का कार्यालय दिल्ली के कीर्ति नगर और खिचड़ीपुर में है। कंपनी प्रबंधन लोन देने का काम करता है। 23 अक्तूबर की सुबह करीब नौ बजे एक संदिग्ध कंपनी कार्यालय में आया। वह कार्यालय से दो लैपटॉप अपने बैग में रखकर ले गया।सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने पर पता चला कि चोरी करने वाला आरोपी बिहार के सुपौल के कदमपुरा का अजमतुल्लाह है। वह कार्यालय में पूर्व में काम करता था। इतना ही नहीं उसने अपने दोस्त शिवम के साथ मिलकर 19 अक्तूबर को कीर्ति नगर और 25 अक्तूबर को खिचड़ीपुर कार्यालय से दो-दो लैपटॉप चोरी किए। पुलिस से शिकायत की गई। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

दो किशोरियां घर से लापता

नोएडा। अलग-अलग थानाक्षेत्र से दो किशोरियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी जब दोनों के बारे में कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजनों ने संबंधित थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। सेक्टर-20 थाने में दी शिकायत में निठारी निवासी सविता ने बताया कि 17 अक्तूबर को शाम चार बजे के करीब उनकी 17 वर्षीय बेटी घर से कहीं चली गई। वह अभी तक घर नहीं लौटी है।

नोएडा मेट्रो की तकनीकी पहल से 500 करोड़ की संभावित बचत! राष्ट्रीय स्तर का सम्मान

आज समाचार सेवा

नोएडा। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (NMRC) को बुनियादी ढांचे की लागत कम करने और सिविल स्ट्रक्चर के डिजाइन को बेहतर बनाने की तकनीकी पहल के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित 19वें अर्बन मोबिलिटी इंडिया (UMI) कॉन्फ्रेंस एंड एक्सपो 2026 में NMRC को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। निगम के अनुसार, इस पहल से उसकी तीनों एक्वा लाइन विस्तार परियोजनाओं में लगभग 500 करोड़ रुपये की संभावित अतिरिक्त लागत को रोकने में मदद मिली है। तकनीकी आकलन से लागत कम करने की पहल

NMRC ने सिविल स्ट्रक्चर के डिजाइन संबंधी प्रावधानों की समीक्षा करते हुए उनके तकनीकी प्रभाव और परियोजनाओं की लागत का आकलन किया। इस पहल का उद्देश्य इंजीनियरिंग के ऐसे व्यावहारिक और किफायती तरीकों को बढ़ावा देना था, जिनसे बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता और दक्षता बनाए रखते हुए सार्वजनिक धन का बेहतर उपयोग किया जा सके।

निगम ने शुरुआती स्तर पर जियोटेक्निकल जांच कराई, ताकि संरचनाओं के डिजाइन पर पड़ने वाले प्रभावों का आकलन किया जा सके। इसके बाद आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) के साथ विचार-विमर्श के बाद इस आकलन का दायरा मेट्रो संरचनाओं से आगे बढ़ाकर भवनों की संरचनाओं तक विस्तारित किया गया।तकनीकी आकलन और तुलनात्मक विश्लेषण के आधार पर NMRC ने अपने निष्कर्ष संबंधित तकनीकी एवं प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए। इसके बाद इस विषय पर राष्ट्रीय स्तर पर भी विचार किया गया।

NMRC के मुताबिक, इस तकनीकी पहल से उसकी तीनों एक्वा लाइन विस्तार परियोजनाओं में लगभग 500 करोड़ रुपये की संभावित लागत वृद्धि को रोकने में मदद मिली है। वहीं, इन तकनीकी निष्कर्षों को देश की अन्य मेट्रो रेल और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में भी लागू किया जा सकता है। निगम का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में इससे राष्ट्रीय स्तर पर हजारों करोड़ रुपये की संभावित लागत वृद्धि को रोकने में मदद मिल सकती है।

प्रोजेक्ट टीम के सामूहिक प्रयासों को मिला सम्मान

NMRC के प्रबंध निदेशक कृष्णा करुणेश के नामांकन पर कार्यकारी निदेशक क्रांति शेखर, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट्स) प्रदीप यादव, उप महाप्रबंधक (सिविल/प्रोजेक्ट्स) उज्ज्वल कुमार और प्रबंधक (सिविल/प्रोजेक्ट्स) सनी आर. गुप्ता ने परियोजना टीम के अन्य सदस्यों के साथ निगम की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त किया। इस सम्मान को NMRC की तकनीकी दक्षता, नवाचार और तथ्यों पर आधारित निर्णय लेने की कार्यप्रणाली की पहचान के रूप में देखा जा रहा है। निगम का कहना है कि ऐसी पहल सुरक्षित, कुशल, टिकाऊ और किफायती शहरी परिवहन व्यवस्था विकसित करने के साथ सार्वजनिक धन के विवेकपूर्ण उपयोग में भी योगदान देती हैं।

बाजार में सिंथेटिक मावा खपाया जा रहा

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। बिना दूध और मिठाइयों के त्योहार फीका है। बात करें दीवाली की तो इस त्योहार पर मिठाइयां विशेष आकर्षण होता है। त्योहार नजदीक आते ही अलग अलग तरह की मिठाई के लिए मावा की मांग बढ़ गई है। बाजार में मांग पूरी करने के लिए सिंथेटिक मावा खपाकर मिलावटखोर मुनाफा कमा रहे हैं। जगह-जगह भट्ठी लगाकर सूखा दूध पाउडर और रिफाइंड से मिलावटी मावा तैयार कर सस्ते दाम पर बेचा जा रहा है, जबकि शुद्ध मावा की कीमत बाजार में 420 रुपए प्रति किलोग्राम है। दीवाली पर एक-दूसरे को उपहार स्वरूप साज सज्जा के सामान के साथ ही मिठाइयां भेंट करने का पुराना चलन है। इसी के चलते बड़े पैमाने पर दूग्ध उत्पाद तैयार किए जाते हैं। त्योहार नजदीक आते ही अलग अलग तरह की मिठाइयां बननी शुरू हो गई हैं, लेकिन त्योहार की आढ़ में मुनाफाखोर मावे के स्थान पर मैदा, सूजी, शकरकंदी से बना मिलावटी मावा खपा रहे हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों के मुताबिक गौतमबुद्ध नगर में मावा उत्पादन यूनिट नहीं है। दुकानदार अलीगढ़ और दिल्ली से मावा की आपूर्ति करवा रहे हैं। जबकि कई दुकानदार चोरी छिपे भट्ठी लगाकर मिलावटी मावा तैयार कर मुनाफा कमा रहे हैं। ऐसे में मिलावटी मावा से बनी मिठाइयां सेहत बिगाड़ सकती है। जिले में त्योहारों पर 20 फीसदी तक दूध की मांग बढ़ जाती है, उसके बावजूद आपूर्ति पूरी नहीं होती। इसके लिए मिलावटखोर सक्रिय होकर दूध व दुग्ध से बने उत्पादों में जमकर मिलावट करते हैं। जिले की प्रतिवर्ष नमूनों की रिपोर्ट के आधार पर सबसे ज्यादा मिलावट दूध, मावा, पनीर व मिठाइयों में मिलती है।जिले की आबादी लगभग 30 लाख से अधिक आंकी जाती है। नोएडा और ग्रेनो में प्रतिदिन लगभग 12 लाख से 15 लाख लीटर दूध की सप्लाई (खपत) होती है। एक सर्वे के अनुसार आधे से अधिक परिवारों में रोजाना कम से कम 1.5 लीटर दूध की खपत होती है। अगर प्रति व्यक्ति औसत खपत (चाय, कॉफी, पनीर, दही और बच्चों के दूध को मिलाकर) लगभग 350 से 400 मिलीलीटर भी मानी जाए, तो यह आंकड़ा आसानी से 15 लाख लीटर प्रति दिन तक पहुंच जाता है। त्योहारी सीजन में यह मांग करीब 20 फीसदी तक बढ़ जाती है।

दिल्ली की रैली में विकास जैन के नेतृत्व में सैकड़ों व्यापारी शामिल

आज समाचार सेवा

नोएडा। दिल्ली में ज्ञानेश कुमार के समर्थन में आयोजित रैली और धरना-प्रदर्शन में नोएडा के सैकड़ों व्यापारियों ने हिस्सा लिया। उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन के नेतृत्व में पहुंचे व्यापारियों के साथ वैश्य समाज, पोरवाल समाज और अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। कार्यक्रम में महिलाओं, युवतियों और साधु-संतों की भागीदारी भी देखने को मिली। बिरला मंदिर से तालकटोरा स्टेडियम तक निकाली गई रैली में राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक एकता, स्वदेशी व्यापार और भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने जैसे मुद्दे उठाए गए। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान गोयल और चांदनी चौक की पार्षद सुमन गुप्ता सहित कई लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने राष्ट्रीय हितों से जुड़े विषयों पर जागरूकता बढ़ाने और आर्थिक आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। विकास जैन ने अपने संबोधन में व्यापारियों के हितों की रक्षा और देश की आर्थिक मजबूती में व्यापारी वर्ग की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कांग्रेस और अरविंद केजरीवाल की राजनीति पर भी सवाल उठाए। इस दौरान उन्होंने दोनों के लिए विवादास्पद शब्द का इस्तेमाल किया और राजनीतिक दलों की जवाबदेही तय करने की बात कही।

रैली में उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के चेयरमैन नवनीत गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष निखिल अग्रवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष अंकुर बंसल, अमित गोयल, सचिन गोयल, राजेश जिंदल, शिवा चौहान, मनीष शर्मा और शक्ति सिंह सहित संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।कार्यक्रम के समापन पर विकास जैन ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल व्यापारियों के हितों, सामाजिक सरोकारों और राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर आगे भी सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा।

मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार, 10 मोबाइल फोन मिले

आज समाचार सेवा

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-24 थाना पुलिस ने मोबाइल चोरी और छिनैती के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों के पास से अलग-अलग कंपनियों के 10 मोबाइल फोन, 3 हजार रुपये और तीन अवैध चाकू बरामद हुए हैं। आरोपी दिल्ली-एनसीआर में भीड़भाड़ वाली जगहों पर लोगों की जेब से मोबाइल चोरी करने के साथ राह चलते लोगों से फोन छीनने की वारदात करते थे। पुलिस ने रविवार को नोएडा स्टेडियम के गेट नंबर-4 के पास चेकिंग के दौरान तीनों को पकड़ा। आरोपियों की पहचान दिल्ली के पुरानी दिल्ली निवासी विक्की (43), सीलमपुर निवासी जाकिर (48) और गाजियाबाद के साहिबाबाद निवासी मोहम्मद जाकिर (38) के रूप में हुई है। पुलिस अब बरामद मोबाइल फोन के मालिकों का पता लगाने और आरोपियों से जुड़ी अन्य वारदात की जानकारी जुटाने में लगी है।

एडीसीपी अभय कुमार मिश्र के मुताबिक, सेक्टर-24 थाना पुलिस की टीम नोएडा स्टेडियम के गेट नंबर-4 के पास संदिग्ध लोगों और वाहनों की जांच कर रही थी।

इसी दौरान मोदी मॉल की तरफ से तीन लोग पैदल आते दिखाई दिए। पुलिस को चेकिंग करते देखकर तीनों पीछे मुड़ गए और तेजी से दूसरी तरफ जाने लगे। उनकी इस हरकत पर पुलिस को शक हुआ। इसके बाद टीम ने घेराबंदी कर तीनों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से 10 मोबाइल फोन और तीन चाकू बरामद हुए। पुलिस ने तीनों से पूछताछ की, जिसमें मोबाइल चोरी और छिनैती से जुड़ी जानकारी सामने आई। पुलिस बरामद सामान के आधार पर आरोपियों की गतिविधियों और अन्य मामलों में उनकी संभावित संलिप्तता की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, विक्की के पास से पांच मोबाइल फोन और 2 हजार रुपये बरामद हुए। दूसरे आरोपी जाकिर के पास से तीन मोबाइल फोन और एक हजार रुपये मिले, जबकि मोहम्मद जाकिर के पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। इस तरह तीनों के पास से कुल 10 मोबाइल फोन और 3 हजार रुपये मिले हैं। इसके अलावा तीन अवैध चाकू भी बरामद किए गए। पुलिस का कहना है कि आरोपी दिल्ली-एनसीआर में भीड़भाड़ वाले इलाकों में लोगों को निशाना बनाते थे।

कैफे अग्निकांडः साहिल की मौत पर संचालक और ठेकेदार की जांच

आज समाचार सेवा

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-126 में एमिटी कॉलेज के पास स्थित एक कैफे में लगी आग में 24 वर्षीय साहिल शर्मा की मौत के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। मृतक के पिता दिलीप चंद की शिकायत पर पुलिस ने 25 अक्टूबर को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिवार ने हादसे के लिए जिम्मेदार परिस्थितियों की जांच करने और कैफे संचालक, ठेकेदार सहित संबंधित लोगों की भूमिका तय करने की मांग की है। यह हादसा 24 अक्टूबर की दोपहर रायपुर गांव में हुआ था। कैफे के फूड स्टॉल पर निर्माण, मरम्मत और फिनिशिंग का काम चल रहा था। इसी दौरान अचानक आग लग गई, जिसने आसपास की चार अन्य अस्थायी दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग के बीच छह छोटे गैस सिलेंडर फटने से स्थिति और गंभीर हो गई। इस दौरान साहिल आग और धुएं की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया।

सुरक्षा इंतजामों में लापरवाही का आरोप साहिल के पिता दिलीप चंद ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि निर्माण और बिजली फिटिंग के काम के दौरान जरूरी सुरक्षा उपायों का पर्याप्त ध्यान नहीं रखा गया। उनका कहना है कि हादसे के कारणों और कार्यस्थल पर मौजूद सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की जानी चाहिए।परिवार ने कैफे संचालक, ठेकेदार और निर्माण कार्य से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की पड़ताल कर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। हालांकि, सुरक्षा मानकों में लापरवाही हुई या नहीं, इसकी पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। छह दमकल गाड़ियों ने पाया आग पर काबू आग लगने की सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की छह गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। अग्निशमन कर्मियों ने करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद लगभग एक घंटे तक बचाव अभियान चलाया गया। इसी दौरान पुलिस को साहिल बेहोशी की हालत में मिला। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच के बाद तय होगी जिम्मेदारी पुलिस ने पिता की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच में आग लगने की परिस्थितियों, निर्माण और बिजली फिटिंग के दौरान अपनाए गए सुरक्षा उपायों तथा कैफे संचालक और ठेकेदार की संभावित भूमिका की पड़ताल की जा रही है। फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारण और हादसे के लिए जिम्मेदार पक्षों को लेकर अंतिम निष्कर्ष सामने नहीं आया है। जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि घटना के पीछे क्या परिस्थितियां थीं और क्या किसी स्तर पर लापरवाही हुई थी।

बायोडायवर्सिटी पार्क में पेड़ों की कटाई का मामला दर्ज

आज समाचार सेवा

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-91 स्थित बायोडायवर्सिटी पार्क में विकसित किए जा रहे डियर पार्क में चार पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया है। पर्यावरण संरक्षण से जुड़े इस मामले में पर्यावरणविद् विक्रांत तोंगड़ की शिकायत के बाद वन विभाग ने जांच की, जिसमें कैजुरीना प्रजाति के चार पेड़ों की कटाई की पुष्टि हुई। मामले को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम, 1976 के तहत केस दर्ज किया है। साथ ही, संबंधित आरोपी को नोटिस जारी कर उससे जवाब मांगा गया है।

यह मामला ऐसे समय में सामने आया है, जब नोएडा में हरित क्षेत्रों के विस्तार और वन्यजीवों के लिए प्राकृतिक वातावरण तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है। डियर पार्क को हरियाली से समृद्ध बनाने के लिए हजारों पेड़ लगाने की योजना है। ऐसे में निर्माणाधीन परियोजना के परिसर में पेड़ों की कटाई ने पर्यावरण संरक्षण और विकास कार्यों के बीच संतुलन को लेकर सवाल खड़े किए हैं। वन विभाग की जांच में चार पेड़ों की कटाई की पुष्टि प्राप्त जानकारी के अनुसार, वन दरोगा शनि गौतम ने 6 अक्टूबर 2026 को इस मामले की जांच की थी। जांच के दौरान सेक्टर-91 स्थित बायोडायवर्सिटी पार्क के डियर पार्क क्षेत्र में कैजुरीना प्रजाति के चार पेड़ काटे जाने की जानकारी सामने आई। इसके बाद वन विभाग ने दादरी रेंज में केस संख्या 53/2026-27 दर्ज किया।विभाग ने संबंधित आरोपी को नोटिस जारी कर मामले में उसका पक्ष जानने के लिए जवाब मांगा है। फिलहाल प्रकरण में आगे की कार्रवाई की जा रही है। हालांकि, उपलब्ध जानकारी में पेड़ों की कटाई के पीछे की वजह, आरोपी का पक्ष और वन विभाग की आगामी कार्रवाई को लेकर विस्तृत विवरण सामने नहीं आया है। डियर पार्क में 3,490 पेड़ लगाने की तैयारी सेक्टर-91 में विकसित किए जा रहे डियर पार्क का उद्देश्य हिरणों समेत अन्य वन्यजीवों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना है। इसके लिए पार्क में कुल 3,490 पेड़ लगाने की योजना तैयार की गई है। खास बात यह है कि पौधों को सीधे पार्क में लगाने के बजाय पहले नर्सरी में विकसित किया जाएगा।

योजना के मुताबिक, जब पौधे लगभग 18 से 20 फीट की ऊंचाई तक पहुंच जाएंगे, तब उन्हें पार्क परिसर में लगाया जाएगा। प्रस्तावित पौधरोपण में पिलखन, मौलश्री, पाकड़, अशोक, सेमल और कदम जैसी विभिन्न प्रजातियों को शामिल किया गया है। इन पेड़ों से पार्क में छायादार क्षेत्र विकसित करने और वन्यजीवों के लिए अधिक प्राकृतिक परिवेश तैयार करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

नोएडा के बायोडायवर्सिटी पार्क परिसर में लगभग 30 एकड़ क्षेत्र में डियर पार्क विकसित किया जा रहा है। परियोजना के तहत वन्यजीवों के लिए 12 छोटे-बड़े बाड़े बनाए जा रहे हैं, जिनमें से नौ का निर्माण पूरा हो चुका है। प्रत्येक बाड़े में लगभग 18 से 20 पौधे लगाने की योजना है, ताकि वहां पर्याप्त हरियाली और छाया उपलब्ध हो सके। इस परियोजना पर करीब 40 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। योजना के अनुसार, डियर पार्क में कुल 99 वन्यजीवों को रखने की व्यवस्था की जाएगी। वन्यजीवों के लिए बेहतर आवास तैयार करने के उद्देश्य से बाड़ों के निर्माण के साथ-साथ पौधरोपण और हरित क्षेत्र विकसित करने पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

विकास कार्यों के साथ पेड़ों का संरक्षण भी अहम

डियर पार्क जैसी परियोजनाएं शहरी क्षेत्र में वन्यजीवों के लिए स्थान विकसित करने और हरित क्षेत्र बढ़ाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जाती हैं। हालांकि, ऐसी परियोजनाओं में मौजूदा पेड़ों का संरक्षण, निर्माण गतिविधियों की निगरानी और पर्यावरणीय नियमों का पालन भी उतना ही आवश्यक है।

सेक्टर-91 में चार कैजुरीना पेड़ों की कटाई के मामले में वन विभाग की कार्रवाई अब आगे की जांच और संबंधित पक्ष के जवाब पर निर्भर करेगी। यह भी महत्वपूर्ण होगा कि डियर पार्क के विकास के दौरान मौजूदा हरियाली को सुरक्षित रखने और प्रस्तावित पौधरोपण को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं। फिलहाल, वन विभाग ने मामला दर्ज कर नोटिस जारी किया है। आगे की कार्रवाई से यह स्पष्ट होगा कि पेड़ों की कटाई किन परिस्थितियों में हुई और इस मामले में संबंधित व्यक्ति की जिम्मेदारी क्या निर्धारित की जाती है।